राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक – पद्मश्री मुनि जिनविजय, पुरातत्त्वाचार्य,


[सम्मान्य सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

ग्रन्थाङ्क ८३

महेसदास राव कृत

बिन्हैरासौ

[बादशाह शाहजहाँ के शाहजादों के युद्धों का वर्णन]



प्र का श क

राजस्थान राज्य संस्थापित

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE, JODHPUR

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक—पद्मश्री मुनि जिनविजय, पुरातत्त्वाचार्य

[सम्मान्य सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर]

ग्रन्थाङ्क ८३

महेसदास राव कृत

बिन्हैरासौ

(बादशाह शाहजहाँ के शाहजादों के युद्धों का वर्णन)

प्रकाशक

राजस्थान राज्य संस्थापित

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE, JODHPUR.

जोधपुर (राजस्थान)

१९६६ ई०

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यत: अखिलभारतीय तथा विशेषत: राजस्थानदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी आदि भाषानिबद्ध
विविधवाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्ट-ग्रन्थावली

प्रधान सम्पादक

पद्मश्री मुनि जिनविजय, पुरातत्त्वाचार्य

सम्मान्य संचालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर;
ऑनरेरि मेम्बर ऑफ जर्मन ओरिएन्टल सोसाइटी, जर्मनी;
निवृत्त सम्मान्य नियामक (ऑनरेरि डायरेक्टर),
भारतीय विद्याभवन, बम्बई; प्रधान सम्पादक,
सिंघी जैन ग्रन्थमाला, इत्यादि

ग्रन्थाङ्क ८३

महेसदास राव कृत

बिन्हैरासौ

[बादशाह शाहजहाँ के शाहजादों के युद्धों का वर्णन]

प्रकाशक

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

१९६६ ई०

महेसदास राव कृत

बिन्हैरासौ

[बादशाह शाहजहाँ के शाहजादों के युद्धों का वर्णन]

कवि की अन्य कृतियों, परिशिष्ट एवं विस्तृत भूमिका सहित

श्री सौभाग्यसिंह शेखावत

अनुसन्धान-सहायक

राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर

द्वारा सम्पादित

प्रकाशनकर्ता

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

विक्रमाब्द २०२२ | भारतराष्ट्रीय शकाब्द १८८७ | ख्रिस्ताब्द १९६६

प्रथमावृत्ति १००० | मूल्य– ६.७५

मुद्रक– हरिप्रसाद पारीक, साधना प्रेस, जोधपुर

विषय - सूची

सञ्चालकीय वक्तव्य

भारत में मुगल-साम्राज्य की जड़ों को पक्का करने में राजस्थान की तत्कालीन रियासतों के राजाओं का बड़ा हाथ रहा है। इन राजाओं के भाई-बेटे, सामंत और सामान्य राजपूत परिवार भी उनके साथ साम्राज्य की रक्षा और उसके विस्तार के प्रयत्नों में जी-जान से सहयोग देते थे। इन लोगों में आपसी रूप में पद, ख्याति, दरबारी मनसब और आभिजात्य को लेकर तो मन-मुटाव और एक दूसरे को नीचे दिखाने की अहमहमिका बनी रहती थी और हर एक अपने को अन्य से वरिष्ठ प्रमाणित करने के लिए अवसर की ताक लगाये बैठा रहता था, परन्तु जहां साम्राज्य संबंधी या सम्राटों के वैयक्तिक जीवन तथा पारिवारिक प्रश्न उपस्थित होते थे उनमें ये लोग समान रूप से साम्राज्य का ही साथ देने के लिए होड़ लगाते थे। युद्धों में जाने के लिए एक से एक आगे बढ़ कर उपस्थित होता था और शाही-परिवार में भी कभी आपसी कलह का प्रसंग आता तो ये लोग उन्हीं में से एक या दूसरे पक्ष को अपना कर उसी का हित-साधन करने के लिए अपनी सहज रण-कण्डू का निर्वापन किया करते थे। ऐसे अवसरों पर जिन नायकों का चरित्र ऊंचा उभर आता था उनको शाही इतिहास-लेखक भी अपने विवरणों में प्रमुख स्थान देते थे और बादशाह भी उन्हें यथावसर मनसब, खिलअत और जागीरें आदि देकर सम्मानित करते थे। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि कुछ राजाओं की शक्ति और रुतबा इतना बढ़ गया था कि बादशाह के घराने को उनके घरानों से मान प्राप्त होने लगा था।

सम्राटों, उनके वजीरों, सेनानायकों और अन्य बड़े अधिकारियों के कार्यों और सुयश को तो दरबारी इतिहास लेखक या उनकी मजलिसों के कवि, शायर और चारण, भाट आदि चिरस्थायी करने के प्रयत्न करते थे और उनकी कृतियां भी यथानुरूप प्रसिद्धि में आती चली गई थीं परन्तु, जैसा कि सभी जानते हैं, प्यादे लड़ते हैं और बख्शी का नाम होता है, जो वास्तव में रणक्षेत्र में लड़ने वाले राजपूत क्षत्रिय सैनिक अपना अदम्य उत्साह और शौर्य प्रदर्शित करते थे उनकी कीर्ति-गाथा को स्थिर करने के लिए उनके वंश-भाट और चारण या फिर कोई लड़ाई के मैदान में आंखों देखे हाल को लिपिबद्ध करने वाला समीक्षक ही किसी न किसी रूप में स्थिर रूप देता था। ऐसे ही विवरणों के फलस्वरूप कितनी ही लघु वचनिकाओं, रासों, ख्यातों और बातों का निर्माण हुआ

है जो बहुत कम प्रसिद्धि में आ सके और कोई-कोई तो रचयिता के परिवार में ही पड़ा नष्ट हो गया अथवा हाथों-हाथ उतर कर कहीं का कहीं पहुँच गया, खंडित हो गया या फिर किसी ने उसमें अपनी बुद्धि लगा कर जोड़-तोड़ कर मूल रूप से भिन्नता ला कर उसे घटा बढ़ा दिंया, इत्यादि । परन्तु निःसन्देह ऐसी रचनाएं जब उपलब्ध हो जाती हैं और उनका अनुशीलन किया जाता है तो कितने ही ऐसे कुलों और शूरवीरों का पता चलता है कि जिनके वीर कार्यों ने घटनाओं को निर्णायक मोड़ दिए हैं और इतिहास निर्माण में जिनका पूरा दायित्व रहा है। यह बात दूसरी है कि कारणान्तर से श्रेय किसी और को मिला हो ।

राव महेशदास कृत 'बिन्हैरासो' भी ऐसी ही रचना है जिसका मुख्य विषय तो गद्दी के लिए बादशाह शाहजहां के पुत्रों की लड़ाई का है परन्तु कवि का उद्देश्य अपने आश्रयदाता राजगढ़ के शासक अर्जुन गौड़ की वीरता और रण-कौशल का गुण-गान करना है। प्रसंगवश उसने इस संबंध में हुई तीनों ही लड़ाइयों का वर्णन किया है परन्तु जिस रुचि और ओज के साथ उज्जयिनी युद्ध का विवरण दिया गया है, जिसमें अर्जुन गौड़ वीर गति को प्राप्त हुआ था, उससे कवि का झुकाव और उद्देश्य प्रत्यक्ष ही स्पष्ट हो जाता है। ऐसा ही खिड़िया जगा की राव रतनसिंह महेसदासोत की वचनिका में हुआ है जिसमें आधार तो शाहजादों का युद्ध ही है परन्तु कवि का अभीष्ट राव रतनसिंह की यशोगाथा को चिरंजीवी करने का है ।

प्रस्तुत 'बिन्हैरासो' ब्रजभाषा प्रभावित डिंगल की, जिसको कि राजस्थानी ही मानना चाहिए, एक अज्ञात कृति है। इसकी एकमात्र उपलब्ध प्रति लेकर जब जोधपुर स्थित राजस्थानी शोध संस्थान के संचालक डा० नारायणसिंहजी भाटी और उनके शोध सहायक श्री सौभाग्यसिंहजी शेखावत आए और हमको पाण्डुलिपि दिखाई तो इसको अद्यावधि अज्ञात, अप्रकाशित और भाषा एवं कितने ही ऐतिहासिक मुद्दों और तिथियों का हल करने योग्य समझ कर हमने राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला में इसके प्रकाशन को समुचित माना और श्री सौभाग्यसिंहजी शेखावत को ही जो इसका रुचिपूर्वक अध्ययन कर रहे थे संपादन-भार सौंप दिया। इन्होंने बहुत योग्यता पूर्वक, इस रचना की एक ही प्रति उपलब्ध होते हुए भी पदच्छेद और अर्थानुसंधान की संगति बैठा कर पाठ संपादन किया है, तथा शब्दार्थ और संदर्भ खोलने के भी अधिकाधिक प्रयास किये हैं। साथ ही परिशिष्ट में गौड़ों की वंशावली, ऐतिहासिक टिप्पणियां व नामानुक्रमणिका देकर पुस्तक को बहुत उपयोगी बना दिया है। इसके अतिरिक्त उनकी अध्ययन-पूर्ण विस्तृत भूमिका में कवि और उसकी रचनाओं, प्रस्तुत रचना के साहित्यिक

और ऐतिहासिक विवेचन का यथाशक्य पूरा विवरण भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है ।

शाहजहां के शाहजादों के युद्धों के विषय में अन्य भी बहुत सी रचनाएं उपलब्ध होती हैं और इतिहास के विशेषज्ञों ने भी इस संघर्ष का ऐतिहासिक विश्लेषण करने में कोई कसर नहीं रखी है । प्रस्तुत रचना में इन युद्धों की तिथियां भी विक्रमी संवत् के अनुसार दी गई हैं । किसी-किसी इतिहास के विद्वान् द्वारा उल्लिखित तिथियों से संभवतः इनका मेल नहीं बैठता । विद्वान् संपादक का अनुमान है कि उज्जैनी युद्ध में राव महेशदास स्वयं प्रत्यक्षदर्शी रहा होगा । अतः यह विषय इतिहास संशोधकों के लिए संशोध्य और रुचिकर हो सकता है ।

विद्वान् संपादक ने ग्रंथ के नामकरण और इसकी अप्रसिद्धि के कारण पर भी अपनी भूमिका में प्रकाश डाला है और अनुमान किया है कि 'बिन्है' शब्द दो के लिए और 'रासो' युद्ध के लिए प्रयोग में आता है इसलिए कवि ने इसे 'बिन्हैरासो' नाम दिया होगा क्योंकि इसमें आरम्भ में उज्जैनी और धौलपुर के दो युद्धों का वर्णन करने का ही विचार रहा होगा, इत्यादि । अथवा "अपने वीर आश्रयदाताओं के यश का विनय-पूर्वक प्रसारण करने के लिए ग्रंथ का नाम 'बिन्है रासो' रखा गया हो तो भी युक्ति-संगत है ।" परन्तु, हमें प्रथम अनुमान ही अधिक संगत लगता है । बिन्है शब्द प्रायः कवि ने 'दो' के अर्थ में ही प्रयुक्त किया है और आरम्भ में भी ग्रन्थ का परिचय देते हुए प्रकट किया है—

"पिता पूत दळ द्वै जुड़ै, भिन भिन वरणौं ताय"

(पृष्ठ १ पद्य २)

पिता और पुत्रों के दोनों दलों में यह युद्ध हुआ जिसका भिन्न-भिन्न रूप में इस ग्रन्थ में वर्णन हुआ है । दो दलों के युद्धों का वर्णन होने के कारण ही इसका नाम "बिन्हैरासो" है । अन्यत्र भी कई स्थलों पर "बिन्है" व "दुहूँ" "दुई" आदि शब्दों का प्रयोग हुआ है । यथा—

"दसयेक घड़ी चढतै दिवस, दळां साहि चढिया दुई"

(पृष्ठ १२३ पद्य ३२)

"मिळि दीठि दीठि वहूं दळां मद्धि"

(पृष्ठ १२५ पद्य ३७)

"साहि बिन्है घर संधि, कोट काबली करारै"

(पृष्ठ १०६ पद्य ११)

"फतै पाय मोटो बिन्है साहि फूलै"

(पृष्ठ १०३ पद्य २०३)

श्री सौभाग्यसिंह जी शेखावत एक अध्ययनशील विद्वान् हैं। इनकी रुचि और योग्यता का जो उपयोग इन्होंने इस पुस्तक के संपादन में किया है और एतद् द्वारा राजस्थानी भाषा एवं कतिपय ऐतिहासिक तथ्यों का उद्घाटन तथा इतिहास में अप्रसिद्ध कतिपय वीरों और उनके कुलों के परिचय का उद्धार हुआ है उसके लिए ये हमारी ओर से बधाई के पात्र हैं। आशा है ये अपने अध्ययन और शोध में गतिशील होकर भविष्य में भी इसी प्रकार शोधकर्त्ताओं को उपकृत करते रहेंगे।

इस पुस्तक के प्रकाशन में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से 'हिंदीतर आधुनिक भारतीय भाषाओं की विकास योजना—राजस्थानी' के अन्तर्गत व्यय का कतिपय अंश अनुदान के रूप में प्राप्त हुआ है तदर्थ हम उक्त मंत्रालय के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करते हैं।

राजस्थान पुरातन ग्रंथ-माला के ८३वें ग्रंथांक रूप में प्रकाशित इस रचना से विद्वानों को संतोष और आमोद प्राप्त होगा, ऐसी हमारी आशा है।

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान
जोधपुर
७-२-६६

मुनि जिनविजय
सम्मान्य सञ्चालक

भूमिका

राजस्थान में जितना विशाल साहित्य डिंगल तथा पिंगल भाषाओं में लिखा गया है, उसका बहुत थोड़ा अंश प्रकाशित होकर विद्वानों के हाथों में पहुँचा है। अनेक महत्त्वपूर्ण कवि और कृतियाँ अभी तक अज्ञात हैं। प्रस्तुत कृति बिन्हैरासो और उसका कर्त्ता महेशदास राव दोनों अद्यावधि अज्ञात थे। यद्यपि यह कृति अपने आप में साहित्यिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से एक महत्त्वपूर्ण कृति है और इसका कर्त्ता एक प्रतिभावान् कवि रहा है। अतः इस कृति की ऐतिहासिक और साहित्यिक महत्ता पर प्रकाश डालने से पहले हम इसके कर्त्ता के सम्बन्ध में प्राप्त साधनों के आधार पर आवश्यक जानकारी प्रस्तुत कर रहे हैं।

कवि-वंश परिचय

राजस्थानी-साहित्य-सर्जक जातियों में चारणों और रावों का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। चारण-समाज के कवियों ने अधिकतर डिंगल भाषा में काव्य-रचना की है और राव जाति के कवियों ने पिंगल में। राव कवियों की रचना-प्रवृत्ति वीररस के स्थान पर श्रृङ्गाररस की ओर अधिक रही है। पर जिन राव कवियों ने डिंगल भाषा में वीररसात्मक काव्य का सर्जन किया है, उनकी कृतियाँ डिंगल के अन्य जातीय श्रेष्ठ कवियों की रचनाओं की भली प्रकार समता करने में सक्षम हैं। राव कवियों की कलाकृतियों का अवलोकन करने से एक बात और जान पड़ती है कि उनका काव्याध्ययन; नियमित, व्यवस्थाबद्ध और काव्यशास्त्रीय पद्धतियों के अनुकूल हुआ था। यही कारण है कि अन्य जातीय कवियों के प्राचीन ग्रंथों में लिपि की जैसी और जितनी असावधानियाँ मिलती हैं, उतनी राव कवियों की रचनाओं में नहीं मिलतीं।

राजस्थान में रावों को ब्रह्मभट्ट अथवा भाट भी कहते हैं। संभवतया भाट शब्द भट्ट का ही विकृत रूप है। राजस्थान के कई भागों में पीढ़ियाँ लिखने वाले और वंशावलियाँ लिपिबद्ध कर सुरक्षित रखने वाले बड़वों और वहीबंचों को भी भाट सम्बोधन से पुकारा जाता है। किन्तु ब्रह्मभट्ट, राव और काव्यकार भाट जाति, उन भाटों से अपने आपको सर्वथा अलग और श्रेष्ठ मानती है। यह जाति चारणों की भाँति ही एक काव्योपजीवी जाति है और उनके समान

ही राजपूत जाति के अतिरिक्त अन्य जातियों से दान आदि की याचना नहीं करती। राजपूत समाज भी इन दोनों जातियों का बड़ा सम्मान रखता है और चारण कवियों को कविराज और राव कवियों को कविराव के आदरणीय सम्बोधन से बतलाते हैं। वैसे इन दोनों ही कवि-जातियों की गणना 'षट्दर्शनों' में होती है, जो शासक और प्रजा दोनों ही के लिए पूज्य रहे हैं।

रावों अथवा भाटों की बारह शाखाएं प्रसिद्ध हैं। उन बारह शाखाओं में 'लाखनौत' भी एक शाखा कहलाती है। लाखनौत शाखा वाले राव अपना उत्पत्ति सम्बन्ध गौड़ शाखा के चन्द्रवंशी क्षत्रियों से प्रकट करते हैं। उनका कथन है कि खिलजी वंश के प्रसिद्ध बादशाह अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल में पूर्व दिशा से पाँच गौड़ क्षत्रिय भ्राता राज्य-च्युत हो कर राजस्थान की ओर आए थे। उनके नाम वामनदेव, वच्छराज, हृदयचंद, रणसीं और उदयसीं थे। उन्होंने राजस्थान में अजमेर-मेरवाड़ा और सांभर के समीपस्थ भूभाग पर आधिपत्य स्थापित कर अपना निवासस्थान बनाया। राज्य-संस्थापन के उस संघर्ष में रणसीं और उदयसीं दो भ्राता तो मारे गए और वामनदेव, वच्छराज तथा हृदयचंद जीवित रहे, जिन्होंने ऊपर कथित भूप्रांत पर शासन किया। कालान्तर में अजमेर और सांभर तो उनके अधिकार से निकल गए और अब उनकी संतति के निवास में राजगढ़, शिवपुर बड़ौदा, और मारवाड़ के मारोठ परगने के गांवों और कोटा-बूंदी के गांवों में कहीं-कहीं 'छड़े-बीछड़े' परिवार रह गए हैं।

उन पांचों भ्राताओं में वच्छराज बड़ा प्रतापी, वीर और उदार शासक हुआ। उसने अजमेर को अपनी राजधानी बना कर शासन किया। उसकी उदारता और वदान्यता राजस्थान में आज भी काव्य-श्रुतियों के रूप में प्रचलित है।[१] उससे छोटे वामनदेव ने मारवाड़ प्रदेश के नागौर जिले के मारोठ परगने पर आधिपत्य स्थापित किया; तब से उस भाग का नाम गौड़ावाटी प्रचलित हुआ। कविराजा बांकीदास ने अपनी ख्यात में वामनदेव को पृथ्वीराज चौहान का बहनोई लिखा है और उसी के द्वारा वामन को अजमेर प्रान्त दिये जाने का जिक्र किया है।[२] गौड़ावाटी भूभाग पर गौड़ क्षत्रियों का लगभग पाँचसौ वर्षों तक शासन रहा। इस अवधि में गौड़ों और कछवाहों की शेखावत शाखा तथा गौड़ों और राव

---

[१] दीधो अड़व पसाव दत, वीर गौड़ बछराज।
गढ़ अजमेर सुमेर जिम, ऊंचौ दीसे आज॥

[२] बांकीदास री ख्यात, सं० नरोत्तमदास स्वामी, पृ. १६६

मालदेव जोधपुर की सेनाओं के मध्य एक-दो बार भयानक संघर्ष भी हुए, पर गौड़ों की संगठित शक्ति और शेरशाह सूरी के मारवाड़ पर आक्रमण के कारण राव मालदेव का अधिकार स्थायित्व प्राप्त नहीं कर पाया। बादशाह शाहजहाँ के शासनकाल में गौड़ों का प्रताप-रवि पूरे प्रभाव से तपा जो उसकी अस्वस्थता के कारण संवत् १७१५ विक्रमी में जब शाहजादा औरंगजेब उज्जैन और धौलपुर के रणक्षेत्रों में शाही सेना को परास्त कर दिल्ली के सिंहासन पर आरूढ़ हुआ, तब अस्त हुआ। औरंगजेब ने बादशाह बनने के बाद अपने सैनिक पक्ष को सबल बनाने तथा दाराशिकोह और बादशाह शाहजहाँ के पक्ष को निर्बल करने तथा उपर्युक्त युद्धों के प्रतिपक्षी योद्धाओं से प्रतिशोध लेने के उद्देश्य से उनके मनसब तथा जागीरें जप्त कीं। साथ ही अपने समर्थक योद्धाओं को वे ही जागीरें प्रदान कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का उपक्रम किया। उपर्यंकित दोनों युद्धों में औरंगजेब और मुराद के पक्ष में राठौड़ों की दूदावत (मेड़तिया) शाखा के सांवलदास का पुत्र रघुनाथसिंह राठौड़ भी उनकी सेना में रह कर लड़ा था। उसके बाद के शाहशुजा और दाराशिकोह के विरुद्ध लड़े गए युद्धों में भी वह अनवरत औरंगजेब का सहायक बना रहा। फलस्वरूप बादशाह बनने के बाद औरंगजेब ने संवत् १७१७ वि० में गौड़ावाटी का भूभाग रघुनाथसिंह मेड़तिया को प्रदान किया। रघुनाथसिंह अपनी अकेली शक्ति से गौड़ों पर काबू न पा सका। तब उसने अपने ननिहाल और ससुराल पक्ष के लाडखानी (शेखावत) तथा राजावत कछवाहों की सशर्त सैनिक सहायता प्राप्त कर गौड़ावाटी पर अपना अधिकार स्थापित किया।[1] इस प्रकार गौड़ावाटी की पराजय के साथ वामनदेव के वंशजों की सैनिक शक्ति सदा के लिए समाप्त प्रायः हो गई।

उपर्युक्त वच्छराज और वामनदेव के अवशेष जीवित बंधु हृदयचंद के वंश में लाखन नाम का पुत्र हुआ। उस लाखन से रावों की लाखनवत अथवा लाखनौत शाखा का प्रचलन हुआ। कविराजा बांकीदास ने लाखन गौड़ के भाटों में मिल जाने का उल्लेख किया है।[2] राजस्थान में अनेक जातियों की उत्पत्ति के संबंध में इससे मिलती-जुलती कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी दशा में पुष्ट प्रमाणाभाव में यह तो नहीं कहा जा सकता कि इस कथा में कितना ऐतिहासिक तथ्य है, किन्तु इतना अवश्य माना जा सकता है कि लाखनौत रावों में अनेक विद्वान्, योद्धा

---

[1] राठौड़ों की ख्यात, राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर का संग्रह।

[2] लाखण गौड़ भाट हुवो जिणरे वंश रा लाखणोत भाट गोडां रा अतेसरी।
बांकीदास री ख्यात, सं० नरोत्तमदास स्वामी, पृ० १६५।

और राजसभाओं में प्रतिष्ठाप्राप्त व्यक्ति हुए हैं । इस शाखा वालों को अपने योग्य पूर्वजों के कारण ब्रह्मभट्ट समाज में भी यथेष्ट सम्मान और गौरव मिला है ।

लाखनौतों में जैसा कि ऊपर संकेत कर आए हैं, समय-समय पर अनेक विद्वान्, कवि, योद्धा और राजदरबारों में बैठक तथा सम्मान प्राप्त करने योग्य व्यक्ति हुए हैं । इन राज्यमान्य लाखनौतों में प्रस्तुत ग्रंथ बिन्हैरासो के कर्त्ता विद्वान् और कवि महेशदास के पिता बाघा अथवा बाघजी भी एक प्रसिद्धि-प्राप्त व्यक्ति थे । इनके दो और भाई थे, जिनके नाम भीखाजी और रामाजी थे[1] । बाघाजी आमेर नरेश राजा मानसिंह कछवाहा, राणा प्रतापसिंह मेवाड़ और नारायना के स्वामी राव खंगार कछवाहा के समकालीन थे । प्रसिद्धि है कि राजा मानसिंह ने हल्दीघाट के युद्ध में राणा प्रतापसिंह को पराजित कर उदयपुर की प्रसिद्ध झील पीछोला में अपने अश्व को पानी पिलाते समय गर्वोक्ति के साथ घोड़े को सम्बोधित कर कहा था—'हे अश्वराज ! इस सरोवर का निर्मल जल विजय प्राप्त कर आज या तो तूं ने ही पिया है या एक बार राव जोधा राठौड़ के घोड़े ने पिया था ।' यह दर्पोक्ति उसी की सेना के एक चारण कवि को सहन नहीं हुई और उसने अपने भावी लाभालाभ का विचार किए बिना ही राजा की भर्त्सना करते हुए वहीं एक दोहा कह सुनाया ।[2] चारण के उस अपमान-जनक दोहे पर रुष्ट होकर कछवाहा नरेश ने अपने राज्य के चारणों के सभी शासनिक गांव उनसे छीन लिए । उनमें से कई गांव अन्य जातियों के कवियों को प्रदान किये । राजा ने चारणों के उन गांवों में से एक ग्राम और लाखपसाव बाघा को भी देने का प्रस्ताव किया, लेकिन विवेकशील बाघा ने चारणों की उदक का गांव लेना स्वीकार नहीं किया । इस पर राजा मानसिंह और बाघा के भी दर्शन-व्यवहार नहीं रहा । बाघा ने चारणों की उदक से उतरा हुआ गांव लेने में अपना अपमान समझा और तब फिर वह भी एक दोहे द्वारा अपना विरोध प्रकट कर आमेर से चला गया ।[3] तदन्तर राजा मान-सिंह के ननिहाल श्रीनगर के पंचायण पंवार के आमात्य चतुर कवि किसना भादा

---

[1] स्वर्गीय कविराव मोहनसिंहजी उदयपुर द्वारा संकलित 'राव जाति का इतिहास' की सामग्री से ।

[2] माना मन अंजसे मती, अकबर बळ आयाह ।
जोवै जंगम आप रै, पांणां बळ पायाह ।।

[3] मांन नांव जांचूं नहीं, आही बाघ री टेक ।

ने मानसिंह को प्रसन्न कर चारणों को उनके गांव पुनः दिलवा कर उनका संकट मिटाया। पर बाघा तो मानसिंह नाम के किसी राजपूत का दान न लेने की प्रतिज्ञा कर चुका था, इसलिए वह अपने जीवन-काल में फिर आमेर नहीं गया। बाघा की इस निर्लोभिता, विवेक और साहसिक कार्य के कारण अपने समय के कवि समाज में बड़ा सम्मान बढ़ा। वह जैसा विवेकशील, विचारक, और मान-धनी था, उसी के अनुरूप स्पष्टभाषी और डिंगल-साहित्य का प्रौढ़ विद्वान भी था। यद्यपि राजा मानसिंह से उसकी अनबन हो चुकी थी, पर उसी के सजातीय और सहयोगी अन्य कछवाहा सामन्त योद्धाओं से उसका पूर्ववत ही मेल-मिलाप और सम्पर्क बराबर बना रहा।

कविराव बाघा की रचनाएँ प्रयत्न करने पर भी अच्छी संख्या में प्राप्त नहीं हुई हैं। हमारी अब तक की खोज में उसके रचित डिंगल भाषा के दो वीर गीत ही हमें उपलब्ध हुए हैं। प्राप्त गीतों में प्रथम गीत नरायना के स्वामी कछवाहों की खंगारोत शाखा के प्रवर्त्तक राव खंगार और राणा प्रतापसिंह के संवत् १६३३ वि० के खमनोर स्थान के युद्ध पर आधारित है। राव खंगार उस युद्ध में अपने सजातीय तत्कालीन प्रसिद्ध योद्धा राव लूनकर्ण शेखावत अमरसर, राजा माधवसिंह कछवाहा भानगढ़ और राजा मानसिंह आमेर सहित शाही सेना में नियुक्त था। कवि बाघा की भाषा, शैली और रचनाक्रम का अवलोकन करने के उद्देश्य से वह गीत यहां उद्धृत किया जाता है—

गीत

कळहणि करि थाट कळळ ऊकळतै, सौहड़ सिखरि पांव सजि सार।
औवड़ि रांण प्रताप ऊपरां, खमियौ खांडा धार खंगार॥
ऊतर अकळ अचळ घण ऊरड़, हूंकळ कळ बीजूजळ हांम।
माथै लोह निहसि मेवाड़ै, वूठौ जगड़ तणौ वरियांम॥
किरमर सेन कूंत कैलपुरा, मेह छेह अरि उर सिरमौर।
कळहणि रहचि किया कछवाहे, खळ डळ पळ चीखळ खमणौर॥

यद्यपि खमनोर (हल्दीघाट) के युद्ध में राणा प्रतापसिंह को पराजित होना पड़ा था, परन्तु अपार जन-धन की हानि उठा कर भी उन्होंने स्वाभिमान, कुल-गौरव और अपनी स्वतन्त्रता की कष्टसाध्य साधना की टेक को त्यागने की कभी कल्पना नहीं की। उनकी स्वतंत्रता तथा देश-भक्ति की उस उत्कट भावना ने जोधपुर के राव चन्द्रसेन, सिरोही के राव सुरतान देवड़ा और सिवाना के राव कल्ला राठौड़ प्रभृति कतिपय स्वतन्त्रता-प्रेमी राजाओं में भी साहस का संचार किया। राणा प्रतापसिंह की स्वतन्त्रता की गौरवमयी टेक

ने मुगल दरबार और बाहर के अनेक डिंगल कवियों को प्रभावित किया। फलस्वरूप तत्कालीन प्रसिद्ध कवि पृथ्वीराज राठौड़, दुरसा आढ़ा, माला सांदू आदि कवि उसके चरणों पर अपनी वाणी के शब्द-सुमन समर्पित कर पवित्र हुए हैं। हम पहिले लिख आए हैं कि कवि बाघा एक स्वाभिमानी व्यक्ति था, तब भला उस काल के एकमात्र स्वाधीन हिन्दू नरेश राणा प्रतापसिंह पर वह कुछ भी न लिखे, यह कैसे हो सकता था ? राणा के वीर चरित्र और स्वाधीनता के संघर्ष-शील प्रयास ने कवि बाघा को भी आकर्षित किया और उसने अपनी ओजपूर्ण भाषा में तलवार-बल से मेवाड़ की स्वतन्त्रता को सुरक्षित रखने का एक गीत लिख सुनाया—

गीत

खळ कटकां खळां सांवरत खांडी, खांडौ कदैन राखै खांप।
खांडावळि राखै खूंमांणै, प्रथमी खांडा तणै प्रताप ॥१॥
रवदां चूक अचूक रातड़ै, पळ नह रूक विछोड़ै पांण।
रूके कुम्भ कळोधर राखै, रेणां रूक तणी तिम रांण ॥२॥
सत्रहर सार अपार सुरंगे, जूटि सार घर राखण जोध।
सारि मारि राखै दस सहसौ, सार तणी अवनी सीसोध ॥३॥
असुरां रौळ चौळ व्रण आउध, आउध ग्रहि आतम अरियां।
आउध ध्रम धरती ऊदावत, आउध धारै ऊधरिया ॥४॥

उल्लिखित दोनों गीतों के माध्यम से कवि की भाषा, भाव-निर्वाह, उसके अध्ययन, विचारधारा और रचना-प्रणाली की यत्किंचित झलक हमें प्राप्त हो सकती है।

कवि बाघा के पांच पुत्र हुए जिनके नाम क्रमशः काशीदास, महेशदास, कल्याणदास, गंगादास और पोखरदास थे। बाघा अपने जीवन के संध्याकाल में तीर्थराज पुष्कर के सन्निकट अपने निवास-स्थान ग्राम खोहरी में ही स्थायी रूप से रहने लगा और उसी स्थान पर अपनी जीवन-लीला संवरण की। तब उसकी मृत्यु के पश्चात उसके पांचों योग्य पुत्र अपने भाग्य और काव्य-कौशल की परीक्षा करने के लिए प्रयत्नशील हुए। उनमें से सबसे बड़ा काशीदास राजा विट्ठलदास गौड़ के पुत्र राजा अनिरुद्धसिंह गौड़ के पास गया और अपनी काव्य-चातुरी से राजा को प्रसन्न कर शिवपुर बड़ौदा के पास जागीर प्राप्त की। काशीदास ने वहां पर अपने नाम पर काशीपुरा गांव आबाद किया। वह अपने जीवनकाल में राजा अनिरुद्धसिंह की सेवा में ही बना रहा। दूसरे पुत्र महेशदास ने राजा विट्ठलदास गौड़ के द्वितीय पुत्र, बादशाह शाहजहां के अत्यन्त विश्वासी

मनसबदार और दरबारी अर्जुन गौड़ की सेवा स्वीकार की। अर्जुन गौड ने महेशदास की काव्य-सेवाओं पर प्रसन्न होकर अपने राज्य राजगढ़ में महेशदास को जागीर और निवास के लिए हवेली प्रदान की। महेशदास ने राजगढ़ में एक बड़ा तालाब बनवाया और अपनी हवेली का सुधार कर उसके परकोट बनवाया। वह जलाशय और हवेली उसके वर्तमान वंशज श्री गोवर्द्धनसिंह राव के अधिकार में है। महेशदास की सन्तति में राजगढ़, इन्द्रगढ़, गोदावरी, बड़ौदा और खूंजी आदि गांवों के राव हैं। महेशदास अपने अन्य चारों बन्धुओं में सर्वाधिक प्रसिद्धि प्राप्त व्यक्ति हुआ। उसने बड़े परिमाण में काव्य ग्रन्थों का प्रणयन किया जिन पर आगे अलग से विचार किया जाएगा।

बाघा के तृतीय पुत्र का नाम कल्याणदास था। वह मेवाड़ के प्रतापी नरेश राणा राजसिंह के दरबार में पहुँचा और राणा से मेवाड़ का समेला ग्राम प्राप्त कर वहाँ अपना निवास बनाया। उसने अपने रचित भक्तिकाव्य ग्रंथ 'गुणगोबिन्द' में समेला ग्राम का इस रूप में उल्लेख किया है।[1] कल्याणदास ने नरकाव्य और भक्तिकाव्य दोनों प्रकार का काव्य लिखा है। उसके कृतित्व और रचनाशैली की परिचिति के लिए अर्जुन गौड़ पर लिखा गया एक गीत यहाँ उदाहरण के लिए दिया जा रहा है। गीत अर्जुन का उज्जैन के युद्ध में लड़ते हुए वीरगति प्राप्त करने का सूचक है। कवि ने युद्ध की विवाह से समता करते हुए उसके उपकरणों और क्रियाओं का सावयवरूपक में वर्णन किया है जो वस्तुतः बड़ा सुन्दर बन पड़ा है—

गीत

ऊजेणि मंडप जुध अवरंग मांडै, ऋगळ केसरियां अजै किया।
तोरण थया तणां तरवारचां, थांम साबळां तणां थया ॥१॥

गौड़ मौड़ बंध ठौड़ गराजू, राजू सूरति सिरी रढ़ाळ।
दुलहणि जोय वीठळ रौ दुलही, मन उलही मेळै बरमाळ ॥२॥

चतुरंगी गवरंगी चातुर, बर आतुर अजमेरि बर।
घूंघट ढाल तणां घातिया, भाळी तीछि कटाछि भर ॥३॥

कँवर बांण जमूर अखति कढ़ि, हाथां कियै जमदढ़ हथळेव।
फिरि फिरि अफिरि कियै सुज फेरा, जोगणि घेरा राग जमेव ॥४॥

खेत महळ बीचि रहसि बहसि खगि, तिहसि मिहसि कसि ऊससि ताव।
लोहां लाट लाल रंग लाडै, घट घट घाट ऊपरै घाव ॥५॥

---

[1] बास समेळे बाघतण, लाखणीत कलियांण।
गायो श्रीगोविन्द गुण, पायो भगत प्रमांण ॥

अड़थड़ मिरड़ भिरड़ झड़ अवझड़, नवड़ भवड़ वड़ निवड़ नड़ ।
आवट कूटि तूटि कसणांवट, छूटि जड़ावटि फूटि छड़ ।।६।।

अपछर हर खेचर भूचर अंग, लग आपोपण लाग लिया ।
त्याग दिया अजमल वड त्यागी, कारण वाद मुराद किया ।।७।।

साहां वदै न चूको सावो, राखै दहुं राहा बिचि टेक ।
वड जानी जसवंत बीछड़तां, बींद बींदणी मिळै विसेक ।।८।।

कल्याणदास का पुत्र दयालदास हुआ, जिसने 'रांणा-रासो' नामक प्रबंध की रचना की । 'रांणा-रासो' में राणा राजसिंह तक के मेवाड़ के नरेशों का इतिवृत्तात्मक काव्यवर्णन है । ग्रंथ की भाषा बड़ी क्लिष्ट और ओजमयी है । कल्याणदास के वंशज आजकल गाधेरी, पावसू और केदारड़ी आदि गांवों में रहते हैं ।

बाघा के चतुर्थ पुत्र गंगादास और पांचवें पोखरदास के उत्तराधिकारी हाडा-वाटी के इन्द्रगढ़, पीपलदा, वड़ोली आदि गाँवों में रहते हैं । काशीदास, गंगादास और पोखरदास भी कवि और विद्वान् बताए जाते हैं, किन्तु प्रयत्न करने पर भी उनकी रचना के अंश उपलब्ध नहीं हुए हैं । इस प्रकार बाघा के पांचों वंशधरों ने अपने सम्मिलित वतन खोहरी गाँव को तीर्थराज पुष्कर के समर्पित कर दिया । खोहरी ग्राम में बाघा के निवास की स्मृति के रूप में उसकी हवेली के खुर्रे का एक जीर्ण-शीर्ण भाग अवस्थित है । बाघावतों के खोहरी ग्राम के निवास, उनकी उदारता, वीरता आदि की ध्वनि एक प्राचीन दोहे में इस प्रकार व्यक्त हुई है—

जुध वंका खत्रवट खरा, अं हैं बाघ हराह ।
नग सारीसा नीपजै, घन खोहरी घराह ।।

इस प्रकार प्राप्त जानकारी के आधार पर कवि बाघा लाखनोत और उसके पांचों पुत्रों की संक्षिप्त परिचयात्मक परिचिति यहाँ देने का प्रयास किया गया है ।

कवि-परिचय

कविवंश परिचय में पहिले उल्लेख किया जा चुका है कि कविराव महेश-दास रावों की लाखनोत शाखा के कवि बाघाराव का द्वितीय पुत्र था । उसका जन्म पुष्कर के समीपस्थ खोरी (खोहरी) नाम के ग्राम में हुआ था । जब वृद्धावस्था प्राप्त कर बाघा का देहावसान हो गया, तब महेशदास भी अपने अन्य भ्राताओं के साथ खोरी ग्राम को तीर्थराज पुष्कर के अर्पण कर राजगढ़ के शासक ठाकुर अर्जुन गौड़ की सेवा में चला गया । अर्जुन गौड़ ने महेशदास की प्रतिभा और काव्य-गुणों पर मुग्ध होकर अपने ठिकाने राजगढ़ में निवास के लिए एक

हवेली और जीवन-निर्वाह के लिए भूमि प्रदान कर सम्मानपूर्वक अपने वहाँ रख लिया। तब वहाँ उसने कृषि की सिंचाई के लिए एक तालाब का निर्माण करवाया और हवेली में सुधार करवा कर अपना स्थायी निवास बनाया।[1] वह हवेली, तालाब और भूमि का अंश अद्यावधि उसके उत्तराधिकारी वंशज गोवर्द्धनसिंह राव के अधिकार में है।

कवि के व्यक्तिगत जीवन में उसके बाल्यकाल, शिक्षा, गुरु, विवाह और सन्तति आदि का परिचय अनेक प्रकार का प्रयत्न करने पर भी सुलभ नहीं हुआ। कवि ने अपने आश्रयदाता गौड़ अर्जुन और उसके पुत्र राजसिंह की वंशावली में गौड़ों का वंश-वृत्तान्त लिख कर उनके इतिहास को तो सुरक्षित करने की दिशा में प्रयत्न किया है, परन्तु स्वयं के तथा अपने कुल के विषय में अपने ग्राम का नाम और स्वयं का नाम संकेत करने के अतिरिक्त कुछ भी नहीं लिखा है। यही नहीं अपने लिखित ग्रंथों के इतिहास-प्रसंगों में उसने प्रमाणित संवत् तिथियाँ और वार आदि का प्रकाशन किया है, पर ग्रंथ के निर्माण काल के सूचक संवतादि का कहीं भी ग्रंथांश अथवा पुष्पिका में संकेत नहीं दिया है। ऐसी स्थिति में कवि का समग्र जीवन-परिचय तो क्या बल्कि काव्य-साधनाकाल भी सही रूप में निर्धारित करना बड़ा कठिन है। कवि के वंशज या बहीवाचक से तथा प्राप्त ख्यातों और प्रकाशित-अप्रकाशित किसी भी पुस्तक में उसके विषय में कहीं कोई आधारभूत सकेत उपलब्ध नहीं हुआ है। कवि की कृतियों के विषय में आज से चार वर्ष पूर्व मैंने पहली बार पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से साहित्य-संसार को अवगत करवाया था। तदनन्तर मैं कवि के परिचय और उसकी अन्य कृतियों की जानकारी के लिए प्रयत्नशील रहा हूँ, किन्तु अद्यावधि कोई परिचय प्राप्त न हो सका। कवि के अध्ययन के विषय में अन्त:साक्ष्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि वह संस्कृत, पिंगल और डिंगल भाषा का विद्वान् था। अरबी और फारसी के शब्दों की भी उसे अच्छी जानकारी थी। ज्योतिष, भूगोल, छंदशास्त्र और रणकौशल एवं विद्या का उसने विधिपूर्वक अध्ययन किया था। भारतीय राजवंशों, मुगलों, पठानों, सैयदों, उजबेगों आदि यवन जातियों के इतिहास का वह पूर्ण ज्ञाता था। आदि कवि वाल्मीकि की रामायण, वेदव्यास का महाभारत और शुकदेव, जयदेव, कृष्ण, माघ, दण्डो, चन्द्र वरदाई, कविकुलगुरु कालिदास आदि संस्कृत और भाषा-कवियों की कृतियों का उसने

---

[1] कवि के वंशज गोवर्द्धनसिंह का लेखक के नाम पत्र।

अध्ययन किया था। अतः वह बहु-भाषाविद् और शास्त्रीय कोटि का विद्वान् माना जा सकता है ।

कवि के समय और काव्यसाधना-काल की जानकारी के लिए भी हमारे पास उसके काव्यग्रंथों के नायकों, घटनाओं, तिथि-संकेतों और संकेतित प्रसंगों के अतिरिक्त कोई साधन अथवा स्रोत नहीं है । अतः उपर्युक्त आधारों पर ही कवि का काव्य-रचना-काल स्थिर करने का प्रयत्न किया जा रहा है। प्राप्त ग्रंथों को घटनाओं के आधार पर, रचनाकाल के स्थिरीकरण के लिए निम्न प्रकार से रखा जा सकता है—

(१) राव अमरसिंघ नागौर का साका
(२) बिन्हैरासो
(३) राणा राजसिंघ का गुणरूपक
(४) डिंगल गीत
(५) राजा जयसिंघ के छप्पय
(६) गौड़ों की वंशावली
(७) रघुनाथ चरित नवरसवेलि

'राव अमरसिंघ का साका' बादशाह शाहजहाँ के शाहजादे दाराशिकोह की हवेली में लगे शाही दरबार में बख्शी सलाबतखाँन को मार कर अर्जुन गौड़ आदि योद्धाओं द्वारा राव अमरसिंह के मारे जाने की संवत १७०१ की घटना पर आधारित है।[1] इस घटना के दूसरे वर्ष अमरसिंह का पुत्र राव रायसिंह शाही सेवा में उपस्थित हुआ और उसने बलख, बदख्शा, कंधार आदि के युद्ध में भाग लिया। बलख का युद्ध संवत् १७०३ में हुआ था।[2] साका में कवि ने राव रायसिंह के जन्म और बाल्यकाल का ही वर्णन किया है, युद्धों का नहीं। अतः इससे ऐसा जान पड़ता है कि यह कृति संवत् १७०१ और संवत् १७०३ के मध्य की रचना है। यदि इसके बाद की होती तो कवि रायसिंह के उपर्युक्त युद्धों में भाग लेकर वीरता प्रदर्शित करने का अवश्य वर्णन करता, जैसा कि डिंगल के अन्य कवियों के इसी कोटि के काव्यों में मिलता है।

बिन्हैरासो और राणा राजसिंह का रूपक संवत् १७१६ से पूर्व की रचनाएँ हैं, क्योंकि उसके बाद की गौड़ों की वंशावली में कवि ने राजा अनिरुद्धसिंह गौड़ के

---

[1] मारवाड़ का इतिहास, विश्वेश्वरनाथ रेउ, द्वितीय भाग, पृ. ६५४।

[2] मआसिरुल् उमरा, अनु० ब्रजरत्नदास बी. ए., भाग १, पृ. ७५

राज्यासन पर उसके पुत्र राजा नृसिंहदास गौड़ का बैठना लिखा है।[1] अनिरुद्धसिंह की मृत्यु संवत् १७१६ में हो चुकी थी।[2] राजा जयसिंह के छप्पयों में छत्रपति शिवा सीसोदिया को पराजित करने का उल्लेख किया है। मिर्जा राजा जयसिंह ने संवत् १७२३ में राजा शिवा को समझा-बूझा कर शाही दरबार में उपस्थित हो जाने के लिए सहमत कर भेजा था। इसलिए ये छप्पय संवत् १७२३ के पास की रचना ठहरते हैं।[3] डिंगल-गीतों में राजा रामसिंह कछवाहा का गीत संवत् १७४४ से १७५५ के मध्य रचा गया होगा, क्योंकि उनका शासनकाल उपर्युक्त संवतों तक ही सीमित रहा है।[4] शेष गीत संवत् १७१५ तथा संवत् १७१६ के मध्य में लिखे गए होंगे। कवि की अन्तिम रचना रघुनाथ-चरित-नवरस-वेलि मानी जानी चाहिए। वेलि में कवि ने नवरसों के माध्यम से मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र का १२७ छंदों में वर्णन् किया है जो अपूर्ण है। यह उसके वृद्धकाल की कृति है जो कि शारीरिक असमर्थता के कारण शायद अपूर्ण रह गई है। कवि ने जब गौड़ों की वंशावली लिखी, तभी उसके मन में संसार की असारता, जीवन की भूलभ्रांतियां और प्रमाद-जन्य अकृत्यों आदि की चिन्ता उभर कर मस्तिष्क पर आ जमी थी। उसने वंशावली में स्पष्ट लिखा है—

करां सुक्रत कीधा नहीं, कुक्रत कुंमाया।
क्रम तीरथ क्रमिया नहीं, अणक्रमे आया॥

रांम नांम रटिया नहीं, यम जनम गुंमाया।
सुंणिया कथा पुरांण नहीं, नंहि वेद वंचाया॥
... ...।

गुणि अनि मानव गाइयो, यों नृगुण कहाया॥ वि.रा.प.पृ.२०४-२०५

कवि ने अपने विगत जीवन का सिंहावलोकन करते हुए राम की भक्ति न कर मानव-काव्य रचने के प्रति पश्चाताप व्यक्त किया है। इस प्रकार की रचना का परिपक्व अवस्था में ही लिखा जाना संभव होता है। मृत्यु का आसन्न भय भगवान् के चरण-शरण की ओर जाने के लिए प्रेरित करता है। अतः वंशावली के बाद कवि ने वेलि की रचना कर सुख का अनुभव किया होगा।

---

[1] बिन्हैरासो, परिशिष्ट घ, पृ. २१७

[2] मुगल दरबार, अनु० व्रजरत्नदास, भा. १, पृ. ६४

[3] मुगल दरबार, व्रजरत्नदास, भा. १, पृ. १६२-६३

[4] मुगल दरबार, व्रजरत्नदास, भा. १, ३४२-४४

उपर्यंकित घटना-संकेतों के आधार पर हम कवि का काव्य-सर्जनकाल संवत् १७०१ से संवत् १७५५ के मध्य स्थिर कर सकते हैं।

वैसे कवि गौड़-क्षत्रियों का आश्रित और कृपापात्र था किन्तु उसके ग्रंथों के आधार पर राव रायसिंह नागौर, राणा राजसिंह उदयपुर और हाडावाटी के कोटा-बूंदी के सामन्त-सरदारों से भी उसका परिचय और सम्मान पाना माना जा सकता है। अमूमन मध्यकालीन राजस्थानी कवियों की यह परम्परा रही है कि वे जिस किसी वीर पर काव्य-रचना करते, वह काव्य उसके नायक अथवा नायक के उत्तराधिकारी को सुना कर उससे पुरस्कार और प्रतिष्ठा प्राप्त करते थे। तब फिर महेशदास का भी अपने काव्य-नायकों से सम्मान प्राप्त करना असंभव नहीं माना जा सकता।

कथासार

बिन्हैरासो में कवि ने मुगल बादशाह शाहजहां के विद्रोही पुत्र शाहज़ादा शुजा, मुरादबख्श और औरंगजेब के तीन युद्ध बनारस, उज्जयिनी और धौलपुर का वर्णन किया है। तीनों शाहजादों में पहले पहल शुजा ने बगावत कर युद्ध की स्थिति पैदा की थी। परिणामस्वरूप पहला युद्ध संवत् १७१४ में बनारस के समीप शुजा और शाही सेनानायक मिर्जा राजा जयसिंह कछवाहा के मध्य हुआ। उसमें शाही पक्ष की विजय हुई, परन्तु कवि ने उस युद्ध का वर्णन बाद के दोनों युद्ध उज्जयिनी और धौलपुर युद्धों के वर्णन के बाद लिखा है। यहां कवि द्वारा प्रस्तुत वर्णन-क्रम के अनुसार तीनों युद्धों का कथासार पृथक-पृथक दिया जा रहा है, जो कि इस ऐतिहासिक काव्य-ग्रंथ को समझने में सहायक सिद्ध होगा।

उज्जयिनी-युद्ध

बिन्हैरासो की कथा का आरंभ कवि ने विद्या की अधिष्ठात्री भगवती वाग्देवी, अशुभ गणों तथा काव्य दोषों के विनाशक, देवाधि अग्र-वंद्य गणपति और मानव-समाज में श्रेष्ठमति-निधि परम गुरु की वन्दना से किया है। पिता और पुत्रों के उभय पक्षों में हुए युद्ध में अनेक भूपतियों का संहार हुआ, उन वीरों के वृत्तों को रूपक-बद्ध करने में सफलता हेतु श्रेष्ठमति और उक्ति वैचित्र्य-प्रदाता तीनों देवों से याचना की है।

परम प्रतापी बादशाह अकबर और संसार के नूर शाहंशाह नूरुद्दीन जहांगीर नव खण्डों में अपने तेज-प्रताप को विकीर्ण कर चले गए। उनके उस महान् सिंहासन पर प्रतापी बादशाह शाहजहां आरूढ़ हुआ। उसने खड्ग-बल

से चारों दिशाओं को विजित कर संसार में अपने यश का अर्जन किया। उसके दरबार में मेवाड़ नरेश राणा राजसिंह के अतिरिक्त भारत के हिन्दू और मुसलमान सभी राजा और नवाब एक पैर पर खड़े रह कर सेवा करते हैं। वह दोनों राह वालों के लिए समान रूप से पूजित है। चारों दिशाओं में उसके पराक्रम और कीर्त्ति के वाद्य बजते हैं। उसके बुद्धिमान और सुयोग्य चार राजकुमार हैं, जिन्हें वय-क्रम से दाराशिकोह को उत्तर दिशा, शाहशुजा को पूर्व दिशा, औरंगजेब को दक्षिण दिशा और मुरादबख्श को पश्चिम दिशा के प्रान्त सौंपे हुए हैं और वह स्वयं केन्द्र में दिल्ली के सिंहासन पर विराजमान है। ज्वाजल्यमान सूर्य के समान संसार पर उसका तेज-प्रताप छाया हुआ है। नव-खण्ड और सप्त-द्वीपों में उसके विरुद्ध शस्त्र उठा कर सामना करने का साहस किसी में नहीं है।

इस प्रारम्भिक प्रस्तावना के अनन्तर कवि अपने वर्ण्य कथा-प्रसंग की ओर उन्मुख हुआ है।

बादशाह शाहजहां के जीवित ही संसार में उसकी मृत्यु का प्रवाद फैल गया कि दिल्ली का शाही सिंहासन और छत्र-चँवरादि राज्य-चिन्ह खाली हो गए हैं। यह सम्वाद सुन कर सारे संसार में शोर मच गया। बादशाह के निधन की सूचना पाकर उसके तीनों शाहजादे दिल्ली पर आधिपत्य जमाने के लिए प्रयत्न-रत हुए। सब से पहिले पूर्वदेशीय प्रान्तों के राज्यपाल शाहजादा शाहशुजा ने दिल्ली की ओर कूच किया। वह यमराज तुल्य प्रचण्ड, वीर शाहजादा अपनी गज, अश्व और पदाति सेना को युद्ध-सज्जा से सज्जित कर पथ के नगरों को लूटता, दुर्गों को ध्वस्त करता और विजय-घोष करता हुआ चला। जब बादशाह शाहजहां और युवराज दाराशिकोह ने सुना कि शाहशुजा तोप, बन्दूक, तीरकमानों से सज्जित अस्सी हजार गजाश्व सेना के साथ दिल्ली की ओर तीव्रता से बढ़ कर आ रहा है तो उसने अपनी सल्तनत के स्तम्भ-तुल्य हिन्दू और मुस्लिम उमराव-नवाबों को आमंत्रित किया। उनमें दुर्धर्ष वीर राठौड़, कछवाहा हाडा और गौड़ सभी आये। राजा जसवंतसिंह, राजा जयसिंह, राव शत्रुशाल, राजा अनिरुद्धसिंह, नवाब दलेलखांन, शाहजादा सुलेमानशिकोह और राव रायसिंह जैसे बड़े-बड़े राव, राजा, नवाब आकर उपस्थित हुए। बादशाह ने दिल्ली-साम्राज्य की रक्षा का दायित्व उन पर प्रकट करते हुए कहा—"पूर्वी प्रान्त के राज्यपाल शुजा ने विद्रोह कर दिया है। उसके सैनिक अभियान के कारण भूलोक में आतंकजनित भय छा गया है।" यह कह कर बादशाह ने शुजा को पराजित करने के लिए मिर्जा राजा जयसिंह, शाहजादा सुलेमान

शिकोह, राव रायसिंह और राजा अनिरुद्धसिंह को जसवंतसिंह गौड़, उदयभानु राठौड़, भोजराज खंगारोत, भावसिंह, रणछोड़दास, दलेलखांन रुहेला, बहादुरखां सैयद, मीर जाफर और कासिमखांन सैयद सहित विदा किये। वे वीर छत्तीसों प्रकार के युद्ध-वाद्यों की मेघ-तुल्य गर्जना करते हुए पूर्व दिशा की ओर चले।

उधर दिल्ली और पूर्व की घटनाओं की सम्वाद-सामग्री संकलित कर आगरा के गुप्तचर औरंगजेब के पास औरंगाबाद पहुंचे। औरंगजेब ने दूतों द्वारा वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त कर दक्षिण के अपने हितैषी गोलकुण्डा, कर्नाटक, बीजापुर आदि के प्रान्ताध्यक्षों तथा योद्धाओं को युद्ध-सामान से तैयार होकर औरंगाबाद आ उपस्थित होने के आदेश भेजे। तदनन्तर उस विचक्षणमति शाहजादे ने अपने विदग्ध गुप्तचरों को दिल्ली, आगरा, गुजरात और अहमदाबाद की ओर भेजा। वे साधु-सन्यासी और यति-योगियों के वेश में यत्र-तत्र समाचार संकलित करने लगे। तभी शाहजादा दाराशिकोह को सूचना मिली कि गुजरात का प्रान्तपति शाहजादा मुराद भी अपनी विशाल चतुरंगिनी सजा कर दिल्ली पर अधिकार करने के लिए चल पड़ा है। शाहजादा दाराशिकोह ने राजा जसवंतसिंह को बुलाया। तब वह पंचहजारी मनसबदार था। उसे सप्तहजारी का पद प्रदान कर शाहजादा मुराद को रोकने के लिए मालवा की ओर विदा किया। राजा जसवंतसिंह, अर्जुन गौड़, राव मुकन्दसिंह हाडा, वीरभद्र गौड़, मोहनसिंह, जूझारसिंह, कन्हीराम, किशोरसिंह हाडा, राजा रतनसिंह राठौड़, राजा रायसिंह कछवाहा, दलथम्भ झाला, राघवदेव झाला, सुजानसिंह सीसोदिया, राजा वैरीसिंह शेखावत, ठाकुर गोवर्द्धनदास कूपावत, रावत केशरीसिंह, रुक्मांगद सीसोदिया, राव अमरसिंह चंद्रावत, राजा अमरसिंह कछवाहा, वेलू, परशु दक्षिणी, राजा देवीसिंह, राजा सुजानसिंह बुन्देला, राजा छत्रमणि यादव, बलिराम हाडा, प्रतापसिंह राठौड़, सबलसिंह सीसोदिया, जखमी उजबक, इफ्तिखारखांन और कासिमखां आदि अनेकानेक उमराव नवाबों को लेकर ससैन्य उज्जैन की ओर चला।

गुप्तचरों की खबरों से औरंगजेब को शाहजादा मुराद के अपने आपको बादशाह घोषित करने की सूचना मिली। और यह भी पता लगा कि वह शम्श-बेग और मंसूरखांन आदि योद्धाओं सहित पचास हजार सेना लेकर अपने प्रान्त से उज्जैन के लिए प्रस्थान कर चुका है। उसकी वह विशाल सेना गिरिराज से प्रवाहित नदी के समान उमड़ती आगे बढ़ी। सैनिकों, अश्वों, गजों और बार-बरदारी के ऊंटों तथा बैलों के पदाघातों से दुर्गम गिरि-घाटियां चूर्ण होकर

साफ मार्गों में बदल गए। मुराद के इस प्रयाण से औरंगजेब को असीम प्रसन्नता हुई। इधर वह भी अपनी सेना सजा कर चला। मार्ग में दोनों सेनाएं सम्मिलित हुईं। शाहजादे परस्पर मिल कर आनन्दित हुए। दोनों ने एक दूसरे से छल न करने के लिए अपने बीच रहमान की शपथ ली। तदनन्तर साम्राज्य को हस्तगत करने की सैनिक योजना पर विचार हुआ। उनके इस सम्मिलित आयोजन से चतुर्दिक् कोहराम व्याप्त हो गया। वह सेना क्या थी मानो प्रालेय समुद्र धरा पर उमड़ पड़े हों, अथवा बारह मेघ दिल्ली घरा को जल-प्लावित करने को घुमड़ आये हों। वहां से ससैन्य प्रस्थान कर शाहजादों ने मेवाड़ के राणा राजसिंह को खासा रुक्का और उपहार भेज कर अपने पक्ष में आ जाने के लिए प्रार्थना की। पत्र में मेवाड़ नरेशों के गौरव, शौर्य और सहयोग की प्रशंसा लिखी। शाहजादों की गज, अश्व, रथ और पदाति सेना के प्रस्थान-भार से शेषनाग के सिर भाराक्रान्त होकर फटने लगे। उनके पदाघातों से उठे धूलि-समूह से आकाश छिप गया। रवि-ज्योति धूमिल हो गई। प्रालेय मेघ सदृश्य यूथबद्ध गज-घटाओं के चलने से कच्छप की पीठ कसमसाने लगी। अविचल हिमाचल चल-विचल हो गया। दिक्पाल अकुला गए। दिशाओं के बंधन टूट गए। वह सेना क्या थी मानो संग्राम-सागर की ओर महागिरि ही चले आ रहे थे। उस सेना में अरब, ईराक, तुर्की आदि देशोत्पन्न उत्तम जाति के असंख्य घोड़े थे। उन पर अश्व भूलें, पाखरें, लक्षाधिक मूल्य के ललाट भूषण सजे हुए थे। पैरों में घुंघरू शोभित थे। उस सेना में मुसलमानों की विभिन्न जातियों और शाखाओं के एक लाख सैनिक, बरकंदाज, तोपची और धनुर्धर योद्धा थे। वे जिरहबख्तर, जूसण, सेलार, चिलकन्ते, घूघियाँ, हाथों में दस्ताने, जंघाओं पर राग और पैरों में लोह-शृंखलाओं के मोजे धारण किये हुए थे। कालकीट के समान भयानक वे योद्धा बल और आकृति में समतुल्य थे। उनके मुख रक्तिम, नेत्र लघु, स्कन्ध उन्नत और मस्तक स्थूल थे। भाभरा-भूताकृति वे वीर अगम्य स्थानों में भी सहज गम्य थे। वे अस्पष्ट अरबी, तुर्की और पश्तों भाषाएं बोलते थे। एक-एक योद्धा के अपने भाथे में सौ-सौ बाण भरे हुए थे। ऐसा वह भयानक सैन्यदल आसेर दुर्ग के पास आकर ठहरा। आसेर के दुर्गाध्यक्ष मानसिंह गौड़ को औरंगजेब ने सन्देश भेज कर दुर्ग सुपुर्द करने का आदेश दिया। स्वामि-भक्त मानसिंह ने शाहजादे की आज्ञा की उपेक्षा कर अभीतता प्रकट की। साम, दाम और भय किसी भी प्रकार जब वह लोभ में न आया, तब औरंगजेब 'पहिले दिल्ली विजय करेंगे, फिर आसेर और उसके दुर्गपाल को समझेंगे' कह कर वहां से आगे बढ़ा।

एक सप्ताह के प्रयाण के पश्चात् शाहजादों की सेना मालव के माण्डव दुर्ग पर पहुँची। वह माण्डव हिमालय पर स्थित शिवधाम कैलाश के समान था। वहाँ का दुर्गपाल राजा शिवराम गौड़ साक्षात् अपराजयी शिव था। शाहजादा मुराद ने माण्डव को हस्तगत करने के लिए राजा शिवराम पर भय का दण्ड फेंका। अपनी सेना में उच्चपद देने का वचन दिया। परन्तु उस वीर पर तनिक भी प्रभाव नहीं हुआ। तब राजा पर औरंगजेब कोपान्वित हुआ। उसने गर्वोक्ति-पूर्वक अगले प्रातः माण्डव को समूल नष्ट कर डालने का प्रण किया। दूसरे दिन शाहजादे सुल्तान मुहमद और निजावतिखांन की अधीनता में सेना ने मांडव पर आक्रमण किया। राजा शिवराम और उसके अनुज पोखरदास ने सामना किया। तोपों, बन्दूकों और बाणों का युद्ध हुआ। गढ़ नहीं टूटा। शिवराम की दृढ़ता को देख कर शाहजादों ने उज्जैन के पथ पर आगे प्रयाण किया।

इधर राजा जसवंतसिंह के नेतृत्व में शाही सेना ने खाचरोद पहुँच कर अपना पड़ाव डाला। उस सेना में क्षत्रियों के छत्तीस राजकुलों और शाखा-प्रशाखाओं के योद्धा थे। उधर से औरंगजेब और मुराद की सेनाएं भी खाचरोद की ओर बढ़ी। दोनों सेनाओं के मध्य दस कोस की दूरी शेष रह गई थी। युद्ध का अवसर प्राप्त कर वीर वैताल, भूत, प्रेत, पिशाच, चण्डियाँ, शिव, रणदेवी, भैरव, नारद तथा गृद्ध, शृगाल आदि रणक्षेत्र में आकाश-पथ से उतरने लगे। राजा जसवंत-सिंह ने नरायनेचौर नाले के पास अपना सैनिक शिविर स्थापित किया।

वैशाख मास कृष्णपक्ष अष्टमी तिथि गुरुवार संवत् १७१५ का दिन था। सूर्य श्रवण नक्षत्र पर था। वालवकरण नामक योग था। उस योग में दोनों पक्षों की सेनाओं ने अपने-अपने मोरचे तैयार किए। गज, अश्व और पदाति सेनाएँ पंक्तिबद्ध हुईं। इस प्रकार तैयारी में अष्टमी का वह दिन व्यतीत हुआ। दिवा-वसान के साथ औरंगजेब ने अपना भृत्य राजा जसवंतसिंह की सेवा में भेज कर सेना का मार्ग न रोकने का आग्रह किया। राजा ने यह स्वीकार नहीं किया। तब मुराद ने अपना दूत भेज कर कहलाया कि—"पिता और पुत्रों की भेंट को कोई कैसे रोक सकता है ?" तब राजा ने दूत के साथ पांच हजार सेना लेकर शाहजादों को आगे जाने की स्वीकृति-सूचना भेजी। इस समाचार से दोनों शाहजादे क्रुद्ध हो उठे। इतने में अर्द्ध रात्रि बीत चुकी थी। युद्ध की नौबतें घोष करने लगीं। रवि उदय होते ही शाही सेना पर शाहजादों ने गोला-बारी के साथ युद्धारम्भ की घोषणा की। संवत् १७१५ का वर्ष था। वैशाख वदि नवमी शुक्रवार धनिष्ठ नक्षत्र, ब्रह्मयोग और तैतिल नाम का करण था। उस शुभ वेला में शाहजादों की सेना कवचादि से सज कर तैयार हुई। मुसलमान योद्धा

अपने इष्ट का स्मरण करने लगे। सुर, असुर और नर-समाज विस्मित हुआ। उधर अष्टमी की मध्यरात्रि व्यतीत होते ही हिन्दू योद्धा जगे। वे दैनिक कर्मों से निवृत्त हो कर अपने-अपने आराध्यों का स्मरण करने लगे। अप्सराएँ योद्धाओं को पति रूप में प्राप्त करने के लिए शृङ्गार करने लगीं।

उसी वेला में वीरश्रेष्ठ अर्जुन गौड़ उठा। उसने तेल-मर्दन कर स्नान किया। महादेव का अर्चन कर एकादश मृतक कर्म किये। भगवान् भास्कर को अर्घ्य दिया। पूजा के स्वर्ण-पात्र विप्रों को दान किये। फौज-बख्शी को बुलाया और सिलहखाने से अस्त्र-शस्त्र, जिरहवख्तर निकला कर योद्धाओं को प्रदान किये। इस प्रकार संसार में अपनी रण-ख्याति अमर रखने के लिए वह वीर सन्नद्ध हुआ। उसका सिंह-तुल्य पराक्रमी काका वीरभद्र कवच धारण कर तैयार हुआ। युद्ध रूपी अखाड़े का सिंह अंगद के समान समर-धीर वीरश्रेष्ठ मुरारिदास खैराड़ा तैयार हुआ। वह सदा उधारे युद्ध मोल लेने की प्रसिद्धि प्राप्त था। उसके साथ रावत पद के विरुद को धारण करने वाला पृथ्वीराज और उसका अनुज आशकर्ण केशरिया पट धारण कर तैयार हुआ। प्रतापसिंह के पुत्र राजसिंह ने भी केशरिया बाना पहिन कर अप्सराओं के वरण की कामना की। केहलण का वंशधर वीरश्रेष्ठ मानसिंह अर्जुन की सेना की अग्रिम पंक्ति में सिर कट पड़ने पर भी तलवार चलाते रहने को प्रतिज्ञा ले तत्पर हुआ। क्षात्र-जोश से आपूरित जसराज का पुत्र सांईदास भाखरोत रणभूमि में अपने प्राणों की आहुति देने के लिए वचन-बद्ध हुआ। गजयूथ पर सिंह की झपट के समान, अरि-समूह पर धावा मारने के लिए भाखरोत कुशलसिंह सज्जित हुआ। सुन्दरदास का पुत्र इन्द्रभानु और युद्ध-विद्या का पंडित राघवदास किशनदासोत अपने नाम को प्रसिद्ध करने की कामना करने लगे। गौड़ावाटी प्रदेश के मारोठ संस्थान का अधिपति नरहरिदास दोनों शाहजादों की सेना से लोहा बजाने के लिए तैयार हुआ। दीपचन्द का उत्तराधिकारी अपराजयी वीर जगभानु कटार, कृपाण और कमान सम्हाल कर उद्यत हुआ। आमेर के कछवाहा कुल को गौरवान्वित करने वाला कर्मसिंह का पुत्र किशोरसिंह अपने घट को सती के नारियल की भांति उत्सर्ग करने के लिए सज्जित हुआ। उनके साथ ही मुरारिदास खैराड़ा के नव प्रसिद्ध वीर जो नवों सिद्धों के समान युद्ध-सिद्ध थे, सन्नाह-सन्नद्ध हुए। खीचीवाड़े का वैरीशाल खीची, जहाजपुर का मोहनदास चंद्रावत, जयरामदास मोहनदासोत, राघवदास खैराड़ा, जोधसिंह, खेतसिंह, मनराम पंवार, भीमसिंह ताजखानोत और चूंडा का वंशज कुंभकर्ण खवास, ये नवों ही वीर अपने कुल को कीर्त्तिमान् करने के लिए तैयार हुए।

प्रभात का रवि उदय हुआ। गौड़ों की सेना के अध्यक्ष अर्जुन ने अपना अश्व मांगा। सईस उसे युद्ध साज से सजा कर लाया। वह गजराज के सदृश्य विशाल गात्र वाला था। प्रभात-कालीन सूर्य-सा उसका रक्तिम वर्ण था। उच्चैश्रवा के प्रतिरूप, उस अश्वराज पर अर्जुन आरूढ़ हुआ। अपने स्वामी के अश्वारोहण पर उसके सामन्त वीरभद्र, श्यामदास दशौन्धी, मुरारिदास खैराड़ा, पृथ्वीराज आदि सभी वीर सवार होकर अपने-अपने मोरचों पर आए।

अर्जुन ने राव मुकुंदसिंह हाडा को दूत द्वारा कहलवाया—'शाहजादे सिर पर आ लगे हैं। राजा जसवंतसिंह अभी तक तैयार नहीं हुआ। लगता है मारवाड़ नरेश को कायरता ने आ घेरा है। उसने पहिले कभी बड़े संग्राम में भाग भी नहीं लिया है। जो अनेक युद्धों में लड़ चुके हैं, वे ही इस बार भी लड़ेंगे।' दूत-मुख से अर्जुन का सन्देश सुन कर हाड़े वीर कवच, दस्ताने और टोप धारण कर तैयार हुए। तदनन्तर उन वीरों ने विद्युत तुल्य तीक्ष्ण तलवारें और कटारें सम्हालीं। अपने अंगों को मुक्तामाल, कण्ठांभूषण और बहुमूल्य जवाहिरातों से सजाया। अर्जुन के सन्देश से अपने स्वजातीय वीरों और सुभट सामन्तों को अवगत किया। तत्पश्चात् वे वीर युद्ध-नक्कारों के रण घोष के साथ अश्वों पर सवार हुए। उनके इस प्रकार अश्वों पर चढ़ने पर विपक्षी योद्धाओं में हलचल मच गई। अश्वों की पीठ पर वजन पड़ कर उनके पाखर कवचों की कड़ियां टूटने लगीं। गजों की पीठ पर झूलें लहराने लगीं। निशान, ध्वज और पीत-पताकाएँ आकाश में फहराने लगी। उनके सवारी करते ही सीसोदिया परमार, राठौड़, कछवाहे, गौड़, भाटी और चालुक्य आदि अनेक जातियों के वीर अपने-अपने घोड़ों पर चढ़ कर चले। चौहानों की उस चतुरंगिनी सेना के प्रयाण से समस्त भूलोक भयाक्रान्त हो गया।

गौड़ों और हाड़ों के युद्ध-भूमि में प्रस्थान करने पर राजा जसवन्तसिंह ने भी अपने सुभटों को रण-मंत्रणा के लिए बुलाया। तब राठौड़ वीर विट्ठलदास चांपावत, गोवर्द्धन कूंपावत और जोधा, बीका, उदावत, जैतावत, मेड़तिया, सिंघल आदि राठौड़वंशीय योद्धा उपस्थित हुए। तब विट्ठलदास ने कहा—'महाराजा, सुनिए! जैसा जीना वैसा ही मरना। युद्ध का दुर्लभ अवसर सुलभ हुआ है। शीघ्र ही तैयार हो जाइए। शत्रुओं के सिर तोड़ने हैं। सिलह कीजिए और सेना को पंक्तियों में—हरावल, चन्दावल, गोल, जंघाल, तरंगाल और बरंगाल में विभाजित कीजिए।'

तदनन्तर राजा जसवन्तसिंह सवार हुए। अपने जीवन को क्षणभंगुर समझने वाला राजा रतनसिंह अश्वारूढ़ हुआ। झाला वीर दलथंभ खड्ग सम्हाल

कर चला। शत्रुओं पर वज्रघाती प्रहार करने वाला उसका अनुज राघवदेव झाला सवार हुआ। चित्तौड़ दुर्ग की रक्षा में कपाट तुल्य दृढ़ वीर केशरसिंह और रुक्मांगद अश्वों पर चढ़ कर आगे बढ़े। रण में मर कर रविमण्डल का भेदन करने वाला उत्साही वीर सुजानसिंह सीसोदिया चला। इफ्तियार खांन सैयद सन्नाह-सज्जित होकर रणाभिमुख हुआ और उनके प्रस्थान करते ही राजा भीम का पुत्र राजा रायसिंह सीसोदिया, कछवाहा वीर दोनों अमरसिंह, राजा बैरीसिंह शेखावत आदि अनेक सुभट रणस्थली में अपने-अपने मोरचों की ओर बढ़े।

सेना के प्रयाण से धरा काँप उठी। चारों दिशाएं भयाक्रान्त हो उठीं। हाथियों पर कसे हुए रण-वाद्य गड़गड़ाने लगे। ध्रीह-ध्रीह के घोष में धूंसे बजने लगे। करताल, भैरी और झाहलों ने भयानक नाद किया। तुरही और रणतूर त्रह-त्रह की आवाज में गूंजने लगे। बरघू और शहनाइयाँ बजीं। झांझे झिंगुर के समान झणकार करने लगीं। रणवाद्यों की प्रतिध्वनि से गिरि-मालाओं में गर्जना फैल गई। गजगाहों से ढंके गजराजों की पंक्तियां आगे बढ़ीं। तोपखाने के प्रधान कासिमखांन ने प्रस्थान किया। गजनालें, शुतर-नालें, गौ नालें और सीसा बारूद से लदे हुए शुतरों की पंक्तियां चलीं। राजा जसवन्तसिंह सेना के केन्द्र में स्थिर हुए। हरावल का भार राजा रतन, गोवर्द्धन राठौड़, रावत दयालदास झाला, राघवदास झाला, रावत केशरीसिंह शक्तावत, राजा देवीसिंह, राजा सुजानसिंह, सैयद इफ्तियार खांन आदि हिन्दू यवन वीरों ने ग्रहण किया। सेना के वाम पार्श्व में राजा रायसिंह, सुल्तान का पुत्र सबलसिंह व फतहसिंह नियुक्त हुए। दाएँ भाग का नेतृत्व राजा बैरीसिंह, दोनों अमरसिंह, खेलू, मालू और राजा छत्रमणि यादव ने सम्हाला।

उधर दोनों शाहजादों के वीर सैनिक खुदा की निवाजश कर अश्वों पर सवार हुए। सेना की अग्रिम पंक्ति में निजामत खांन, भगवन्तसिंह हाडा, केशरीसिंह राठौड़, सफशिकन खाँ, बहादुरखां, अल्लाहयार खां, मंसूर खाँ, शेख-मीरक आदि चालीस हजार योद्धाओं ने प्रस्थान किया। उनकी चंदावल, बरंगाल और तरंगाल भागों में दो दो हजार सुभटों को स्थिर कर तोपखाने को व्यवस्थित किया। इकसठ हजार सेना पृष्ठ भाग में, बीस हजार वाएं और उन्नीस हजार दाहिने पक्ष में जमा कर शाहजादों ने रणभूमि में प्रवेश किया।

उभय सेनाएं एक दूसरे के अभिमुख हुईं। वीर रस के सैंधव बजने प्रारंभ हुए। हिन्दू वीरों ने शिव और राम के नामों का उच्चारण किया। यवनों ने अल्लाह-अल्लाह का स्मरण किया। तोपें गोले बरसाने लगीं। रवि का प्रकाश

धूमिल हो गया। पलीतों की आग से गजाश्वों की पाखरें जलने लगीं। आकाश-पथ में उड़ते पक्षी भस्म होकर भूमि पर गिरने लगे। तोपों के भयानक रव से पृथ्वी आकाश में मेघ का-सा गर्जन व्याप्त हो उठा। हाथियों की अँधेरियां खुलीं। पैर लंगरों से मुक्त हुए। गृद्ध-गणों से पृथ्वी और आकाश ढंक गया। गोलों और तीरों की भयंकर झड़ी लग गई। रवि-मण्डल से च्युत नक्षत्रों की भांति गोले गिरने लगे। उभयपक्षीय योद्धाओं के वक्ष भाग को चीर कर बाण पीठ के पार लगने लगे। भालों की पैनी नोकें आर-पार पहुँचती थी। बाँध के फव्वारों के समान श्रोणित की धाराएं बहती थीं। यवन रोजा पर्व के दिन की क्रीड़ा के समान लोह-क्रीडा करने लगे। ढालें चटकती थीं। योद्धागण घावों से आपूरित यत्र-तत्र प्रहार करते थे। भालों की नोकों से गज-शुण्ड छिन्न-विच्छिन्न हो गए थे। कवचों की कड़ियां टूट कर योद्धाओं के तन क्षतिग्रस्त हो गए। कटार, गूर्ज, परशु और गुप्तियों की चोटों से अश्व, गज और योद्धा भू पर लोटते थे। चुगों की चपेट खाकर मदमस्त हस्ति तक मदहीन हो जाते थे। तलवारों की हूल और गदाओं के प्रहार चलते थे। महाक्षेत्र उज्जयिनी की भूमि में नारद, भैरव और वैंतालों ने नृत्य किया। उस समय सबसे पूर्व पांच सौ राठौड़ योद्धा धराशायी हुए। तीन सौ भाटी वीरगति प्राप्त हुए। राजा जसवन्तसिंह आगे बढ़ा। दोनों शाहजादों ने हल्ला कर सामना किया मानो प्रालेय समुद्र बढ़ चला हो।

गजों से गज भिड़ गए। मस्तक से छिन्न उनकी दंतावलियां अलग जा गिरती थीं। आपस की टक्कर से एक भाग उठता, दूसरा उसका पीछा करता हुआ पांव रोप कर गिरि के समान रुप जाता। उनमें कतिपय अशुण्ड कटते ही भयंकर चिग्घाड़ करते थे। महावत और ध्वजाएं रणभूमि पर पड़ी थीं। तोपों के गोलों की अजस्र मार से कितने ही मद-मस्त भद्रजाति गज मदहीन हो गए। योद्धाओं के एक के बाद एक शस्त्र टूट कर गिर गए थे। पृथ्वी धूम्रा-च्छन्न हो गई थी। रणवाद्यों के तुमुल नाद से कुछ भी सुनाई नहीं पड़ता था मानो देव-मंदिरों की झालरों का रव हो रहा हो।

योद्धाओं के हाथ और पैर संधि-स्थानों से अलग हुए पड़े थे। रुधिर के पनाले बहते थे। रणस्थल में मुण्ड नृत्य करते थे। रक्त-पात्र भरे योगिनियां क्रीड़ा-रत थीं। कतिपय सुभट कटि-छिन्न पड़े थे। उनके कलेजे, वृक्क और आंतड़ियां बिखरी पड़ी थीं। फेफड़े, मज्जा और चर्बी के ढेर पड़े थे। उन पर गृध्द-समूह झपट मारते और उड़ते-बैठते थे। कितने ही योद्धा क्षतांग घूमते थे। कइयों के मस्तकों के अर्द्ध टुकड़े फड़-फड़ की ध्वनि करते थे। उनकी खोपड़ियों

की मज्जा ढक्कन-हीन दधि के पात्र समान दीखती थी। कतिपय घायल वक्ष-स्थल वीर सिंह की भांति निर्भीक आगे बढ़ने की धुन में थे। उनकी छातियां राजप्रासाद की खिड़कियों की भांति सहस्र-छिद्र हो गई थी। वे शस्त्र-प्रहारों से भूमि पर गिरते और पुनः उठ कर शस्त्र सम्हाल कर गज-सेनाओं पर वार करते। कवचों और अश्वों की लाशों के ढेर लगे पड़े थे। कई वीरों के पैर कट गए थे। कइयों की जंघाएं खण्ड-खण्ड बिखरी पड़ी थीं। अब युद्ध-परिणाम को देख राठौड़ वीर का साहस हिल गया था। उसका धैर्य साथ छोड़ चुका था।

तदनन्तर कवि ने युद्ध से पलायन करने वाले योद्धाओं में प्रमुख राजा जसवंतसिंह राठौड़, राजा रायसिंह, राव रायसिंह चंद्रावत, और राजा बैरीसिंह कछवाहा आदि सभी भागने वालों का नामोल्लेख किया है। युद्ध में वीरगति प्राप्त करने वाले वीरों में अर्जुन गौड़, वीरभद्र गौड़, मुरारिदास खैराड़ा, राजा रतनसिंह, रावत दयालदास, सीसोदिया सुजानसिंह, रावत केशरीसिंह, रुक्मांगद, राघवदेव, फतहसिंह, गोवर्द्धन, विट्ठलदास, इफ़्तिखार खां, राव मुकंदसिंह, उसके तीनों भाइयों और पृथ्वीराज, पोखरदास, राजसिंह, मानसिंह आदि का नाम-निर्देश किया है।

अब उज्जयिनी में विजय प्राप्त कर दोनों शाहजादों ने आगरा की ओर कूच किया। शाहजहां और दाराशिकोह को आगरा-दिल्ली के उनके प्रस्थान का सम्वाद मिला।

कवि ने इस सूचना के साथ उज्जयिनी खण्ड के वर्णन को पर्यवसित किया है।

धौलपुर-युद्ध

उज्जयिनी में शाही सेना की पराजय का समाचार आगरा पहुँचा। बादशाह ने पत्र खोल कर पढ़ाया। युद्ध से पलायन करने वाले और काम आने वाले वीरों की शाहजहां ने जानकारी प्राप्त की। बादशाह को निश्चय हो गया कि दाराशिकोह के साथ धोखा होने वाला है। तब बादशाही के अन्य हितैषी योद्धाओं को बुलवाने का आयोजन हुआ। राव शत्रुशाल, रुस्तमखां और राजा शिवराम जैसे परम वीरों को फरमान भेजे गए। शाहजादा दारा स्वयं युद्धार्थ तत्पर हुआ।

बूंदी के राजसिंहासन को शोभित करने वाले राव शत्रुशाल चहुवान को लेने अहदी को भेजा। छत्तीस क्षात्रकुलों में शिरोमणि उस राव ने स्वामि-भक्त सेवक की भांति एकनिष्ठ भाव से शाही फरमान ससम्मान ग्रहण किया और तत्काल आगरे के लिए सदल-बल चल पड़ा। उसके प्रयाण की सूचना से

दक्षिण (शाहजादों की सेना) में हलचल मच गई। वह श्याम-वर्ण के गज-समूह को तैयार कर चला, जो मानो साक्षात् यमराज के पुत्र ही हों। उनके प्रस्थान से जल-स्थानों पर स्थल और स्थल-स्थानों में भूमि उभरने लगी। युद्ध में जूझने का विरुद धारण कर वह बूंदी नरेश राव शत्रुशाल आगरा पहुंचा। उसने शाहजहाँ के चरण-स्पर्श कर अपनी स्वामिभक्ति प्रकट की। बाहशाह ने राव को गज, अश्व, तेग, कटार, झिलम-टोप और रत्नाभूषण भेंट किए। शत्रुओं रूपी तारों के लिए वह चन्द्र तुल्य था। लोभी गजराजों के लिए अंकुश माना जाता था। बलाबंध के बादशाह के नाम से सर्वत्र उसकी प्रसिद्धि थी। उसने बीजापुर के शाह को पराजित किया था। गोलकुन्डा के पति से स्वर्ण, जवाहिरात लेकर उसका मान खर्वित किया था। उसने दौलताबाद के सुदृढ़ दुर्ग को क्षण मात्र में जीत लिया था। नागपुर, बंगलाना, टोडा, बीदर और तिलंगाना पर अपनी विजय-पताका फहराई थी। उसने गुड़ी की भाँति अनेक गढ़ों को आकाश में उड़ा दिये थे। खीचियों के प्रदेश को पराजित कर शरणागत बनाया। दक्षिण और उत्तर दिशा के कजिलबाशों को शाही अधीनता के लिए बाध्य किए। ऐसी अपार कीर्त्तिगाथा वाला राव शत्रुशाल बादशाह से भेंट कर अपने आगरा स्थित आवास पर आया।

संध्या का समय था। राव अपनी सभा जोड़े बैठा था। उसमें राजकुमार भारतसिंह, महाराज मोहकमसिंह, गुमानसिंह, जोरावरसिंह, नाहरसिंह, जगतसिंह गौड़, शिवराम खेराड़ा आदि योद्धा उपस्थित थे। वे सभी दिल्लीपति की सहायता के लिए कटिबद्ध थे।

उधर बादशाह ने रुस्तमखांन फिरोजजंग बहादुर को काबुल में पत्र भेजा। उसमें उज्जयिनी में राजा जसवंतसिंह के भागने और औरंगजेब के जीतने का समाचार था। बादशाह ने लिखा—'अर्जुन गौड़ और राव मुकन्दसिंह आदि माधोसिंहोत हाडे रण में मारे गये। औरंगजेब और मुराद की विजय हुई। अब उन्होंने आगरा पर अधिकार करने के लिए प्रस्थान किया है।' तब वह वीर अपनी चतुरंगिनी सेना ले काबुल से चला। उसने ढाल और सिलह धारण कर रक्खे थे। वह ऐसा प्रचण्ड वीर था जो पचास सेर का भाला, बारह सेर की ढाल, एक मन की सिलह, सात सेर की शमशीर, तीन सेर की कटार, दश सेर का शिरस्त्राण, आधे मन की सन्नाह और दश सेर के जंघाओं के कवच धारण किए रहता था, फिर भी उसके लिए वह भार कुसम-कली के तुल्य था। अपने विशाल शरीर के अनुरूप ही वह भोजन करता था। ऐसा वह वीर बादशाह की मदद के लिए आगरा पहुंच कर शाहंशाह से मिला। तब उसके साथ मदोन्मत्त पच्चीस गजराज, पांच

सहस्र घोड़े, और अपने हाथों में नंगी तलवारें लिए असंख्य सैनिक थे। एक सहस्र पदाति तो सदा उसकी पेशवाई में चलते थे। उसी दिन गौड़ों का पति राजा शिवराम अपने बंधु पोखरदास सहित आगरा पहुँच कर दाराशिकोह के पास उपस्थित हुआ।

युद्ध में रावत भीमसिंह को मारने वाला राजा रामसिंह राठौड़ आगरा पहुंचा। वह युद्ध में शत्रुओं पर चूक करने वालों में अचूक था। उसने अनेक युद्धों में प्रचण्ड वीरों का संहार किया था। वह ईडर के दुर्गम किले को विजित कर अपनी कीर्त्ति का प्रसारण कर चुका था। संसार में अभ्यागतों को सदैव अन्नादि से तृप्त करने वाला वह वीर रामसिंह दोनों राहों वालों में प्रशंसा प्राप्त था।

उज्जयिनी में राजा जसवंतसिंह के पलायन करने की बात सुन कर राजा भारमल का पुत्र राजा रूपसिंह राठौड़ दिल्ली की शाहंशाही को सुरक्षित रखने के लिए आगरे आया। वह मरुधरा के नर समाज का रूप था। आमखास में पर्वत की भांति अडिग, शत्रुओं के लिए सिंह-तुल्य और शस्त्र-संचालन में महावीर हनुमान के समान बलिष्ठ भुज था।

तदनन्तर अनम्र वीरों को नत सिर करने वाला राजा भीमसिंह गौड़ आया। वह महावीर पांडव भीम के समान गजेन्द्र सेना को चक्राकार घुमा कर आकाश में फेंकने में सबल था। युद्धस्थल में अंगद के समान स्थिर चरण था और धर्मराज युधिष्ठिर-सा सत्यभाषी था। हठ में साक्षात् दुर्योधन था। वह अनेक विद्याओं का तत्वज्ञाता और शरणागतों का ससम्मान रक्षक था।

इस प्रकार अनेक राजा अपनी राजधानियों से प्रस्थान कर आगरा में सम्मिलित हुए। उल्लिखित वीरों के अतिरिक्त केशरीसिंह राठौड़, नाहरखांन सैयद, अलियारखांन, रहमतुला, शत्रुशाल (बूंदी राव से अन्य), महासिंह, नरपाल, रणछोड़दास राठौड़, सुजानसिंह, राजकुमार रामसिंह, कीर्त्तिसिंह कछवाहा, कुशलसिंह, कनकसिंह, दाउदखां और नरपाल भाखरोत आदि वीरों को बादशाह ने शाहजादा दाराशिकोह के सेनापतित्व में विदा किया।

सेना का प्रस्थान हुआ। घनघोर ध्वनि करते हुए त्रम्बागल बजने लगे। उनकी ध्वनि से शेषनाग के शीश पर स्थित धरा और उत्तुंग आकाश गूंज उठे। हाथियों के हलकों ने प्रस्थान किया। उनकी पीठ पर ढालें और नेजे-निशान-हिलते-लुढ़कते थे। वीरघंटों की आवाजें हुईं। पाखरों और आभूषणों की धम-धम ध्वनि होने लगी। उन गजों में कइयों के बेड़ियों पर बेड़ियाँ जड़ी गई थीं।

अत्यधिक रोसीले उन हाथियों के पैर लंगरों से बाँध कर कठिनता से वश में रखे जाते थे । उन पर चँवर ढुलते और उनके कानों पर छोटी-छोटी पताकाएँ फहराती थीं, जो ऐसी प्रतीत होती थीं मानो विन्ध्यगिरि अथवा श्यामल पर्वतों से गंगा बह रही हो। अश्व पाखरों की असीम झणकारें होती थीं । बेलाल जाति के वे अश्व चाल-विशेष से चलते थे । उन पर सवार योद्धाओं के भाले और उनके धातु के बंध अग्नि की भाँति चमकते थे । उन पर नीले-पीले, और हरे आदि कई रंगों के इन्द्र-धनुष के समान रंगों वाले ध्वज फहराते थे । उनमें अपने-अपने आराध्यों के चिन्ह अंकित थे । अपार बाणों के समूह उनकी पीठों पर लदे हुए थे, जो मानो चलते हुए श्मशान ही हों । इस प्रकार धौलपुर-स्थान पर युद्ध लड़ने के लिए उन्होंने चम्बल के तट पर आकर अपने पड़ाव डाले । उस सेना में एक लाख सैनिक और नवहजार गज थे । प्रातःकाल होते ही युद्ध प्रारम्भ करने के लिए उन वीरों ने प्रारम्भिक तैयारी की । घोड़े पाखर और वीर कवच धारण कर सन्नद्ध हुए । तदुपरान्त राव शत्रुशाल, रुस्तमखांन और राजा शिवराम गौड़ युद्धार्थ तैयार हुए । उनके साथ सूर्य, चन्द्र, अग्नि और ऋषि सभी वंशों तथा कुलों के वीर अश्वों पर सवार हुए ।

वाजित्रों का वीर नाद हुआ । उनकी ध्वनि सुन कर दोनों सुल्तानों की सेना तत्पर हुई । मदमस्त-गजेन्द्रों ने गर्जना की । कायरों के मुख की कान्ति मलीन हुई । रज-राशि से रवि प्रतिबिम्ब धुंधला हो गया । वीरों का वरण करने के लिए आकाश में अप्सराओं के समूह आ डटे । पाखरों के बजने की ध्वनि, कवचों की झनझनाहट और अश्वों की हिनहिनाहटों से चतुर्दिक् कोलाहल फैल गया । दोनों पक्षों से क्रमवार योद्धा अश्वारूढ़ हुए ।

संवत् १७१५ जेष्ठ शुक्ला अष्टमी शनिवार के उस दिन दोनों सेनाओं के महावीरों ने युद्ध प्रारंभ किया । दोनों ओर से तोपों के गोलों के प्रहार हुए । तदनन्तर धनुष, तलवार, कटारियां और गदाओं का युद्ध हुआ । उस विकट युद्ध में प्रथम वीर रुस्तमखांन रण-भूमि पर गिरा तब दाराशिकोह ने सैयद नाहरखांन को उसका स्थान ग्रहण करने के लिए उत्साहित किया । तदनन्तर केशरीसिंह, नरहरिदास और पोखरदास रण-खेत रहे । शाहजादा दाराशिकोह ने युद्धभार नाहरखांन पर डाल कर आगरा का मार्ग लिया । शाहजादा के भागने पर शाही सेना में हलचल मच उठी । तब अपने अश्व को चपलता से बढ़ा कर राव शत्रुशाल ने मोरचे को सम्हाला । उसने अपने सामन्तों को प्रोत्साहित कर शाहजादा मुराद को मुकाबिले के लिए ललकारा । राव के साथ राजा शिव-राम, भीम, रामसिंह और राजा रूपसिंह ने भी अपने घोड़ों को आगे बढ़ाया।

उस आक्रमण में राजकुमार भारतसिंह, मोहकमसिंह, गुमानसिंह, जूझारसिंह, जोरावरसिंह हाडा और शिवराम चालुक्य वीरगति को प्राप्त हुए। राजा रामसिंह राठौड़, राव शत्रुशाल और राजा शिवराम गौड़ भी तदुपरान्त असिधारा में अन्तर्लीन हो गए। इस प्रकार धौलपुर का युद्ध समाप्त हुआ।

पूर्व (वाराणसी) का युद्ध

कवि ने पूर्व (बहादुरपुर) के युद्ध खण्ड वर्णन में प्रारम्भ में, उज्जयिनी-युद्ध में वर्णित बादशाह अकबर, जहाँगीर और शाहजहाँ तथा उसके चारों पुत्रों का वर्णन दोहराया है। तदनन्तर शाहजादा शाहशुजा के विद्रोह को विज्ञप्त कर उसे पददलित करने हेतु शाहजादा सुलेमानशिकोह, मिर्जा राजा जयसिंह कछवाहा, राव रायसिंह राठौड़ और राजा अनिरुद्धसिंह गौड़ को ससैन्य भेजने का उल्लेख किया गया है।

शाहजादा सुलेमानशिकोह ने अपनी सेना को युद्ध-सज्जा से सज्जित कर पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान किया। सेना के प्रयाण-समय छत्तीसों प्रकार के वाद्य इस प्रकार व्यंजित हुए जिस प्रकार भाद्रपद में घनघटा ने गर्जन किया हो। उस सेना में दिल्ली-साम्राज्य की रक्षा के लिए सतत तत्पर रहने वाला राजा जयसिंह कछवाहा अश्वारूढ़ होकर चला। राजाओं में श्रेष्ठ राजा माना जाने वाला राव रायसिंह राठौड़ सवार होकर चला। वह रीझ के समय गज-राजों का दानदाता और खीझने पर गज-समूह को चक्राकृति घुमाकर फेंकने में सबल था। तदनुपरान्त वनराज तुल्य पराक्रमी सैनिक-समाज के स्वामि राजा अनिरुद्धसिंह गौड़ ने अश्वारोहण कर प्रस्थान किया। उसका भाई जसवन्तसिंह गौड़ जो सदा युद्ध में अविचल रहने में सुमेरुगिरि के समान माना जाता था, सवार हुआ। वह, राजा अनिरुद्धसिंह का जैसा भाई होंना चाहिए, वैसे ही उच्च गुणों से सम्पन्न था। युद्ध वेला में द्विगुणित जोश के साथ रिपु-समूह का संहार करने वाला मारुराव उदयभानु सवार हुआ। युद्ध में लक्षाधिक विपक्षी सेना को ललकार कर मारने वाला भोजराज खंगारोत अपने वीर साथियों सहित सवार होकर चला। अनेक प्रकार की युद्ध प्रशस्तियों का प्राप्त-कर्त्ता वीर भावसिंह अपने अनुज रणछोड़दास सहित सवार हो कर चला। रुहेला वीरों का प्रमुख, वीर दलेलखांन अपनी सेना को लेकर आगे बढ़ा। गज-मस्तकों पर असि-संघात करने में निपुण सैयद बहादुरखांन अश्व पर आरूढ़ हो रणाभिमुख हुआ। निर्भीत वीर मीरजाफर सवार हुआ। सैयद कासिमखांन ने कवचादि युद्ध-सज्जा से सज कर प्रस्थान किया। उन वीरों के साथ छोटे-बड़े उमराव-योद्धाओं ने घुड़ सवार हो

कर अपने शूरमां सरदारों का अनुगमन करते हुए प्रस्थान किया। इस प्रकार योद्धाओं ने आगरा से प्रस्थान कर यमुना को पार किया। शाहशुजा को दण्ड देने के लिए उद्यत वह सेना अनवरत कूच करती हुई बनारस के समीप गंगा के पास पहुंची। वहाँ विश्राम कर वीरों ने गंगा स्नान किया।

उधर दोनों ओर के गूढ़चर गुप्त सूचनाएँ संकलित करने में सक्रियता बरतने लगे। वहाँ जहाँ-तहाँ से सम्वाद प्राप्त कर अपने-अपने सेना-नायकों को उभयपक्ष की सैनिक गति-विधियों से अवगत करने लगे। तब शाहजादा सुलेमानशिकोह को अनुचरों से सम्वाद मिला कि शाहजादा शुजा सोन नदी के पार उतर कर सहसराव तक आ पहुँचा है। उसकी सेना के हरावल में मुहम्मदहया, जामबेग और राजसिंह हाड़ा जैसे बड़े योद्धा नियुक्त हैं। तब सुलेमानशिकोह ने भी अपनी सेना को गंगा तट पर बनारस में युद्धार्थ सज्जित की।

उधर सहसराव से शाहशुजा ने आगे प्रस्थान किया। वह सेना क्या थी मानो सातों समुद्र ही उद्वेलित होकर पर्वतों को डुबा देने के लिए उद्यत हुए हों। उस विशाल वाहिनी के प्रयाण से मार्ग के सर-सरोवरों का पेय जल सूखकर समाप्त हो गया। काले गजराजों की वह सेना, मार्ग के नगरों को लूटती, उपहत करती दिल्ली पर आधिपत्य स्थापित करने के लिए बढ़ी आ रही थी, मानो मेघों की घटा बरसने के लिए उमड़ कर बढ़ चली हों। इस प्रकार दोनों पक्षों की वीर सेनाएँ गंगा के दोनों दुकूलों पर आमने-सामने आकर डट गईं। तब शाहजादा सुलेमानशिकोह ने अपने सेना-नायकों को युद्ध-मंत्रणा के लिए आमन्त्रित किए। राजा जयसिंह, राजा अनिरुद्धसिंह और राव रायसिंह आए। उन वीरों ने शाहजादा को प्रत्यय दिलाते हुए कहा कि हम दिल्ली पर अधिकार करने की दुर्भिलाषा करने वालों को कुचल कर धूलि समाहित कर देंगे। यह युद्ध तो क्या है, हम पश्चिम दिशा के विशाल पर्वतों तक को अपने बलिष्ठ भुज-पाशों में उठाकर पूर्व दिशा में ला पटकने में समर्थ हैं। उत्तर (बंगाल) दिशा के स्वयंकथित इस बादशाह को ही बंधन में डाल कर बंदीखाने पहुँचा देंगे। हम केवल दिल्ली के शाहंशाह के सम्मुख ही अपना मस्तक नमाते हैं—अन्य किसी के सामने नहीं। बादशाह का अन्न ग्रहण किया है, अतः उस पर किसी प्रकार दोष नहीं लगने देंगे।

तत्पश्चात् दोनों दलों ने अपने-अपने शस्त्रागार खोले। योद्धाओं को सिलह और अश्वों की पाखरें वितरण कीं गई। उभय समूह में आक्रमण की प्रारम्भिक हलचल उत्पन्न हुई। राजा अनिरुद्धसिंह ने अपने योद्धाओं को आहूत किये। उन्हें गंगा का महत्त्व, स्वामिधर्म का पालन, संसार की ममता, जीवन की क्षण-

भंगुरता और युद्ध-मृत्यु का महत्त्व जतला कर उत्साहित किए। उसने कहा—हे वीरश्रेष्ठों! जीवन-मरण के भय-भाव से निर्भ्रम हो कर युद्ध में प्रवेश करो। यह पंचतत्त्वों का शरीर तो अपने-अपने तत्त्वों में अन्तर्लीन हो जाएगा, फिर मरता जीता कौन है? अत: युद्ध में वीरता प्रदर्शन कर कीर्त्ति और लक्ष्मी का संग्रह कीजिए। वैरियों के आयुध-प्रहारों के सम्मुख बढ़िए। यदि रण में मारे गए तो भी लाभ ही है क्योंकि सिर शिव की कण्ठमाल का आभूषण बनेगा, पल से पक्षियों को तृप्ति मिलेगी और अप्सराओं के रूप में सुर-सुन्दरियाँ सुखोपभाग के लिए प्राप्त होंगी। स्वामिधर्म का पालन होगा और यश मिलेगा, अतः कहो—हे वीरों! रण भूमि में प्राणोत्सर्ग करना अच्छा है या पलंग पर पड़े रह कर मरना अच्छा? इस प्रकार उस गौड़ वोर ने महाभारत के योद्धा अर्जुन के समान अपने वीरों को श्री कृष्ण की भाँति जीवन-मृत्यु के रहस्य का बोध कराया। उन वीरों ने युद्ध में प्राण विसर्जन कर सुर बालाओं के द्वारा वरण की कामना के साथ रण में मरने मारने का संकल्प ग्रहण किया।

तब फिर गौड़ों की शाखा-शाखा के वीर सज्जित होकर दरबार में आए। राजा अनिरुद्धसिंह ने शिरस्त्राण तथा कवच धारण किया। उनके सामन्त जसवन्तसिंह, भावसिंह, तेजसिंह, जोरावरसिंह, नवलसिंह, शक्तिसिंह, रुक्मांगद, अचलदास, किशोरदास राव और सांवलदास राव (भाट) सन्नाह सनद्ध हुए। यद्यपि ये भट्ट-बंधु राज्यसंपत्ति से प्रति वर्ष दसमांश प्राप्त करते थे, पर आज अपने स्वामी के सम्मुख युद्ध में लड़ने को उद्यत हो उसका अर्द्ध भाग बँटाने पर तत्पर थे। उपर्युक्त वीरों को तैयार जान, तत्काल ही वीर हरिदास, शिवदास, महेशदास, रामसिंह, डूंगरसिंह, केशवदास, शूरसिंह और कल्याण आदि भी तैयार हुए। इस प्रकार बधु-बांधवों और सज्जित सैनिक समाज में राजा अनिरुद्धसिंह ऐसा शोभायमान हुआ, मानो नक्षत्र रूपी योद्धाओं में वह पूर्णिमा का सोलह कला युक्त नक्षत्रपति चंद्र ही हो।

तदनन्तर धार राज्य का उद्धार-कर्त्ता परमार वीर जुझारसिंह तैयार हुआ। मदमस्त गजसमूह को मारने वाले सिंह तुल्य पराक्रम वाला जसवंतसिंह हाडा तत्पर हुआ। जीवन के प्रति विरक्त, अपार बल वाला मोहकर्मसिह सनद्ध हुआ। उसके साथ ही युद्ध में कर्ण के समान लड़ने में समर्थ कर्ण, सिंह तुल्य साहस-धनी सुजानसिंह, वन के खूंखार सिंह जैसा बली डूंगरसिंह और केशरी खांन तैयार होकर हरावल में नियुक्त हुआ।

तदनन्तर अरि सेना का संहार करने के लिए राजा जयसिंह कछवाहा अश्वारूढ़ होकर रण भूमि की ओर चला। उसके प्रस्थान करने पर एक

बादशाह (शाहजहां) के पक्ष में तो विजय की आशा लहर और दूसरे बादशाह (शाहशुजा) के पक्ष में पराजय की निराशा बढ़ी। उस वीर के तैयार होते ही, शूरसिंह, महासिंह, फतहसिंह, तेजसिंह कछवाहा, मथुरादास गौड़, मधकर (माधवदास ?), रूपसिंह राठौड़ आदि वीर रणभूमि की ओर बढ़े। उन योद्धाओं से घिरा हुआ राजा जयसिंह उस समय इस प्रकार शोभित हुआ, मानो अष्ठ कुली पर्वतों के मध्य सुमेरुगिरि विराजमान हो।

राजा रामसिंह, उदयभानु, दलेलखांन, सैयद बहादुर खां, मीरजाफर आदि वीर, सन्नाह सनद्ध होकर शाहशुजा को पराजित करने के लिए सेना के अग्र-भाग में चले।

शाही दल सवार होकर ऐसे आगे बढ़ा जैसे लहर पर आया हुआ समुद्र उमड़ चला हो। गजराजों पर कसे हुए नक्कारों ने वीर निनाद किया। करनालों का घोर घोष समुद्रों के उस पार तक ध्वनित हुआ। शहनाई और रणतूर्यों का गम्भीर घोष हुआ। तोपों की पंक्तियां चली। गजराजों पर बंधे ध्वजों की डोरियां और लाल पट चमकने लगे। कितने ही वीर माहि-मुरातिव और तोग लिए हुए थे। पदाति वीरों के हाथों में नंगी तलवारें और कन्धों पर बन्दूकें थी। कतिपय कोतिल अश्व मयूर-कला करते चलते थे और उनके साईस लम्बे कदमों से उन्हें सम्हालते हुए चलते थे। उनके सम्मुख मुद्गर तथा गदा-धारी वीर चल रहे थे।

राजा जयसिंह ने हरावल का नेतृत्व ग्रहण किया। कज्जलगिरि की भ्रांति देने वाली अपनी गजसेना को सज्जित कर स्थिर कीं। उनके पीछे जूझारसिंह पंवार, जसवंतसिंह, मोहकमसिंह, कर्णसिंह, सुजानसिंह, डूंगरसिंह, शेरखांन आदि सज कर तैयार हुए। मध्य भाग में शाहजादा सुलेमानशिकोह ने अपनी सेना को तैयार कर स्थिर कीं। मीर जाफर तथा बहादुर खां ने चंदावल, राव रामसिंह ने बाएं पार्श्व और राजा अनिरुद्धसिंह ने दाहिने भाग की सेना का नेतृत्व सम्हाला। इस प्रकार तीस हजार सेना हरावल में उतनी ही गोल में तथा बीस सहस्र चंदावल में और दस-दस सहस्र दोनों पार्श्वों में स्थिर कर मयूर-व्यूह की रचना की। गंगा तट के निकट दोनों सेनाओं में मार-काट मची। सर्वप्रथम परमार और गौड़ों ने शत्रु पर आक्रमण किया। वे बंधन-मुक्त सिंह की भाँति रिपु-सेना पर झपटे। राजा अनिरुद्धसिंह और जाम बेग का सामना हुआ। योद्धाओं के अंग शस्त्राघातों से विंध गए। बाणों की झड़ी लगी। तल-वारों से वज्राग्नि बरसी। कवचों की लोह कड़ियां टूटने लगी। योद्धाओं के स्कन्ध और कटि संधिस्थलों से छिन्न हो पड़ने लगे। भालों की चौधारी मार से

लोहू धाराएं बहने लगीं। योद्धा प्रति योद्धा को ललकार कर प्रहार करने लगे। रणभूमि बसन्त के फाग की आकृति में बदल गई। वीरों के अंग रक्त रूपी गुलाल से रक्तिम बन गए। रवि-रथ आकाश में स्थिर हो गया। शत्रु सेना के पैर उखड़ गए। जामबेग भाग गया। अनिरुद्धसिंह खड़ा रहा।

शाहजादा शुजा के राजचिह्न छीन लिए। उसे जीवित जाने दिया। राजा जयसिंह ने राजचिह्न सहित राजा अनिरुद्धसिंह को शाहजादा सुलेमान शिकोह की सेवा में उपस्थित किया। शाहजादा ने "तुम्हारे ही कारण हम विजयी हुए हैं" कह कर राजा के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। विजय के लिए राजा जयसिंह को बधाई दी। समस्त सेना हर्षित हुई।

उपर्युक्त कथासार से स्पष्ट है कि कवि का उद्देश्य तीनों युद्धों में वीरगति तथा विजय प्राप्तकर्त्ता योद्धा का यश-प्रकाशन था। यद्यपि वह गौड़ों का आश्रित कवि था। अतः गौड़ योद्धाओं के युद्ध का विस्तार के साथ वर्णन करना उसका लक्ष्य रहा है, जो उनका आश्रित होने तथा संख्या में गौड़ों के अधिक मारे जाने के कारण अनुचित नहीं कहा जा सकता। तब भी कवि ने सभी जातियों के वीरों का समुचित वर्णन कर अपनी समन्वय दृष्टि एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण का परिचय दिया है।

साहित्यिक विवेचन

रस

बिन्हैरासो प्रारम्भ से अन्त तक युद्ध-घटनाओं के वर्णन का काव्य है और वीर रस उसका प्रधान रस है। वीर रस के सहायक रूप में उसके मित्र रस वीभत्स, भयानक तथा रौद्र भी ग्रंथ में यथाप्रसंग व्यवहृत हुए हैं। वीर रस के परिपाक में योद्धाओं की दर्पोक्तियां और शस्त्र-संघात आदि का चित्रण बड़ा प्राणवन्त, ओजस्वी एवं चित्रोपमतामय हुआ है। वीर रस की निष्पत्ति के लिए आसेर किले के दुर्गपाल मानसिंह गौड़ का शाहजादा औरंगजेब को दिया गया वीरोचित उत्तर देखिए:—

मुणै येमि भड़ मांन, सुणो अवरंग सुलिताणं।
साहिजिहां पतिसाह, जांणि राखै जमिरांणं॥
दूठ जेणि मौ दियै, दुरंग जिण रीति स देस्यां।
दूजां सो गहि दुजड़, येमि खळ खट्ट रचेस्यां॥
जिण बात फेरि जाणो रखे, जुद्ध बळाबळ जूटसी।
तूटिसी सीस असुरां तणां, तवि आसेर न तूटसी॥

धौलपुर के युद्ध में शाही सेनानायक शाहजादा दाराशिकोह के रणभूमि से पलायन करते समय सैयद योद्धा नाहरखांन ने सेना का संचालन और युद्ध का भार ग्रहण किया उस समय उसने शत्रु सेना का सामना करते हुए दृढ़ निश्चय के साथ कहाः—

नाहर किम नीसरै, नांम नाहर किम रख्यौ।
दोइ राह यम कह्यौ, साहि आलम मुख अख्यौ ।।
और मरैं व्है सैद, हम जीवतैं कहावैं।
सैदों की क्या रहै, नाजि जो काम न आवैं ।।
हरवल्ल तुमैं हम नां किया, मन यह रह्या मजा खरा।
यक चोट लरौं ठड्ढौ यहां, (तुम) गहौ कोट जा आगरा ।।

गौड़ सेना के अनेक योद्धा रण-मस्त हुए सीधे शाहजादा औरंगजेब पर आक्रमण कर उसे धराशायी करने के लिए दिशा-संकेत पूछते हैं:—

गज फौजां वेहंडी, हठी हरवळ बंगाळां।
खग बाहै होलाळ, खूंदि ढौहिया बढ़ाळां ।।
भड़ां चौळ बंबाळ, घटां पूरै कस घावां।
मुणि बीरभद्र मुरारि, किसूं पीथल्ल कहावां ।।
सांईदास राजसी मांनसी, हद्द मरद्द कुसळौ हठी।
ऊन आस भांण वेऊ कहै. कहौ बाग लीजै कठी ।।

सेनाओं के प्रयाण, तीर-तोपों के बाण-गोलों की गर्जना और शस्त्रों के प्रहारों से उत्पन्न भयानक स्थिति की पृष्ठभूमि में भयानक रस को अभिव्यक्ति मिली है। योद्धाओं के पारस्परिक प्रहारों के रूप में एक उदाहरण देखिएः—

झिलैं सूर सामन्त बाहै झटक्का।
घड़ा ढ़ंग कुढ़ंग रा लै घटक्का ।।
गजां तणां कुंभाथ्ळां सैल लग्गै।
बळे धार हूं धार डंकार बग्गै ।।
कड़ी झड़ै जरद्दां तणी जोध कट्टै।
झटक्का केई ढाल हूंता उभट्टै ।।
बाहै येमि गुरज्जां फरस्यां गुपत्ति।
ढहै जोध असवार जाये धरत्ति ।।
वहै येमि चूगा चपेटा सबाहं।
गजां टूक पड़िया मचै गज्जगाहं ।।

वीभत्स रस का उप-संयोजन करने का भी कवि ने प्रयत्न किया है। युद्ध-स्थल में गज, अश्व और अंग-छेद योद्धाओं के मांस, मज्जा, आंतें आदि पर आमिषचारियों के मंडराने का वर्णन करते हुए लिखा है—

कहुं परै बीर खंडह बिहंड ।
कहुं परै सुण्ड दण्डह प्रचंड ।।
कहुं परै अन्त दन्तह उलझ्भि ।
असिहार फिरै तिह बार मझ्भि ।।
कहुं परै रुण्ड मुण्डह असुण्ड ।
कहुं परै तुंग कहुं परै भुण्ड ।।
कहुं परै लुथ्थि ऊपरि सु लुथ्थि ।
कहुं परै मंसि कहुं परै बुथ्थि ।।
खळकंत श्रोण तवि नाळ खाळ ।
तहां तीर बीर भैरू बिताळ ।।
चवसट्ठि तहां भरि पीवै पत्त ।
सारद्द तंड नारद्द नृत ।।
तहां लियै ईस सीसह सुभट्ट ।
किरमार धार धड़ हूं बिछुट्ट ।।

राजस्थानी काव्य की वर्णन-परम्परानुसार युद्ध-स्थल के मध्य योद्धाओं के कवचादि तथा अप्सराओं के वस्त्रा-भूषण धारण करने के बहाने कवि ने शृंगार वर्णन का भी अवसर निकाल लिया है जो कि परम्परायुक्त होते हुए भी बड़ा सजीव और मोहक है ।

यत सूर कवचि पहरैं सु हेत ।
उत रंभ कंचुकी तनी देत ।।
यत सूर पांग बंधै सु बीर ।
उत रंभ चीर पहरै सु धीर ।।
यत सूर टोप बंधै अतूल ।
उत रंभ दहैं सिर सीस फूल ।।
यत सूर ढाल बंधैं अमांन ।
उत रंभ तरौनां पहरि कांन ।।
यत दस्तान सूर बंधैं अभंग ।
उत रंभ करत मेंहदीन रंग ।।
कर सूर खाग मंजै कराळ ।
बहो रंभ नैन अंजै बिसाल ।।

संसार और जीवन के विषय में शूरवीरों का दृष्टिकोण सामान्य जन से भिन्न होता है । शरीर को वे मरणधर्मी मान कर मृत्यु से सदा अभीत रहते हैं । अतः युद्ध को एक सामान्य जीवन-व्यापार से अधिक महत्व देते हैं तो उसे अश्वमेघ यज्ञ के समतुल्य फलदाता अथवा मुक्ति के साधन के रूप में ही ।

मुक्ति के इस अभियान में कर्त्तव्य-रत योद्धा अपनी आत्मा को ब्रह्मज्योति में मिला कर चिरंतन शांति और सुख को प्राप्त करता है। इस भाव की प्रेरक आसक्तिविहीन उक्तियों में जो दार्शनिक तत्व छिपा है, उसका अवलोकन करने से वीर रस के साथ शान्त रस के गठ-बंधन का जो आभास, वीर भावनाओं के अतिरेक के फलस्वरूप हुआ है, वह भी अवलोकनीय है—

कहै राव सत्रसाल सुणौ भड़ भीछ कहावं।
उरध मंडळ भेद तणा कोइ लैहैं लाहवं।।
करि इस्ट द्रढ़ दमन भेदि सह कमळ उचाई।
स्याम काम धरि मनैं यह पग धरत सवाई।।
व्रहमंड फूटि चालै सु तैं जोतिहि जोति मिलाइयां।
यह घरै पांव असमेद का, दोय मुकति यक पाइयां।।

इस प्रकार कवि ने वीर, भयानक, वीभत्स आदि मित्र रसों के साथ-साथ शृंगार और शान्त रस की कुछ भाव-भूमियों को भी छुआ है।

अलंकार

अलंकारों के प्रयोग के प्रति कवि का विशेष आग्रह तो नहीं रहा है, फिर भी समूचे काव्य में अनेक अलंकारों का स्वाभाविक प्रयोग हुआ है। डिंगल-काव्य-परम्परानुसार वैणसगाई (वर्ण-मैत्री) अलंकार का प्रायः सभी छंदों और सभी स्थलों पर प्रयोग हुआ है। यह वस्तुतः एक प्रकार का अनुप्रास अलंकार होता है। शब्दालंकारों में वयण सगाई के अतिरिक्त यमक, पुनरुक्तवदाभास और अनुप्रास के अनेक भेदों का प्रयोग काव्य में हुआ है। अर्थालंकारों में उपमा, रूपक, अनन्वय, उल्लेख, अत्युक्ति, ध्वन्यर्थ व्यंजन, सन्देह और उत्प्रेक्षा के उदाहरण मिलते हैं। कुछ उदाहरण कवि के कला-कौशल को समझने की दृष्टि से यहां प्रस्तुत किए जा रहे हैं—

अनुप्रास— तवियै भड़ येह मुरारि तणां। घण घाय विभाड़ण फौज घणां।।
सजि सूर सनाह सनाह सजै। रण रूप जिसा नवनाथ रजै।।

श्रुत्यनुप्रास— (१) खयराड़ पहाड़ बराड़ खत्री।
(२) बंधै गाढ़ में बाढ़ जमदाढ़ गाढ़ं।
(३) कसै बाग केकाण केवाण कस्सै।

वृत्यनुप्रास— (१) सजि सूर अनै सामंत सार।
(२) तांणै तेज तंग दुतंग।

छेकानुप्रास— बटका बटका बीथरै, तटका झटका तांन
घटका वढि पड़िया घणां, कुटका कुटका कान।।

सर्वान्त्यानुप्रास— गोवरधन चंदह तणी कूपां किरनाळा ।
महि देणां अरि मारणां बेऊ विरदाळा ।।
जोधा रिड़मल चौंड रा बीका बाहाळा ।
सलखा बीरम जैमला धूहळ धज्जाळा ।।

यमक— (१) चम्मर जेमि चम्मर चार ।
(२) महामत्तिवाळै महामत्तिवाळै ।
(३) मौसरां ऊगा मौसरां खग ब्रंदा खट्टै ।

पुनरुक्तवदाभास— तड़फत भड़ां घड़ टूटै तंडळ बधि संधाण बंधाण ।
फबिया रत घट जांणै फूटा रंग मजीठ मंचाण ।।

उपमा— (१) बारा अपार अणपार बाण । मूराड़ जेमि वहता मुसांण ।।
(२) भींवड़ो जिसो पण्डू रो भींव ।
(३) चित येह बिहूं बळ चमर ढाळ ।
भळहळै दिवाकर जेमि भाळ ।।
(४) गंगेव जेमि अणभेव ग्यांन ।
सरणाय राय राखण समांन ।।

रूपक— (१) बजै सद्द नद्दं छत्तीसं बिहद्दं ।
पुणै मेघ अग्राज तैं भाद्रपद्दं ।।
(२) नरसिंघ रूप भयांण भाळै लांगूवा लंकाळ ।
गाहिया गोपदंन्त गैमर डोळिया तर डाळ ।।
(३) करी जिन नाळि करी जिन कोर ।
घटा घहरि जनु चारों हि ओर ।।

अनन्वय— (१) अजण जेहा अजण रचेबा सु महारण ।
(२) मोहोक्कमं जेहा मोहोक्कमं ।
(३) भीम जिम भीम गयंदां भमाड़ ।
(४) दळ जेहा दरियाव ।

उल्लेख— अजमेरि धरा आदीत ऊगि ।
पयनिधी परां परकास पूगि ।।
भीमाळ वंस ऊजाळ भूप ।
धर खळां तेज परजाळ धूप ।।

अत्युक्ति— (१) असा बाण वेऊ दळां तणा ऊडै ।
बंवे भाण धूंवाण मझ्झेस बूडै ।।
(२) धम धंमयं बाजिय धूजि धरा ।
रज उड्डिय बुड्डिय सहसकरा ।।

वृत्त्यर्थ व्यंजन—	अगगं अगगं गजराज गजै । घननं घननं घन घट्ट बजै ॥ रमझमं थमथमं घूघरयं । प्रति बाजत ते हय पक्खरियं ॥
सन्देह—	बियडांण कसैंस नींसाण बजै । गति मेघ किनां महरांण गजै ॥
उत्प्रेक्षा—	(१) छुटा जिम पावक बाण छुटन्त । वहां धनु ते मनौं बाण छुटन्त ॥ .... तुपक्कन ताड़ पड़ै यक तार । मनौं बिरखा यह होत अपार ॥ .... समट्टिय छुट्टिय भ्रिगनि बांन । मनौं अहिपंख उड़ै असमांन ॥ .... गुरज्जन मार परैं गमकार । मनौं घन कुट्टत लोह लुहार ॥ ....
दृष्टान्त—	(१) मिळै वाय मधि वाय, सुन्नि मधि सुन्नि समावै । तेज तेज में मिळे, पिण्ड घर मांहि मिळावै ॥ आप आप मिळ जाय, रहै अपणौ नह कोई । सत रज तम जिस मांय, जको ले देय समोई ॥ नह तात न मात न भ्रात पुणि, उड़ै हंस राखै कवण । टग टगी लाय रहिये जितैं, भरियौ तजि जाये भवण ॥ (२) यत करही सूर सनांन दान । उत रंभ कर ही मंजन बिधान ॥ यत सूर रांग बंधै असंकि । उत सूर सजै लंहगानि लंकि ॥

कवि ने जहाँ अनेक अलंकारों का प्रयोग यथा स्थान किया है, वहाँ उत्प्रेक्षा का बाहुल्य भी दृष्टिगोचर होता है । उत्प्रेक्षा का अधिक प्रयोग केवल इस ग्रंथ में ही नहीं अपितु इस प्रकार के अन्य ग्रन्थों में भी प्रायः देखने को मिलता है । अलंकारों के प्रयोग को देख कर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कवि की सूझ-बूझ और उसका अध्ययन किस कोटि का है ?

भाषा-शैली

रासो की भाषा ब्रज-मिश्रित डिंगल है और उसमें राजस्थानी भाषा की

मेवाड़ी की क्रियाओं का पुट लक्षित होता है। गद्य-खण्डों में आधुनिक हिन्दी के विकासोन्मुख प्रारम्भिक काल की झलक भी दिखाई पड़ती है। अनेक स्थलों पर अरबी, फारसी और तुर्की के शब्दों का भी प्रयोग हुआ है। मध्यकालीन भारतीय योद्धाओं का अधिकांश समय मुगल दरबार और उनके शासित प्रान्तों में बीतता था। मुगलों के अत्यधिक सम्पर्क के कारण योद्धाओं के आवास-भवनों, वेश-भूषा और शस्त्रादि में मुस्लिम-संस्कृति के अनेक तत्व जाने-अजाने मिल-घुल गए थे। फलस्वरूप यहां की भाषा में भी उनकी भाषाओं के शब्दों का मिल जाना स्वाभाविक था। इस प्रकार रासो में मुस्लिम संग-सम्पर्क और वातावरण के कारण तत्कालीन व्यवहृत शब्दों का संमिश्रण प्राप्त होता है। ऐसे शब्दों में तोग, समसेर, वाका, जहमत्ति, कासीद, बफाति, फजरि, सरजा, करनाळ, नरजान, तखतरेवान, जासूस, बिलंद, बहरख, तसब्बी, चिलकंतो और जनंब्बर आदि अनेक शब्द गिनाए जा सकते हैं।

यह ऐतिहासिक युद्ध-काव्य है। इस कोटि की प्राचीन काव्य-कृतियों में बहुधा संयुक्ताक्षरों और विकृत-वर्णों का बाहुल्य पाया जाता है, पर रासो में शब्दों की अनावश्यक विकृति और क्लिष्ट पद-योजना को अधिक स्थान नहीं मिला है। प्राचीन कवियों की यह धारणा रही है कि संयुक्ताक्षरों और द्वित्वक्षरों के अभाव में युद्ध का वातावरण निष्पन्न नहीं हो पाता और उसके अभाव में ओजगुण का सम्यक् प्रभाव स्थापित नहीं होता; पर रासो में शब्द-विकृति और कृत्रिम-शब्दायोजन के बिना भी ओजगुण प्रभावशील बन पड़ा है। इस प्रकार यह काव्य कृत्रिमताजन्य उपर्यंकित दोष से मुक्त ही माना जा सकता है। अरबी और तुर्की आदि विदेशी भाषाओं के शब्दों के साथ-साथ मराठी के केतला और चा विभक्ति के कहीं-कहीं प्रयोग अलबत्ता हुए हैं, जो डिंगल में प्रायः सर्वत्र प्रचलित रहे हैं।

कवि डिंगल का प्रौढ़ और अधिकारी विद्वान् था। वह, काव्य में किस स्थल पर, किस प्रसंग में, किस योद्धा के लिए और किस वातावरण के लिए किस प्रकार की शब्दावली उपयुक्त और प्रभावी हो सकती है, से भली-भाँति विज्ञ था। अतः उसने काव्य में योद्धाओं की युद्ध-क्रियाओं और युद्ध के वातावरण के अनुकूल शब्दावली का प्रयोग कर अपनी काव्य-कला-दक्षता और भाषाधिकार का परिचय दिया है। युद्धस्थल के वातावरण और गजाश्वों के युद्ध-स्थल में प्रवेश की क्रियाओं को चित्रोपमता देते हुए वर्णन किया है—

अगगं अगगं गजराज गजै। घननं घननं घन घंट बजे॥
रमझंमं घमघमं घूघरयं। प्रति बाजत ते हय पक्खरियं॥
घम घमंय बाजिय घूजि धरा। रज उड्डिय बुड्डिय सहसकरा॥

घसमस्सि घमस्सि जवान घसै । किंरवानन तोड़ि कमांन कसै ।।
खिलि मिल्लिय भिल्लिय छक्करयं । मनु कुंद तुरंगन बक्करयं ।।
पग छुट्टिय संकुल छुट्टि पटा । घनघोरि मिळी दहुंवोर घटा ।।
हिंगलिय यल्लगिय हूल हुयं । घमगज्जर गज्जिय मांचि धुयं ।।

योद्धाओं के पारस्परिक शस्त्र-संघात और घायलों की दशा तथा युद्धस्थल की वीभत्सता के वर्णन में कवि ने सशक्त भाषा का प्रयोग किया है । उपमा और रूपक अलंकार की छटा भी इस पद्यांश में दर्शनीय है—

महा जोध जोधा मिळै मांचि मारं । घड़ां बेहड़ां तेहड़ां तूटि धारं ।।
धरा बासतां घूवळा नाद ढंवके । भिलै भिल्लरी देवद्वारे भरणंक्के ।।
पड़ै जूजुवा टूक यूं हाथ पावं । बहै श्रोणितं नाळ खाळं बहावं ।।
पड़ै सीस रुण्डं पड़ै रुंड प्रेतं । खिलै जुग्गनि खप्र लै मज्झ खेतं ।।
पड़ै लंक हूं टूटि जोधा अनन्तं । कलेजं सबूकं बिसथरी अतं ।।
पड़ै फेफरं गूद नै मेद फूटै । तिनं ऊपरां गिद्धनी झूंड तूटै ।।
घट्टां घाव लग्गास घूमै घुरक्कै । फटा सीस फूटास केई फरक्कै ।।
उड़ी खोपरी मज्झि भेजो स येखी । दहेड़ी जांणै ढांकणी खोल देखी ।।
अनै छातियां घाव केतां स आगे । पुळेवा लजै जोध लंकाळ पागे ।।
कितां छातियां घाव लागे कटारी । बणे राज आवास जाणेस बारी ।।

उपर्यंकित सरल तथा प्रवाहयुक्त शब्द-योजना के पश्चात् अब कुछ पंक्तियां विकट शब्दावली की देखिए, जिसमें द्वित्त्य वर्णों का प्रयोग भी निःसंकोच किया गया है ।

सजि सूर सुभट्टं थूरण थट्टं थट्ट गरट्टं तेथहया ।
बीरारस बट्टं ऊपट पट्टं ऊभट भट्टं ऊलहिया ।।

× × ×

मिळि दीठि दीठि दहूं दळां मद्धि ।
उलट्टिय फट्टिय सात उदद्धि ।।
निघस्सिय खोड़ हजार सुनद्ध ।
सुणं सुरलोक महि पड़ि सद्ध ।।
भन्नकिय सद्द नफेरि न भेरि ।
रुन्नकिय डंडन की बजि फेरि ।।
धुन्नै सिर सेस गिरां सिर धूजि ।
हयख्खुर खेह बिभाकर बूजि ।।

× × ×

पड़े लट्ट चट्टं । बिकट्टं बिकट्टं ।।
पड़ें बंहं गट्टं । बढें लोयघट्टं ।।

कचं आच कख्खं । बणे दाव बख्खं ।।
मंडे मत्तिवाळं क ग्रहे कलाळं ।।
मुकंदे मरट्टं । ठेले गज थट्टं ।।

कवि ने रासो में गद्य-खण्डों में वचनिका और दवावैत का प्रयोग किया है। दवावैत में लघु वाक्यों की योजना और राजस्थानी गद्य के सुष्ठु प्रयोग का एक उद्धरण में देखिए—

"हठ का हमीर । ओहठमाल । भांवतां के भावता । अणभावतां के नाट-साल । सत का समूह । ध्रम की पाज । गदाई का कल्पितरु । जोग की जिहाज । तेज का सूरिज । मूरति का मैण । दुसमनों के दावानळ । सैणों का सैण । दिल का दरियाव । दरियावों सा गहर । दरियावों सा फेर । दरियावों की लहर ।"

यद्यपि कवि ने गद्य-खण्डों का अत्यल्प ही प्रयोग किया है, परन्तु इन अल्प प्रयोगों में ही कवि की गद्य-शैली का नैपुण्य प्रकट हो जाता है । यहां वचनिका का एक अन्य उदाहरण दिया जाता है जिसमें आधुनिक खड़ी बोली के पूर्व रूप प्रयुक्त क्रियाओं का स्वरूप दृष्टिगोचर होता है—

"करनाळों का सोर घमक बजै घनघोर । अराबों की आवाज जुरे अनुरूध महाराजाधिराज । कोहोकबांन चंद्रबांन छूटते हैं । तारे आसमान से तूटते हैं । सुलतान कों वारे गया जामबेग खरा रया । बात करतें बेर लगै । जोधा जुड़ै कायर भगै । राव किसोर सै यौं फुरमाया—जामबेग चलाय आया । बेग के पीलवान नैं हाथी डाल्या । पाहर जैसा पगां चाल्या । ये तै दरम्यांन कौन खड़ा रहै । हाथी का धका हाथी सहै ।"

काव्यकार ने योद्धाओं की जातियाँ, प्रान्त अथवा स्थान, अस्त्र-शस्त्रों तथा घोड़ों की जातियां, रंग और चालों की नाम-गणना कराते हुए लम्बी सूचियां दी हैं । इन स्थलों में कवि के इतिहास, आयुध-विद्या और शालिहोत्र शास्त्र के अध्ययन का समुचित परिचय मिलता है । कहीं-कहीं ग्रंथ में पात्रों के नामों के स्थान पर उनके समानार्थक शब्द भी काम में लिए गए हैं । यह प्रवृत्ति डिंगल काव्यों और डिंगल गीत साहित्य में भी पाई जाती है । उदाहरणार्थ कुछ पंक्तियाँ इस प्रकार हैं—

अर्जुन के लिए उसका पर्यायवाची 'पाराथनामी' शब्द का प्रयोग हुआ है—
नरांनाथ ऊभो स 'पाराथनांमी' । पृ० ५१

सुमेरसिंह के लिए सुमेरु गिरि का पर्यायवाचो 'गिरमेर' शब्द का प्रयोग किया है—

नाना गोपालदास दादा 'गिरमेर'। पृ० ११७

कई स्थलों पर योद्धाओं के नाम के आधे भाग का ही प्रयोग किया गया है और कहीं कहीं नाम को विलोम कर दिया गया है, जैसे गोपालदास के लिए 'पाळ' और उदयभानु के लिए 'भांण' शब्द प्रयुक्त हुआ है—

'पाळ' री जोध लंकाळपति, भीछां कहै सुभल्ल रं।
क्रन भ्रास 'भांण' बेऊ कहै, कहो बाग लीजै कठी। पृ० ९७

इसी प्रकार जसवंतसिंह और रूपसिंह के लिए केवल 'जसवंत' और 'रूप' ही रख दिया है—

भाजियो सुणे 'जसवंत' भड़, 'रूप' रूप चढियो रणे। पृ० ११५

निम्नांकित पद पंक्ति में 'सुजाणसिंघ' के स्थान पर उसका उलटा 'सिंघ-सुजांण' और 'दल्लेलखांन' के लिए 'खांन दलेल' प्रयुक्त हुआ है—

सुणं हरवल्लह 'सिंघ सुजांण'। पृ० ७१
दळां 'खांन दल्लेल' चढं दुहेला। पृ० १४२

अनेक स्थानों पर योद्धाओं के नामों के अल्पार्थ प्रयोग किए गए हैं, परन्तु ये प्रयोग अवज्ञा अथवा छोटापन प्रकट करने के उद्देश्य से नहीं किए गए हैं अपितु कवि का उन स्थलों पर पात्र के प्रति सम्मान, प्रेम और घनिष्टता व्यक्त करना ही लक्ष्य रहा है। जैसे भीमसिंह के लिए कवि ने 'भींवड़ो' और राजा भीमसिंह सीसोदिया के लिए 'भीमांणी' का प्रयोग किया गया है। यहाँ भींवड़ो और भीमांणी महत्ववाची रूप ग्रहण किए हुए हैं।

'भींवड़ो' जिसौ पंडू रौ भींव, सात्रवां गढ़ां ऊपाड़ सींव। पृ० ११९
'भीमांणी' रासो भयंक, साबळां वोपै असंक। पृ० ६६

अल्पार्थ की भाँति ही महत्ववाची सम्बोधनों के भी ग्रंथ में पर्याप्त प्रयोग मिलते हैं, जैसे 'कुसळसिंघ' के लिए 'कुसळेस' और रतनसिंघ के लिए 'रतनेस'; 'मुंकदसिंघ' के लिए 'मुकंदेस' और 'जूझारसिंह' के लिए 'जूझार' महत्ववाची रूप में प्रयुक्त हुए हैं। साक्षी के लिए दो पंक्तियाँ प्रस्तुत हैं—

हुई बार 'कुसळेस' रै फतै हाथां, नरां चाढणो नीर रणधीर नाथां। पृ० १६६
परमारह सूर 'जूझार' पुणं, सिरदार जको जुधबार सुणं। पृ० १५४

डिंगल काव्य परम्परा के अनुसार नामों के रूप भेदों का काव्य में अच्छा प्रयोग किया गया है; जैसे—गौड़ योद्धा अर्जुन के लिए निम्नांकित नाम भेद व्यवहृत हुए हैं—अजमल, अजमाल, अज्जमल, अरजण, अरज्जण, अरजन और अजा आदि।

छंदों की पादपूर्ति के लिए ह, स, ज और य वर्णों का प्रयोग हुआ है। प्रमाणार्थ 'ह' और 'स' के प्रयोग निम्नलिखित पंक्तियों में देखे जा सकते हैं—

'गोवरधन चन्द्रह तणो' और 'नरां नाथ ऊभो स पाराथनांमी।' पृ० ५१

कवि ने स्थान-स्थान पर मुहावरों और कहावती पद्यांशों का प्रयोग कर भावों को प्राञ्जल और भाषा को सरस तथा चमत्कृत रूप प्रदान किया है।

अजमाल लूण ऊजळ करां, आजि लड़ां मुंह आगळां। पृ० ४१

यहाँ 'लूण ऊजळ करां' मुहावरा है।

पत्त चाढ़ण आजि स जहाजपुरं।

यहाँ पर 'पत चाढ़ण' मुहावरा है।

पुणे घात-पाती अंग नी काढ़ि परखे। पृ० ५०

यहाँ 'घात-पाती' मुहावरा है।

माल्वै राव काचौ मतौ मंडियौ। पृ० ५२

यहाँ 'काचौ मतौ मंडियौ' मुहावरा है।

सबै ऊपरां ऊबरी जेणि बत्तं। पृ० ११४

यहाँ 'ऊबरी जेणि बत्तं' मुहावरा है।

दारासाहि पल्लौ गह्यौ नाहर सैद निबाहियां। पृ० १२८

यहाँ 'पल्लौ गह्यौ' मुहावरा है।

कवि ने कहावती पद्यांशों का पर्याप्त प्रयोग किया है। इनसे जहाँ भाषा में लालित्य आया है, वहां भावों में वजन भी। यही नहीं पाठक के मन पर योद्धा के चरित्र की उदात्तता का प्रभाव भी यह कम उत्पन्न नहीं करते हैं। यहां कुछ उदाहरण दिए गए हैं—

'सती तणो नारेळ' तिको 'वेहड़ो उंताळो'। पृ० ४२

बुधसेणि तणो 'अबरी स बरं'। घण नीर चढ़ावणहार घरं॥ पृ० ४३

'कांम रो कोट' कहिये किसोरं। पृ० ५४

भिड़े काजि 'अदां तणो बांधि भारो'। पृ० ५४

'अनथ्थां नाथणो' साहि छळि गौड़ सपांणो। पृ० ११२

अन्त में कहना होगा कि अकृत्रिम भाषा, ओजपूर्ण उक्तियां, स्वाभाविक अलंकार, सशक्त पद्यांश और अवसरानुकूल शब्दावली के प्रयोग से समूचा ग्रंथ दीप्त है।

छंद

रासो में कवि ने इकतीस प्रकार के छंदों का प्रयोग किया है, परन्तु लक्षणों के आधार पर भुजंगप्रयात और भुजंगी के लक्षणों में कोई अन्तर अथवा भेद

नहीं मालूम पड़ता। इसी प्रकार कवित्त और छप्पय भी लक्षणों के अनुसार अभिन्न ही परिलक्षित होते हैं। वस्तुत: ग्रंथ में प्रयुक्त कवित्त हिन्दी का छप्पय छंद ही हैं। अत: लक्षणों के आधार पर उनतीस प्रकार के छंदों का प्रयोग हुआ है। वैसे कवि छंद शास्त्र का विद्वान् था। उसने अपनी अन्य काव्यकृतियों में कतिपय अन्य प्रकार के छंदों का भी प्रयोग किया है। किन्तु यहां कवि की प्रवृत्ति आचार्यत्व प्रकट करने की न होकर ऐतिहासिक काव्य के रूप में वीरों का वीरत्व-प्रदर्शन तथा गुणानुवाद करना ही उसे अभीष्ट था। कृति में प्रयुक्त छंदों के अवलोकन से लगता है कि वीरगाथा काल का छप्पय छंद कवि को विशेष प्रिय रहा हैं। यह छंद पृथ्वीराज रासो में भी अन्य छन्दों के अनुपात में अधिक व्यवहृत हुआ है। अत: कवि को अपने ग्रंथ का रासो नाम होने के कारण नाम की साम्यता तथा स्वयं चन्दवरदाई का सजातीय होने के कारण भी यह छंद अधिक प्रिय रहा हो तो कोई विस्मय नहीं।

कवि ने संस्कृत के त्रोटक, मोतीदाम, शार्दूल विक्रीड़ीत, गाथा तथा हिन्दी के दोहा, सोरठा, छप्पय, बेअखरी आदि का प्रयोग किया है तो डिंगल के प्रसिद्ध गीत छंदों में झमाळ और भाखड़ी आदि का प्रयोग भी अधिकारपूर्ण ढंग से किया है। गद्य-खण्डों में दवावैत और वचनिका के सुन्दर प्रयोग भी यथास्थान मिलते हैं। इनके अतिरिक्त डिंगल के रेड़की, रोमकंध, किलकिला आदि छंद भी उसके द्वारा प्रयुक्त हुए हैं। इसके आधार पर कहा जा सकता है कि कवि डिंगल और पिंगल के छंदशास्त्रों से भली भांति परिचित था। प्रयुक्त छंदों में कुछ को छोड़ कर अधिकांश छंदों के लक्षण हमें डिंगल और पिंगल के प्रकाशित छंदशास्त्रों में मिल जाते हैं। पर ताटंक, अलिला, सागर और वेली भुजंगी आदि छंदों का जिस रूप में इस ग्रंथ में प्रयोग हुआ है, उस रूप में प्राप्त लक्षण ग्रंथों में या तो उपलब्ध नहीं होते या मेल नहीं खाते हैं। छन्दशास्त्र का विषय अपने आप में बहुत बड़ा विषय है और अभी तक अनेक छंद-शास्त्र प्रकाश में भी नहीं आए हैं, ऐसी स्थिति में इन छंदों के सम्बन्ध में प्रामाणिक तौर पर कुछ कहना संभव नहीं है। इस ग्रंथ में जो छंद प्रयुक्त हुए हैं, अध्येताओं की सुविधा के लिए परिशिष्ट में छंदानुक्रमणिका के रूप में उनका निर्देश कर दिया गया है।

यहाँ मैं एक बात और विद्वानों से निवेदन कर देना चाहता हूँ कि इस ग्रंथ की एक ही प्रति उपलब्ध होने से और विभिन्न छंदशास्त्रों में छंदों के लक्षणों में अन्तर होने के कारण ग्रंथ के सम्पादन में यथोचित सतर्कता रखते हुए भी यदि छंदगत कोई कमी रह गई हो तो उसे सम्पादक की विवशता ही समझें।

चरित्र-चित्रण—

वैसे तो कवि ने सभी योद्धाओं का चरित्र-चित्रण करने का प्रयास किया है। सेनानायकों में राजा जसवंतसिंह, राव मुकंदसिंह हाडा, अर्जुन गौड़, राव शत्रुशाल हाडा, रुस्तमखां बहादुर, राजा शिवराम गौड़, राजा रूपसिंह राठौड़, राजा रामसिंह राठौड़, मिर्जा राजा जयसिंह, राजा अनिरुद्धसिंह गौड़, और भीमसिंह गौड़ के चरित्र को उभार कर रखने में कवि को बड़ी सफलता मिली है। परन्तु इन प्रसिद्ध और ख्याति-लब्ध योद्धाओं के अतिरिक्त भी कवि ने अनेकानेक योद्धाओं पर यथास्थान एक-एक छप्पय कवित्त लिख कर उनकी वीरता, स्वामि-धर्म, कर्त्तव्यपरायणता और युद्धार्थ कटिबद्धता का बड़ी ही ओजस्वी एवं प्रवाह युक्त शैली में वर्णन किया है, जिसे पढ़ते ही पाठक के हृदय में एक प्रकार की स्फूर्त्ति और योद्धा के प्रति सद्भावना उत्पन्न हो जाती है।

उदाहरण के लिए उज्जयिनी खण्ड के ऐसे योद्धाओं में शाहपुरा के शासक सुजानसिंह सीसोदिया का एक छप्पय द्रष्टव्य है—

सीसोदियो 'सुजाण' मरण कारण ऊमाहै।
भांण मंडळ भेदवा, चित्त येहा सह चाहै॥
कड़ा-भीड़ कग्गळां, गलां राखण अगंजी।
खग चाढै खरसांण, मेटि मटसांण स मंजी॥
चित्तौड़ नीर चाढ़ण चढ़ै, चालै केमि अचल्ल रो।
सिरदार बिन्है फौजां सिरै, मुणियै सूरजमल्ल रो॥

धौलपुर खण्ड के योद्धाओं के परिचय में भी कवि ने प्रत्येक योद्धा का स्वतंत्र वर्णन किया है। इससे कवि के वर्णन-कौशल का ही भान नहीं होता है बल्कि उस के गहरे इतिहास-ज्ञान का भी बोध होता है। जिन योद्धाओं का वर्णन इतिहास ग्रंथों में दुर्लभ है, उनका परिचय तो यहाँ और भी महत्व रखता है। धौलपुर समर के योद्धा शिवराम चालुक्य का परिचयात्मक उदाहरण इस प्रकार है:—

चाळक बंस उजाळ, नांम 'सिवरांम' कहांणों।
खैराड़ो खग झाट, रीसि गज सीस बहांणों॥
'सत्रसल' आगळि सूर, खळां फाड़ै अवझाड़ै।
केसरिया अंग साजि, जिरह जूसण बीभाड़ै॥
दइवांण असुर दळ दाहिवा, बिहसि बिहसि आघा धरै।
'अवरंग' 'मुराद' ऊपरि उरड़ि, सूंडाडंड निरळंग करै॥

योद्धाओं के परिचयात्मक वर्णन में कवि ने हिन्दू और मुसलमान उभय धर्मों एवं जातियों के योद्धाओं पर समान रूप से प्रकाश डाला है। इस ओर

कवि का पर्याप्त व्यापक दृष्टिकोण रहा है। पूर्व या बनारस युद्ध के योद्धा दलेलखांन रुहेला का कुल परिचय देकर कवि ने युद्ध में उसका स्थिति-निर्देश करते हुए लिखा है:—

विढ़ण करेबा खेल, खांन चढ़ियो खग साहें।
अंग जको बजरंग, सूर ढांपियां सनाहें।
मैमंतां गाजतां, अनै ताता अश्वाकी।
रुहेला रिमराह, बांह देखतो कजाकी।।
घर गाजि बाजि हुव घूहळां, दिल्ली सिर दावा दिया।
जैसिंघ तणै हरवळ जको, करण फतै मुहरै किया।।

इस प्रकार प्रत्येक वीर का स्वतंत्र रूप से चित्रण कर कवि ने उनकी कीर्ति और कार्य को तो अमर बनाया ही है, पर साथ ही अपने कृतित्व को भी महत्वपूर्ण बना दिया है।

ऐतिहासिक मूल्यांकन

बिन्हैरासो में बादशाह शाहजहां के तीन विद्रोही पुत्र शाह शुजा, मुराद और औरंगजेब के बनारस (बहादुरपुर), उज्जयिनी (धर्मतपुरा) और धौलपुर (शामूगढ़) के ऐतिहासिक युद्धों का तीन खण्डों में सविस्तार वर्णन किया गया है। यद्यपि तीनों शाहजादों में सर्व प्रथम बंगाल के राज्यपाल शाह शुजा ने बादशाह शाहजहां की मृत्यु के प्रवाद को वास्तविक मृत्यु मान कर अपने आपको बादशाह घोषित किया था। उसके ताज धारण कर दिल्ली-आगरा पर अधिकार करने के लिए प्रयाण करने की सूचना के बाद शाहजादा मुराद और औरंगजेब ने भी अपने-अपने प्रान्तों से सेनिक तैयारी के साथ आगरा की ओर प्रस्थान किया। इस प्रकार घटना-क्रम के अनुसार पहला विद्रोह और प्रथम युद्ध शाही सेना और शाह शुजा के मध्य दि० १४ फरवरी, १६५८ में बनारस के समीप बहादुरपुर स्थान पर हुआ था। उस युद्ध में शाहजादा शुजा की पराजय और शाही सेना की विजय हुई। किन्तु कवि ने उस प्रथम युद्ध का रासो में सब के अन्त में वर्णन किया है। इस वर्णन क्रम की पृष्ठ-भूमि पर विचार करने पर जान पड़ता है कि कवि द्वारा इस क्रम को आगे-पीछे रखने के पीछे दो बातें मुख्यतया उसके मस्तिष्क में रही होंगी। प्रथम तो बनारस के युद्ध के परिणाम की समग्र सूचना आगरा पहुंची, तब तक उज्जयिनी के युद्ध का आयोजन प्रारंभ हो गया था। अतः उस युद्ध की तिथि, योद्धाओं की जानकारी और अन्य आवश्यक प्रसंगों की वास्तविक परिचिति जो ऐतिहासिक काव्य ग्रन्थ के लिए आवश्यक थी, कवि को विलम्ब से मिली होगी। और उज्जयिनी का युद्ध जो

राजस्थान की सीमा से बहुत अधिक दूरी पर नहीं हुआ था तथा उस युद्ध में उसके आश्रयदाता अर्जुन के मारे जाने की जानकारी कवि को बनारस के युद्ध की जानकारी से पूर्व ही मिल गई होगी। द्वितीय कारण भारतीय साहित्य में दुःखान्त घटनाओं को सुखान्त रूप में पर्यवसित करने की परम्परा रही है। नाटकों और आख्यायिकाओं में ऐसा किया जाता रहा है। ऐतिहासिक काव्यों में भी युद्ध नायक के अवसान को अप्सराओं के साथ प्रणय करवा कर स्वर्गलोक, शिवलोक, चन्द्रलोक आदि के अलौकिक वैभवों की सुखद कल्पनाओं के द्वारा अशुभ को शुभ और अमंगल को मंगल रूप देकर अन्त सुखान्त बना दिया जाता है। यहां कवि ने ऐसी अलौकिक कल्पना न कर प्रथम युद्ध को जिसमें शाही पक्ष की विजय हुई थी, अन्त में वर्णित कर काव्य को अशुभ अथवा दुखान्त नहीं बनने दिया है। अतः कवि का यह क्रम सप्रयोजन भी मान लिया जाए तो कोई आपत्ति-जनक नहीं कहा जाना चाहिए।

रासो में उपन्यस्त क्रम से प्रथम युद्ध दि० शुक्रवार, वैशाख वदि ६, १७१५ विक्रमी (शुक्रवार १६ अप्रैल १६५८ ईस्वी) को उज्जयिनी (मालवा) के रण-क्षेत्र में हुआ था। प्रस्तुत युद्ध के शाही पक्ष की सेना के नायक जोधपुर के राजा जसवंतसिंह और कासिम खां तथा विपक्ष की सेना के नायक शाहजादा औरंगजेब और मुराद थे। शाही पक्ष के उप-सेनानायक अर्जुन गौड़ (राजगढ़ वालों का पूर्वज) और राव मुकन्दसिंह हाडा कोटा थे। उनके सहायक उप-सेनानायकों में राजा रायसिंह सीसोदिया, राजा रतनसिंह राठौड़, राव अमरसिंह चंद्रावत, शाहपुरा का शासक सुजानसिंह सीसोदिया, राजा देवीसिंह बुन्देला, राजा सुजानसिंह बुन्देला, वेलू परशु मरहठा आदि प्रमुख थे। विद्रोही पक्ष के उप-सेनानायकों में शाहजादा मुहम्मद सुल्तान और निजाबत खांन थे तथा उनके सहायकों में सफशिकन खां, शेख मीरक, बहादुर खां, अल्लाहयार खां, केशरीसिंह राठौड़, भगवंतसिंह हाडा, रघुनाथसिंह मेड़तिया आदि थे। तीन प्रहर के भयानक घमासान संग्राम के बाद शाही पक्ष की सेना का पक्ष निर्बल पड़ गया। युद्ध में शाही पक्ष की पराजय के आसार स्पष्ट जान कर प्रधान सेनानायक राजा जसवंतसिंह और कासिम खां एवं राजा रायसिंह, राजा देवीसिंह, राजा सुजानसिंह, वेलू परशु मरहठा और राजा जसवंतसिंह के श्वसुर राजा बैरीसिंह खण्डेला, राजा छत्रमणि करौली, राव अमरसिंह रामपुरा आदि सहायक उप-सेनापति रणभूमि का त्याग कर पलायन कर गए। राव मुकन्दसिंह हाडा, वीर अर्जुन गौड़, राजा रत्नसिंह राठौड़, सुजानसिंह सीसोदिया, दयालदास झाला, विट्ठलदास चांपावत और गोवर्द्धनदास चन्द्रावत (राठौड़) प्रभृति वीर अपने अनेकानेक सामन्तों,

सैनिकों और बन्धु-मित्रों सहित रणक्षेत्र में वीरगति को प्राप्त हुए। विद्रोही शाहजादों की विजय हुई।

इस युद्ध के वृत्तान्त के समसामयिक अरबी फारसी के ग्रंथों, राजस्थानी ख्यातों तथा ऐतिहासिक पत्र-पट्टों के अतिरिक्त ऐतिहासिक काव्य ग्रंथों में अद्यावधि 'वचनिका राठौड़ रतनसिंघजी री महेसदासोत री खिड़िया जगा री कही' की अत्यधिक चर्चा एवं प्रसिद्धि रही है। वैसे प्रसंगवसात् कुंभकर्ण सांदू कृत रतन रासो, जयचंद्र यति कृत सईकी, सगता सांदू कृत इन्द्रसिंघ री रूपक, कविया कर्णीदान कृत सूरज प्रकास और महाकवि सूर्यमल मिश्रण कृत वंशभास्कर में भी वर्णन मिलता है। परन्तु प्रथम तो ये ग्रंथ युद्ध-घटना के बहुत बाद में लिखित कृतियां होने से तथा द्वितीय 'सूरज प्रकास' जैसे ग्रंथ राजा जसवन्तसिंह के उत्तराधिकारी महाराजा अभयसिंह के आश्रय में रचे जाने के कारण ऐतिहासिक तथ्यों से कोसों दूर ही नहीं निकल गए हैं अपितु सत्यता की निर्मम हत्या भी की गई है। उदाहरण के लिए राजा जसवंतसिंह के उज्जयिनी युद्धस्थल से पलायन को किस साहस से छिपा कर पराजय को धूमिल करने का प्रयत्न किया गया है, इस रूप में देखने योग्य है—

दस हजार रवदाळ पड़े गज भिड़ज अपारां।
अंग असि अर आपरै, वहै रत लहि विहारां॥
गूड हाडा गहलोत त्रुटे सिव चख ततरासै।
रूक झटां राठोड़, सूर पड़िया सतरासै॥
वचियो न एक लख दळ विचै, जवन घकै चढ जेण सूं।
'अवरंग' 'मुरादि' वंचिया उभै, आव न तूठी एण सूं॥[1]

अतः ऐसी सूरत में 'वचनिका' की भांति बिन्हैरासो ही एक ऐसा प्रामाणिक ग्रंथ है, जो घटनाओं की फारसी आधारसम्मत पूरी-पूरी जानकारी ही नहीं देता है, अपितु घटनाकृत अतिशयोक्ति जैसे मान्य दोष से भी अछूता है।

उज्जयिनी युद्ध के लिए खिड़िया जगा कृत 'वचनिका' एक महत्व का काव्य-ग्रंथ है अतः रासो के साथ उसको ऐतिहासिक तुलना दर्शाना भी अनुपयुक्त नहीं होगा।

यद्यपि रासो का लेखक कविराव महेशदास वचनिकाकार कविवर खिड़िया जगा की भांति अपने आप को युद्ध वेला पर उज्जैन में उपस्थित रहने और

---

[1] सूरजप्रकास, सं. सीताराम लाळस, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, भा. २ पृ. २१ छं. २३।

आंखों देखा वर्णन करने का घोष तो नहीं करता है, पर वह इस युद्ध के उप-नेता अर्जुन गौड़ का दरबारी और आश्रित कवि था।[1] इससे उसे घटनाओं की विस्तृत जानकारी होना स्वाभाविक ही है। जहां तक उसके द्वारा वर्णित घटनाओं की सत्यता का प्रश्न है, उसने 'राजरूपक' के कर्त्ता बीरभाण रत्नू की तरह योद्धाओं के नाम, उनका कुल-परिचय, घटनाओं के स्थान और युद्ध की तिथि, वार, समय आदि दिए हैं और प्रत्येक अवसर का जिस विस्तार और आत्मविश्वास के साथ वर्णन किया है, उससे यह भली भांति प्रमाणित होता है कि कवि ने चाहे आंखों से सारा हाल न भी देखा हो, पर उसने घटनाओं की सत्यता के नजदीक रहने का भरसक प्रयत्न किया है।

वचनिका में राजा छत्रमणि यादव, राजा वैरीसिंह शेखावत, राजा अमरसिंह कछवाहा और विपक्षी सेना के शाहजादा-द्वय के अतिरिक्त अन्य बड़े योद्धाओं का नामोल्लेख न पाया जाना कवि खिड़िया के उज्जयिनी युद्ध के समय वहां उपस्थित रहने तथा आंखों देखा वर्णन करने के कथन के प्रति एक स्वाभाविक संशय ही उत्पन्न नहीं करते, बल्कि उसकी एतिहासिकता की कमी की ओर भी एक संकेत दे जाते हैं। रासो में ऐसा अभाव नहीं है। महेशदास ने उज्जयिनी संग्राम विषयक जो विवरण रासो में दिए हैं, वे समकालीन ख्यात ग्रंथों की भांति विस्तृत और अधिक प्रामाणिक, विश्वस्त और ऐतिहासिक महत्व के प्रतिपादक हैं। अतः इस युद्ध से सम्बन्धित अद्यावधि उपलब्ध ग्रंथों में विस्तार, जानकारी और प्रामाणिकता की दृष्टि से रासो एक अन्यतम ऐतिहासिक महत्व की उपलब्धि है।

गुजरात के राज्यपाल शाहजादा औरंगजेब के विद्रोह की गुप्त सूचना प्राप्त होने पर बादशाह शाहजहां के निर्देश से शाहजादा दाराशिकोह ने राजा जसवंतसिंह को औरंगजेब को पददलित करने के लिए भेजने से पूर्व राजा के मन्सब और सम्मान में अभिवृद्धि की तथा उपहारों से पुरस्कृत किया और उसकी वैयक्तिक सेना के अतिरिक्त अनेक शाही मन्सबदारों के रूप में गौड़ों, राठौड़ों, हाडों, सीसोदियों, यादवों, बुन्देलों, कछवाहों, मरहठों और यवनों की सेनाओं को भी साथ में विदा की थीं। राजा जसवंतसिंह के आगरा से मालवा की ओर प्रयाण करने के बाद शाहज़ादा दाराशिकोह और सम्राट शाहजहां को

---

[1] बिन्हैरासो, परिशिष्ट १ (ख) में प्रकाशित गीत—'कदै गाळ बावै नहीं साख तेरह कमंध' गीत की एक अन्य प्राचीन प्रतिकृति के शीर्षक पर 'गीत अरजन गौड़ नूं घर रा भाट रो कह्यो' अंकित मिला है।

मुराद के विद्रोह और सैनिक अभियान की भी सूचना मिल गई थी। दोनों शाहजादों की सम्मिलित सेना को राजा जसवंतसिंह की सेना द्वारा पराजित कर पाना संदिग्ध और असम्भव समझ उसकी मदद के लिए कासिम खां के नेतृत्व में एक बड़ी सेना पीछे से और भेजी थी, जो युद्ध के पूर्व ही राजा जसवंतसिंह की सेना से जा मिली थी।

यद्यपि जसवंतसिंह उज्जयिनी के इस युद्ध में शाही पक्ष द्वारा मनोनीत प्रधान सेनानायक था। युद्ध के संचालन का नैतिक और वैधानिक दायित्व उस पर था। उसने उस दायित्व के निभाने की अपनी ओर से पूरी चेष्टा भी की थी। परन्तु वह औरंगजेब जैसे कैतव-प्रकृति, अग्रदर्शी और अनेक युद्धों में अनुभव प्राप्त योद्धा की तुलना में युद्धों की व्यावहारिकता से अनभिज्ञ और अपरिपक्व मति था। वह कंधार आदि के युद्धों में नियुक्त तो हुआ था, परन्तु स्वतन्त्र रूप से किसी युद्ध का संचालन करने का अवसर और अनुभव उसने प्राप्त नहीं किया था। अतः वह उज्जयिनी में विद्रोही शाहजादों से पूर्व पहुँच कर भी उनको पराजित करने के लिए कोई प्रभावशाली व्यवस्था नहीं कर सका। और न दोनों शाहजादों को नर्मदा को पार करने से तथा सम्मिलित होने से ही रोक सका। दोनों शाहजादों के नर्मदा नदी को पार कर आगे बढ़ आने की सूचना भी उसे तो राजा शिवराम गौड़ के द्वारा प्राप्त हुई, तब कहीं अपनी सेना के शिविर और युद्धस्थान की व्यवस्था की गई। इन तथ्यों से जसवन्तसिंह के गुप्तचर विभाग की निष्क्रियता, स्वयं की अनुभवहीनता और रणनीति-पटुता के अभाव की स्पष्ट झलक मिल जाती है।

विद्रोही पक्ष के उज्जयिनी में पहुँच जाने पर शाहजादों के दूत द्वारा जसवंतसिंह को युद्ध न करने और उनको वृद्ध बादशाह की मिजाजपोशी के लिए आगरा जाने देने की स्वीकृत्ति की बात जिस साहस और निर्भीकता से अस्वीकृत की उसमें तो उसकी बुद्धिमानी और क्षत्रियोचित वीरता लक्षित होती है। परन्तु उसके बाद जिस युद्ध-कौशल की पटुता, तत्परता और सतर्कता बरतने की आवश्यकता थी, वह उससे बरती नहीं जा सकी। रासो के वर्णन के अनुसार तो जब शाहजादों का मार्गविरोध न करने का प्रस्ताव अस्वीकृत हो गया और उभय पक्षों में लड़ना निश्चित हो गया था तब हाडा और गौड़ वीरों ने विपक्षी सेना से लड़ने की प्रारम्भिक तैयारी संपन्न कर ली थी। उसके बाद राजा जसवंतसिंह ने युद्धार्थ-व्यूह रचना करने का आयोजन किया और अपने जातीय वीरों को मंत्रणा के लिये बुलाया। वचनिका में भी संधि का उपक्रम समाप्त हो जाने पर युद्ध मंत्रणा का वर्णन मिलता है। परन्तु वचनिका और रासो दोनों

में ही राजा जसवंतसिंह के अपने सरक्तीय योद्धाओं के अतिरिक्त गौड़ों, हाडों, सीसोदियों, मरहठों, बुन्देलों और यवन योद्धाओं को युद्ध मंत्रणा में सम्मिलित न करना, जसवंतसिंह के युद्ध करने के निर्णय की शिथिलता और हिलते हुए मन की ओर स्पष्ट इंगित करता है ? वह युद्ध का प्रधान सेनानायक था । उसे हिन्दू और यवन योद्धाओं को युद्धार्थ आदेश देने चाहिये थे । उन्हें व्यूह रचना की मंत्रणा में सम्मिलित करना चाहिये था और नहीं तो कम से कम राव मुकंदसिंह हाडा को तो उस मंत्रणा में आमंत्रित करन आवश्यक था, जिसे वे उज्जयिनी की तरफ आते समय एक दिन कोटा में ठहर तथा साथ लेकर आये थे, परन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया ।

उपर्युक्त तथ्यों के उद्घाटन से स्पष्ट है कि दोनों सेनाओं में युद्ध प्रारम्भ होने के कुछ पूर्व तक राजा जसवंतसिंह युद्ध में भाग लेने का निर्णय नहीं कर पाए थे । विद्रोही शाहजादों को पददलित करने के लिए आई हुई शाही सेना में कुछ ऐसे विघटनकारी तत्व मौजूद थे जिन पर राजा जसवंतसिंह का कोई प्रभाव नहीं था । विभिन्न जातियों के प्रमुख योद्धाओं का विश्वास भी वे प्राप्त नहीं कर पाए थे, ऐसा आभास चर्चित विवरणों से मिलता है । अतः युद्ध में प्रवेश करते समय जसवंतसिंह के मस्तिष्क में पराजय की आशंका रही हो तो असंभव नहीं कहा जा सकता । यह शंका इस तथ्य से और भी पुष्ट होती है कि युद्ध से पलायन करने वाले उसके सम्बन्धियों में राजा छत्रमणि यादव, राव अमरसिंह चंद्रावत, और राजा बैरीसिंह शेखावत के नाम भी अंकित हैं इस प्रकार सभी सम्बन्धी योद्धाओं के एक साथ युद्ध का त्याग करने के पीछे कुछ अन्य राजनैतिक कारण भी रहे होंगे, अन्यथा ये सभी एक साथ युद्ध का त्याग कर अपने योद्धाचरित्र को कदापि कलंकित नहीं करते । अतः संभवतया युद्ध के प्रारंभकाल में ही उसके परिणाम की जानकारी जसवंतसिंह को हो गई थी ।

रासो और वचनिका में एक और बड़ा और महत्वपूर्ण मतभेद यह है कि जसवंतसिंह और कासिम खां के रण-त्याग करने के बाद सेना का संचालन-भार राजा रत्नसिंह पर रहा था अथवा अर्जुन गौड़ ने ग्रहण किया तथा जसवंतसिंह आदि के पलायन कर जाने के बाद युद्ध चलता रहा या बन्द हो गया । रासो और वचनिका उनके पलायन कर जाने के बाद भी युद्ध जारी रहने की बात पर एक मत हैं । इस सम्बन्ध में ख्यातों के अतिरिक्त भी अन्य स्रोतों से युद्ध के प्रारंभ रहने की जानकारी मिलती है । राजा जसवंतसिंह की सेना के साहनी कम्मा जगराज कुंभकरणोत परिहार का एक समकालीन डिंगल गीत मिला है, जिसके शीर्षक के लेख

से भी युद्ध के प्रारंभ रहने की पुष्टि होती है।[१] यह संभव भी है कि प्राचीन पद्धति के बड़े युद्ध किसी योद्धा या नायक विशेष के पलायन कर जाते ही सर्वथा समाप्त नहीं हो जाते थे। द्वितीय मारवाड़ की ख्यात की एक प्रति में राजा रत्नसिंह की मृत्यु निम्नलिखित योद्धाओं के साथ दी गई है और तदनन्तर राजा जसवंतसिंह के रणत्याग कर मारवाड़ की ओर प्रस्थान करने का विवरण दिया है।[२] राजा रत्नसिंह की मृत्यु हरावल की पंक्ति के प्रथम आक्रमण में हो जाने की सूचना आलमगीर नामा और कतिपय फारसी स्रोतों के आधार पर लिखित डा० यदुनाथ सरकार की 'हिस्ट्री आफ औरंगजेब' में भी मिलता है। बिन्हैरासो भी रत्नसिंह की मृत्यु जसवंतसिंह के पलायन करने से पूर्व ही स्वीकार करता है। इस प्रकार जसवंतसिंह के रण-क्षेत्र त्याग जाने के बाद के युद्ध संचालन की रत्नसिंह के विषय की कल्पना सारभूत नहीं जंचती। वैसे भी उस समय की सैनिक प्रणाली और युद्ध-पद्धति के अनुसार जातियों की सेनाएं अपने कुल के नेता के नेतृत्व में रहती थीं। इस युद्ध में भी वे अपने अपने जातीय घटकों में अपने सजातीय प्रमुखों के

---

१ गीत साहणी कमा जगराज कुंभकरणोत पढ़ीयार रो उजेण री वेढ़ बाबत महाराजा नूं सात कोस पोंहचाय पाछो आय काम आयो।

—राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर का संग्रह

२ राव रतन वगैरे घणां काम आया। हाथी खेत रहा। च्यार घड़ी पाछली रा पातसाही फौज बीचळी श्री महाराज घोड़ा ऊठाया। खास हाथी सूं बरछी वाही। नीबाब १ ठौड़ रह्यो नै पछै सीरदार आसकरणजी महेसजी बाग झाली नै मांडां काढ़िया। सू वैसाख बद ऽऽ सोझत पधारीया। आखातीज सोझत करने वैसाख सुद ७ जोधपुर पधारीया नै उजीण री राड़ मैं काम आया सु बीगत पातसाही उमराव दो फेरां पछै काम आया। (१) रा. राव रतनसिंघ म्हेसदासोत दलपत ऊदैसिघोत जालोर राजथांन पछै रतलाम। (२) रा. भाई फतेसिंघ म्हेसदासोत। (३) ५० रजपूत वेली पचास। (४) बारहट जसो राव रतन रो। (५) गौड़ अरजन. बीठलदासोत वेली ४० कांम आया। (६) नीबाब ईफतखार खां सीपाई २०० कांम आया। (७) कासम खां मालक थो सो तो नीसरीयो नै सीपाई लड़िया। (८) झालो दयालदास नरहरदास सांवळदासोत रो आदमी ४० कांम आयो। (९) झालो भाई राघोदास सूधो कांम आयो। (१०) हाडो मुकंदसिघ लोहो लाग नै कांम आयो नै भाई ३ जुजारसिंह, कान्ह, मोहणसिंघ माधोसिंघ रा कांम आया। कीसोरसिंघ लोहो लागां सुं ऊपाड़ियो आदमी २०० सीपाई सुं कांम आया कोटा रा धणी। (११) सीसोदीया कीसनसिंघ नाराणदास सगतावत रो कांम आयो। (१२) सीसोदीयो रुकमांगद सुरतांण अचलावत। (१३) रा. गोरधन चांदावत कूंपावत चंडावळ। (१४) सीसोदीयो सुजाणसींघ सूरजमलोत बेटां ५ सूं कांम आया साहपुरा रो धणी।—राठोड़ां री ख्यात सीताराम लाळस जोधपुर की संग्रह प्रति

नेतृत्व में ही विभाजित थीं और उसी व्यवस्था-क्रम के अधीन उन्होंने युद्ध में भाग लिया था। इसलिए जसवंतसिंह और कासिम खां के बाद किसी एक योद्धा के पूर्ण नेतृत्व की धारणा उचित नहीं लगती।

रासो में विपक्षी सेना-नायक औरंगजेब और अर्जुन गौड़ का पारस्परिक युद्ध अन्त में वर्णित है। रासोकार ने नायक से नायक का युद्ध करवा कर अर्जुन गौड़ को उप-सेनानायक और इस खण्ड के काव्य का नायक चित्रित कर उप-सेनानायक की कोटि में पहुंचा दिया है। उल्लिखित तथ्यों के कारण वचनिका के आधार पर प्रतिष्ठापक उज्जयिनी युद्ध के उप-सेनानायक राजा रत्नसिंह के मृत्युसमय का प्रश्न फिर भी जीवित रह जाता है, जिस पर इतिहास के विद्वानों को उपर्युक्त संदर्भों के आधार पर पुनः विचार करना है।

तृतीय, वचनिका में जहां राजा जसवंतसिंह और राठौड़ सेना के योद्धाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है, वहां रासो में इस युद्ध में सम्मिलित एव वीरगति पाने वाले और पलायन करने वाले—सभी योद्धाओं पर समुचित प्रकाश डाला गया है। इस प्रकार युद्ध में शरीक योद्धाओं के साथ न्याय तो दर्शाया ही है, पर साथ ही काव्य के महत्व को व्यापकता और विस्तार भी प्रदान कर दिया है।

कवि ने राजा जसवंतसिंह, राव मुकंदसिंह और अर्जुन गौड़ का अपनी-अपनी सेनाओं सहित अलग अलग चित्रण किया है, जिससे राजपूत-युद्ध प्रणाली के अनुसार तीनों प्रमुख योद्धाओं का अलग और स्वतंत्र अस्तित्व भी स्पष्ट हो गया है, जो उचित और प्रमाण सम्मत है। राव मुकंदसिंह और अर्जुन गौड़ ने इस युद्ध में बलिदान होकर जिस वीरता और स्वामि-धर्म-निष्ठता का परिचय दिया, वह बहुत ध्यान देने योग्य है। मुकंदसिंह ने जहां कंधार के युद्ध में दाराशिकोह के सहयोगी निजाबत खां को स्पष्ट रूप से यह जवाब दिया था कि 'ये लोग, जो मेरे साथ हैं, साधारण किराये के टट्टू नहीं हैं, वे मेरे भाई-बंद और नातेदार हैं। मैं उनको वहां नहीं भेज सकता हूं जहां मैं स्वयं नहीं जाना चाहता हूं।'[1] वहां इस युद्ध में, उसी ने परिस्थिति की गंभीरता और शाहजहां के वृद्धावस्था के वचनों को ध्यान में रख कर अपना ही नहीं अपने भाइयों और अन्य साथियों का सर्वस्व युद्ध-वेदी पर चढ़ा दिया।

इन प्रसंगों के अतिरिक्त कवि ने शाहजादों के उज्जयिनी की ओर आते समय

---

[1] दाराशिकोह, डा० कालिकारञ्जन कानूनगो, पृ. ३६

माँडू और आसेर दुर्गों को हस्तगत करने तथा वहां के दुर्गपालों को अपने साथ मिलाने के प्रयत्न-प्रसंगों, राणा राजसिंह से सैनिक सहायता प्राप्त करने के आयोजन आदि ऐतिहासिक संदर्भों की ओर भी आवश्यक संकेत दिए हैं।[१]

उपर्यंकित इन ऐतिहासिक तथ्यों के अतिरिक्त भी रासो में योद्धाओं की वेशभूषा, विभिन्न प्रकार के कवचों, आयुध-प्रकारों, अश्व-गजों की नस्लों, व्यूह रचनाओं और अप्सराओं के वर्णन के रूप में नारी समाज के आभूषणों, पोशाक, पूजा-पाठ, दान-पुण्य आदि का वर्णन देखने योग्य है, जो सांस्कृतिक और समाज-शास्त्रीय अध्ययन की सामग्री प्रदान करते हैं।

उज्जयिनी युद्ध के नायक का निर्णय

बिन्हैरासो में वर्णित उज्जयिनी युद्ध के दो प्रसंगों से यह विदित होता है कि शाही सेना के प्रधान सेनानायक राजा जसवंतसिंह राठौड़ थे। उन में प्रथम तो यह कि बादशाह शाहजहाँ और शाहजादा दाराशिकोह को जब यह विश्वस्त सम्वाद मिला कि मालवा में शाहजादा मुराद ने अपने आपको बादशाह घोषित कर दिया है और गुजरात का शासक औरंगजेब भी उससे मिल गया है और वे दोनों अपनी-अपनी प्रान्तीय सेनाओं को सुगठित कर दिल्ली और आगरा को अधिकृत करने के लिए प्रस्थान करने की योजना में रत हैं, तब उन्होंने जोधपुर के राठौड़ नरेश को दरबार में आमन्त्रित किया और उनकी प्रशंसा करते हुए कहा—

यम साहि दारा ऊचरै, हजरति फुरमाये।
तैं भुजां दिल्ली तखत, गजपत्ति जाये॥

तदनन्तर राजा के द्वारा शाहजादों का अवरोध करने की स्वीकृति प्राप्त कर बादशाह की तरफ से शाहजादा दाराशिकोह ने उनके पंचहजारी मन्सब में अभिवृद्धि कर एक साथ सप्तहजारी बनाया और पांच गज, एक सौ अश्व तथा सिरपाव प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके सहयोग के लिये अनेक मन्सबदार, सामंत, राजा, राव, उमराव, और यवन योद्धाओं को नियुक्त कर मालवा की ओर विदा किया।

द्वितीय दोनों विद्रोही शाहजादों ने शाही सेना द्वारा उज्जयिनी के पास आगरा जाने का मार्ग अवरुद्ध पाकर राजा जसवंतसिंह को मार्ग न रोकने और आगरा जाने देने का दूत के साथ अनुरोध करना जो राजा जसवंतसिंह के सेना-

---

[१] इस कथन के प्रमाण के लिए देखें राणा राजसिंह के नाम औरंगजेब के पञ्जे के निशान वाले पत्र, वीर विनोद, कविराजा श्यामलदास, द्वि. भा, पृ. ४१४-४२३

नायक होने तथा काव्य के नायक की भी भूमिका का निर्माण करता है। अतः यहाँ तक तो जसवंतसिंह के सेनानायक और काव्यनायक होने में कोई संदेह नहीं उठता है, परन्तु तदुपरान्त युद्ध की मंत्रणा, सेनाओं की तैयारी, मोर्चा बन्दी, व्यूह-रचना और राजा जसवंतसिंह, राव मुकंदसिंह तथा अर्जुन गौड़ तीनों की सेनाओं का युद्धप्रवेश और उनकी सवारी का अलग-अलग रूप में समानस्तर पर वर्णन करना राजा जसवंतसिंह के प्रधान सेनापति और काव्य-नायक के अधिकार के सम्मुख एक शंकाजनित समस्या उत्पन्न कर देता है। इस प्रकार युद्ध में प्रवेश करते समय तीनों योद्धाओं को एक समान स्थिति और स्तर पर ला बिठाता है।

अर्जुन गौड़ द्वारा अपने दूत के माध्यम से यह कहलवाना कि "शाहजादे युद्ध हेतु पूरी तरह सन्नद्ध हो कर सिर पर आ लगे हैं और राजा जसवंतसिंह तैयारी तो दूर रही पर अभी तक शैय्या से उठा तक नहीं है" से लगता है कि जसवंतसिंह ने युद्ध में भाग लने के प्रति कोई उत्साहजनक निर्णय तब तक नहीं लिया था।[1] राजा जसवंतसिंह के प्रति उपर्युक्त कथन उसके प्रधान सेनानायक के प्रति असन्तोष ही प्रकट नहीं करता, उसके सेना के नायकत्व के प्रधानत्व के अधिकार पर भी आघात करता है। यद्यपि जसवंतसिंह ने युद्ध में भाग लिया और उसकी सेना के राठौड़, भाटी, कछवाहे आदि अनेक सामन्त रण में पराक्रम दिखा कर वीरगति को प्राप्त हुए। जसवंतसिंह को रणक्षेत्र छोड़ने के लिए बलात् बाधित किया गया। राव मुकंदसिंह हाडा भी अपूर्व शौर्य्य-प्रदर्शन कर रण खेत रहा। तब तीनों नायकों में एक अर्जुन गौड़ अवशेष रहा। उसने स्नान, आराध्य पूजा और विप्रों को स्वर्णादि दान कर प्रतिनायक शाहजादा औरंगजेब का सामुख्य किया। अपने योद्धाओं द्वारा प्रतिनायक पर आक्र-

---

[1] 'अजरण' बसीठी उल्लहे, दळ 'मुकंदेस' दुबाह।
'जसमंत' अजै न जागियो, सिर लग्गा पतसाह॥

मुणै अजमाल मुकंदेस हूंतां मरद्दं।
साहिजादा बिन्है आय चढ़िया सरद्दं॥
मारुवै राव काचो मतो मांडियो।
तिजड़ गही बिन्है फौजां सिरै तांडियो॥
पहर राति हूंता गहर बाणां पड़ै।
असुर दिल्ली वणै राज लेवा अड़ै॥
'सूरहर' देखिये नको भाभो सम्मरां।
दाखवै यतां ऊपरां खाली डम्मरां॥

मण करने के लिए उसकी पहचान के चिह्नादि के बाबत पूछे जाने पर वह कहता है—

जितं मेक रहं दक्खिणावं।
तसं ऊपरां लोह सन्दूक लावं।।

दिढ़े गाढ़ मांझीस बैठो दुबाहं।
सही जांणिजै वोह अवरंग साहं।।

तदनन्तर वह अपने योद्धाओं सहित औरंगजेब से सामुख्य युद्ध कर धराशायी हो जाता है।

अतः उल्लिखित घटना-प्रसंगों से निम्नांकित तथ्यों का उद्‌घाट होता है—

(१) युद्ध-भूमि में सक्रिय भाग लेने की अन्तिम मंत्रणा में राजा जसवंतसिंह का राव मुकंदसिंह, अर्जुन गौड़ आदि को न बुलाना तथा उनके यहाँ स्वयं या प्रतिनिधि को न भेजना और जसवंतसिंह से आदेश लिए बिना ही युद्ध का प्रारम्भ होना।

(२) जसवंतसिंह, मुकंदसिंह और अर्जुन की सवारियों और युद्ध का अलग-अलग वर्णन करना, जो नेतृत्व को युद्धस्थल में तीन भागों में विभाजित कर देता है।

(३) प्रतिपक्षी सेना के नायक औरंगजेब से अर्जुन गौड़ का युद्ध करवाना, जिससे सांकेतिक रूप में यह पुष्टि होती है कि इस युद्ध में अन्तिम रूप से नायकत्व का सेहरा अर्जुन गौड़ पर आ जाता है। डिंगल की प्राचीन काव्य-परम्परा में भी सेनानायकों के प्रत्यक्ष युद्ध को बड़ा महत्त्व देने की परिपाटी रही है, उसका निर्वाह भी इस प्रकार से हो गया है।

धौलपुर युद्ध के नायक का निर्णय

बिन्हैरासो के इस द्वितीय खण्ड में शाहजादा दाराशिकोह और विद्रोही शाहजादे औरंगजेब तथा मुराद के धौलपुर (सामूगढ़) के युद्ध का वर्णन है। यह ऐतिहासिक युद्ध दि० जेष्ठ सुदि ८, संवत् १७१५ (२९ मई, १६५८ ई०) में हुआ था। यद्यपि शाही सेना का सेनाध्यक्ष स्वयं युवराज शाहजादा दाराशिकोह था, किन्तु युद्ध का पासा पलटते जान वह उद्वेलित हो युद्ध से पलायन कर गया था। अतः कवि ने उपसेनानायक राव शत्रुशाल हाडा और रुस्तमखां बहादुर तथा उनके सहयोगी नायक राजा शिवराम गौड़, राजा रामसिंह भिनाय,

राजा रूपसिंह किशनगढ़ और राजा भीम गौड़ जो कि रणभूमि में लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे, का विस्तार से वर्णन किया है। कवि ने उज्जयिनी के युद्ध में जिस प्रकार अर्जुन गौड़ को उपनायक सिद्ध किया है, उसी प्रकार इस खण्ड में राव शत्रुशाल हाडा को उपसेनानायक मान कर उसका शाहजादे औरंगजेब और मुराद से प्रत्यक्ष युद्ध करवाया है, जिसकी इतिहास ग्रंथों से भी पुष्टि होती है। वैसे भी राव शत्रुशाल हाडा शाही पक्ष के इस युद्ध में सम्मिलित योद्धाओं में सब से बड़ा मन्सबदार, अनेक युद्धों का साक्षात् अनुभवी योद्धा था तथा वह विजय अथवा प्राणोत्सर्ग की प्रतिज्ञा के साथ युद्ध में प्रविष्ट हुआ था। बादशाह ने स्वयं उसके नाम भेजे गए फरमान में सेना-नायक का दायित्व उस पर डाला था।[1]

विदेशी इतिहासकार जेम्स टॉड अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'एनाल्स एण्ड एन्टीक्विटीज आफ राजस्थान' में राव शत्रुशाल की प्रतिज्ञा को दोहराते हुए लिखता हैं कि—'हमारा कोई भी सैनिक युद्ध से भाग नहीं सकता। जो राजपूत डर कर युद्ध से भागता है, वह मरने पर नरक जाता है। मैं बादशाह की तरफ से युद्ध करने आया हूँ। मैंने यह प्रतिज्ञा की है कि युद्ध में या तो विजय प्राप्त करूंगा, अन्यथा प्राण दे दूंगा।' इसलिए राव शत्रुशाल के चरित्र को रासो में विस्तार देना उचित और युक्ति-मान्य है।

रासो के इस भाग में वर्णित घटना प्रसंगों के विषय में फारसी तवारीखों, ख्यातों और राजस्थान तथा उसके भूतपूर्व राज्यों के इतिहास ग्रंथों में बिखरा हुआ और अधूरा वर्णन तो मिलता है परन्तु जैसा रासो में एक साथ दोनों पक्षों के हिन्दू और मुसलमान योद्धाओं का उल्लेख प्राप्त होता है, वैसा नहीं। इस दृष्टि से रासो का यह धौलपुर युद्ध खण्ड भी बड़ा उपयोगी और ऐतिहासिक महत्त्व का है।

धौलपुर के इस युद्ध का ऐतिहासिक काव्य ग्रंथों में वंशभास्कर में विस्तार के साथ वर्णन हुआ है, पर उसमें भी हाडा वीरों के अतिरिक्त उस युद्ध में भाग लेने वाले अन्य कतिपय हिन्दू-मुस्लिम वीरों का नामोल्लेख नहीं मिलता है। एक अन्य चारण कवि काना कविया कृत 'राव सत्रुसाल रा कवित्त' नाम की एक उल्लेखनीय कृति और प्राप्त है, पर वह खण्डित है। राव शत्रुशाल के चरित्र पर तो उसके प्राप्त अंश में पर्याप्त प्रकाश डाला गया है, पर अन्य योद्धाओं की

---

[1] बूंदी रा फरमाण विच, इम लिखियो आदाब।
भूप सता थारै भुजां, अब म्हारै घर आव॥
—वंशभास्कर, सत्रसाल चरित्र-महाकवि सूर्यमल मिश्रण

उपेक्षा उसकी ऐतिहासिक उपादेयता को सीमित बना देती है। कुछ साहित्य-इतिहास-वेत्ताओं ने कवि वृन्द लिखित 'किशनगढ़ री वचनिका' कृति का भी यत्र तत्र नामोल्लेख किया है, जो इस युद्ध को आधार बना कर लिखी गई कही जाती है पर वह कृति हमारे देखने में नहीं आई है। जहाँ तक हमें मालूम हुआ है। डॉ० मोतीलाल मेनारिया के सिवाय अन्य किसी विद्वान ने उसकी खोज करने का यत्न नहीं किया है और उन्हीं के स्रोताधार पर उसका नामोल्लेख करते आ रहे हैं। इनके अतिरिक्त महाकवि भूषण रचित 'सत्रसाल दसक' में भी धौलपुर के संग्राम का वर्णन मिलता है, पर उसमें भी शत्रुशाल का काव्यात्मक वर्णन ही अधिक है। अन्य योद्धाओं तथा युद्ध के इतिवृत्त की दृष्टि से उसका विशेष महत्त्व नहीं है। ऐसी दशा में उसके ऐतिहासिक वर्णन के बारे में कुछ भी कहना संगत नहींहोगा। अतः प्राप्त इतिहासों और ऐतिहासिक काव्य ग्रंथों में बिन्है-रासो का यह धौलपुर युद्ध-वर्णन खण्ड भी उज्जयिनी खण्ड की भांति ही ऐति-हासिक उपयोगिता और महत्त्व का है।

बहादुरपुर युद्ध के नायक का निर्णय

जसा कि उज्जयिनी के युद्ध के प्रारंभ में इंगित कर आए हैं कि बादशाह शाहजहां के तीनों शाहजादों में सब से प्रथम द्वितीय शाहजादे शाहशुजा ने अपने प्रान्त बंगाल में विद्रोह का प्रारंभ किया था। उसने अपनी प्रान्तीय राज-धानी राजमहल में शाही ताज धारण कर बिहार को पार कर बनारस के पास बहादुरपुर में अपनी सेना को ला जमाया था। जब वृद्ध बादशाह और युवराज दाराशिकोह को शुजा के विप्लव का सम्वाद प्राप्त हुआ तो उन्होंने मिर्जा राजा जयसिंह की संरक्षकता में शाहजादा सुलेमानशिकोह को सेनापति नियत कर उसे पददलित करने के लिए भेजा। शाह शुजा और शाही सेना के मध्य मंगलवार, फाल्गुन सुदि एकादसी, संवत् १७१४ (१४ फरवरी, १६५८) को यह युद्ध हुआ। उपर्युक्त युद्ध के विषय में इतिहासों, ख्यातों और फुटकर गीत, दोहों कवित्तों और सोरठों के अलावा कोई महत्त्वपूर्ण काव्य ग्रंथ उपलब्ध नहीं होता। प्राप्त ग्रंथों में भी बहुत ही संक्षिप्त और चलता उल्लेख ही अधिक हुआ है। रासो के इस प्रकरण में दोनों सेनाओं के प्रमुख वीरों, शाह शुजा के आक्रमण अभियान की तैयारी और शाही सेनानायक सुलेमानशिकोह, मिर्जा राजा जयसिंह, राजा अनिरुद्धसिंह गौड़ और राव रायसिंह नागौर प्रभृति बड़े योद्धाओं के अतिरिक्त उदयभानु राठौड़, भोजराज खंगारोत, नबाब दलेलखान, राव कल्याणसिंह नरुका, कुशलसिंह नाथावत, गोविन्ददास ऊहड़, महासिंह शेखावत आदि अनेकानेक वीरों की समग्र जानकारी दी गई है। युद्ध का सेनानायक

कवि ने शाहजादा सुलेमानशिकोह तथा उपसेनानायक मिर्जा राजा जयसिंह और राजा अनिरुद्धसिंह गौड़ को चित्रित किया है, जो फारसी अभिलेखों और गौड़ों की वंशावली आदि ग्रंथों से भी सही प्रमाणित होता है।

इस प्रकार कवि ने विद्रोही शाहजादों के तीनों युद्धों का इस ऐतिहासिक काव्य ग्रंथ में वर्णन किया है तथा मध्यकालीन इतिहास, राजनीति और बादशाह अकबर की सहिष्णुता और तेजके युग के अन्त का इतिहास संजोया है । अतः यह ग्रथ शाहजहां के शासनकाल और उसके पुत्रों के उत्तराधिकार के तीनों युद्ध के महत्वपूर्ण वर्णनों का ग्रंथ है।

रासो का नामकरण और अप्रसिद्धि के कारण

बिन्हैरासो का नामकरण— भारतीय साहित्य में रासो-संज्ञक ग्रंथों की एक दीर्घकालीन परम्परा चली आ रही है। इस परम्परा में जहां सन्देश रासक, पृथ्वीराज रासो, विजयपाल रासो, राम रासो, खुमाण रासो, हमीर रासो और राणा रासो जैसे महाकाय ग्रंथ प्राप्त हैं, वहां जती रासो, बांणियां रासो, खींचड़ रासो, ऊन्दर रासो और धेनु रासो जैसी लघु हास्यप्रधान कृतियाँ भी बहुलता से मिलती हैं। अमूमन ऐसी रचनाएं काव्य के प्रधान नायकों अथवा युद्ध-घटनाओं के नामों से सम्बोधित मिलती हैं, पर बिन्हैरासो का नामकरण उपर्युक्त श्रणी से भिन्न प्रकार का है। कंवि का इस नामकरण के पीछे क्या अभिप्राय रहा है, यह तो स्पष्ट नहीं कहा जा सकता, पर ऐसा लगता है कि उसके मस्तिष्क में ग्रंथारंभ के समय उज्जयिनी और धौलपुर के दो युद्धों का वर्णन करने का विचार रहा होगा। क्योंकि राजस्थानी में 'बिन्है' शब्द दो के लिए और 'रासो' युद्ध के लिए प्रयोग में आता है। इसलिए कवि ने इसे 'बिन्हैरासो' नाम दिया होगा। फिर जब वह तृतीय युद्ध को भी लिखने बैठा होगा तब उसके मन में नाम की सार्थकता का प्रश्न भी शायद उठा होगा, पर इससे पूर्व दोनों युद्धों की प्रसिद्धि और चर्चा अन्य विद्वानों तक फैल गई होगी। ऐसी स्थिति में नाम में परिवर्त्तन करना समीचीन न जान कवि ने उस नाम को पूर्ववत् ही रहने दिया हो तो यह संभावना हो सकती है। वैसे वह गौड़ क्षत्रियों का आश्रित कवि था और बिन्हैरासो मे गौड़ों का सर्वाधिक वर्णन है । इसलिए अपने वीर आश्रयदाताओं के यश का विनय पूर्वक प्रसारण करने के लिए ग्रंथ का नाम 'बिन्हैरासो' रखा गया हो तो भी युक्तिसंगत हो सकता है। गौड़ों की वंशावली में एक स्थल पर कवि ने इस ओर संकेत भी दिया है कि 'नाम बिन्हैरासो दियो, बिन्है करे सब कोय।' यह नाम कवि ने किसी भी प्रयोजन से रखा हो, फिर भी रासो नामक ग्रंथों की परंपरा में इस ग्रंथ का अपना अलग स्थान है।

बिन्हैरासो की अप्रसिद्धि के कारण—पिछले पृष्ठों के विवेचन से यह भली भांति प्रकट हो जाता हैं कि बिन्है रासो बादशाह शाहजहां के विद्रोही शाहजादों के उत्तराधिकार के युद्धों के वर्णनकी दृष्टि से एक सम-कालीन और प्राथमिक ऐतिहासिक महत्व का ग्रंथ है । उसमें मुगल दरबार के उपर्युक्त युद्धों में भाग लेने वाले सभी वंशों और शाखाओं के प्रमुख योद्धाओं का यथातथ्य वर्णन हुआ है जिसका विस्तृत उल्लेख हम कर आए हैं फिर भी ग्रंथ की एक से अधिक प्रतिलिपियां न मिलने और समुचित प्रसार न पाने का क्या कारण रहा, यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है । हमारी विनम्र राय में इसके प्रचार न पाने में मुख्यतया चार कारण हो सकते है । प्रथम तो यह कि इस ग्रंथ के तीनों खण्डों में अन्य जातीय योद्धाओं के अनुपात में गौड़-योद्धाओं का वर्णन सबसे अधिक किया गया है । कारण कि इन युद्धों में गौड़ और हाडा वीरों का ही अधिक संहार हुआ था । गौड़ों में तो राजा अनिरुद्ध-सिंह को छोड़ कर अन्य सभी बड़े योद्धा और मन्सबदार वीरगति को प्राप्त हो गए थे । अतः किसी बड़े राजा के जीवित न रहने और उत्तराधिकारियों को भी औरंगजेब द्वारा अपने-अपने राज्यों से वंचित कर देने के कारण ग्रंथ में वर्णित अपने पूर्वजों के कीर्ति-विस्तार को प्रोत्साहन कौन देता ? द्वितीय, उज्जयिनी युद्ध में राठोड़ों के स्वामी राजा जसवंतसिंह के रण-पलायन का कवि ने तथ्या-तथ्य वर्णन किया है, इसलिए राठौड़ समाज में उसके प्रति उपेक्षित भाव बरता जाना अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता । तृतीय, औरंगजेब गौड़ों से सख्त रुष्ट था और उसने बादशाह बनने के बाद संवत् १७१७ में गौड़ों के प्रति अपना रोष प्रकट करते हुए गौड़ों का वतन गोड़ावाटी तक उनसे छीन कर मेड़तिया राठोड़ों को दे दिया था । इसलिए बादशाह के विरुद्ध और उसके प्रतिद्वन्द्वियों के अनुकूल वर्णन को उसके मन्सबदार और कृपापात्र राजागण सुनने को कब और कैसे तैयार होते ? चतुर्थ समान वृत्ति होने के कारण रावों और चारणों में प्रारंभ से ही आपस में विरोध चला आ रहा था । चारण संख्या में अधिक थे इसलिए यहां के काव्य-प्रचार में उनका हाथ मुख्य रूप में रहा और चारण कवि जगा खिड़िया तथा कुंभकर्ण सांदू द्वारा रचित क्रमशः रतनसिंघजी महेस-दासोत दलपतोत री वचनिका तथा रतन रासो इन्हीं घटनाओं को लेकर लिखे गए ग्रन्थ हैं, जिनमें नायकत्व, योद्धाओं के शौर्य तथा घटनाचक्र आदि का वर्णन राठौड़ आदि सामन्तों के अनुकूल करने से उनका प्रचार इन सामन्तों के इलाकों में अधिक होना स्वाभाविक था । क्यों कि जैसा हम पहले बता आये हैं, इस रासो में उपर्युक्त दोनों कवियों से इस कवि का पर्याप्त मतभेद रहा है और उसमें गौड़ों

तथा हाड़ा वीरों की प्रशंसा अधिक की है। चारणों ने तथा उनके आश्रयदाताओं ने कृति को अपने समाज में महत्त्व नहीं दिया और इसीलिए इसकी प्रतिलिपियां भी अधिक नहीं हुईं, जो कि उस समय के प्रचार का प्रमुख साधन थीं।

ऐसा केवल इस कृति के साथ ही हुआ हो सो बात नहीं, राजनैतिक उथल-पुथल, राजवंशों के पतन और उत्थान के साथ लगे हुए कवि-समाज की कृतियाँ इस प्रकार के अनेक कारणों से न केवल काल-कवलित हो गईं, अपितु अभी तक अंधकार के गह्वर में छिपी भी पड़ी हैं और कई महत्वपूर्ण कृतियाँ त्रुटित ग्रंथों में केवल अपनी बानगी प्रदर्शित कर उन महान् कवियों के काव्य-कौशल के नमूने को बचा पाई हैं। यह सब कुछ होते हुए भी जिन काव्य-कृतियों का अपना ऐतिहासिक तथा साहित्यिक मूल्य है, वे जब भी प्रकाश में आती हैं तो निश्चित रूप से हमारे साहित्य के गौरव की वृद्धि करती हैं, चाहे इतिहास के किसी काल में किन्हीं कारणों से उसकी अवज्ञा क्यों न करदी गई हो।

कवि की अन्य कृतियाँ

बिन्हैरासो के अतिरिक्त कवि की निम्नलिखित रचनाएँ उपलब्ध हैं—

(१) राव अमरसिंघ नागौर को साको, (२) राणा राजसिंघ का गुण रूपक, (३) गौड़ों की वंशावली (४) रघुनाथ चरित नवरस वेलि और (५) 'राजा जयसिंह का छप्पय' तथा कतिपय योद्धाओं पर रचित डिंगल गीत। राव अमरसिंह का साका में कवि ने विभिन्न प्रकार के चौतीस छंदों में नागौर के स्वामी राव अमरसिंह राठौड़ के पूर्व-पुरुष राव मालदेव, उदयसिंह, शूरसिंह और गजसिंह का संक्षिप्त रूप में नामोल्लेख कर राव अमरसिंह के पराक्रम और उनके राजकुमार रायसिंह का जन्म-वर्णन किया है। तदनन्तर आगरा के दुर्ग में बादशाह शाहजहाँ के समक्ष सलाबत खां को मारने तथा अर्जुन गौड़ आदि योद्धाओं के सामूहिक आक्रमण से स्वयं के मारे जाने का पतेवार वर्णन किया है। 'राणा राजसिंघ का गुण रूपक' कवि की अट्ठावन छंदों की कृति है। इसमें मेवाड़ की प्राकृतिक सुषमा, गिरि और सरोवरों में वन्य-जीवों का स्वच्छन्द विहार, उदयपुर नगर, वहाँ के राजप्रासाद, सरोवर, राणा की सवारी, उनके हाथी, हाथियों की लड़ाइयाँ आदि का बड़ा सजीव और चित्ताकर्षक वर्णन किया है। शाहजादा औरंगजेब द्वारा सहायता के लिए प्रार्थना करने और फलस्वरूप अप्रकट रूप में उपरोक्त संकेतित सहायता की मंशा से राणा राजसिंह का ससैन्य प्रयाण कर मालपुरा को लूटने तथा मार्ग में आने वाले शाहपुरा आदि बादशाह के सहायक

राज्यों को दण्डित करने का उल्लेख किया है। कवि ने मालपुरा को लूटने के लिये किए गए सैनिक अभियान में सम्मिलित सामन्त-उमरावों का बड़ा महिमा-मय वर्णन किया है। 'गौड़ों की वंशावली' कवि की एक अन्य ऐतिहासिक महत्व की दुर्लभ कृति है। इसमें गौड़ क्षत्रियों का इतिहास, पीढ़ियाँ और उनके युद्धों पर प्रकाश डाला गया है। बादशाह शाहजहाँ के राज्य-प्राप्ति के प्रयत्नों में उसके प्रभावशाली और विश्वस्त सहयोगी गोपालदास गौड़ और उसके वंशज राजा अनिरुद्धसिंह, राजा शिवराम, अर्जुन, भीम आदि सभी योद्धाओं का सार-ग्राही परिचय दिया है। यद्यपि इसका प्रारंभिक अंश कीटभक्षित होने से त्रुटित है, फिर भी गौड़ों के इतिहास और अन्य अनेक घटनाओं के कारण यह कृति अति उपादेय है। रघुनाथ चरित नवरस वेलि एक सौ सत्ताईस छंदों की व्रजभाषा की रचना है। इसमें नवरसों के माध्यम से श्री रामचन्द्र के चरित्र का वर्णन किया गया है। यह वर्णन प्राप्त प्रति में बालकाण्ड तक ही मिला है। अतएव कहा नहीं जा सकता कि ग्रंथ का परिमाण कितना था। कवि इस कृति में रसों के माध्यम से वर्णन करने में सफल नहीं हुआ है। अन्य छप्पय और डिंगल गीतों में कवि ने समसामयिक वीरों में राजा जयसिंह आमेर, दयालदास झाला, राजा रामसिंह कछवाहा आमेर और अर्जुन गौड़ का यश एवं वीरता का वर्णन किया है। मिर्जा राजा जयसिंह के छप्पयों में उनके द्वारा पुरन्दर का किला और छत्रपति शिवा मर-हठा पर विजय प्राप्त करने का उल्लेख है। इस प्रकार 'रघुनाथ चरित नवरस वेलि' के सिवाय सभी कृतियाँ ऐतिहासिक उपयोगिता और महत्त्व की हैं। इसी दृष्टि से 'वेलि' को छोड़ अन्य कृतियों को परिशिष्ट में प्रकाशित कर दिया है।

आशा है परिशिष्ट में दी गई ये कृतियाँ कवि के कृतित्व को सामूहिक रूप में हृदयंगम करने में सहायक सिद्ध होंगी और सम्बन्धित विषयों पर कार्य करने वाले विद्वानों के लिए भी किसी न किसी रूप में सहायक सिद्ध हो सकेंगी।

बिन्हैरासो के सम्पादन में एक ही प्रति का प्रयोग हुआ है कारण कि अनेक विध प्रयत्न करने पर भी इसकी दूसरी प्रति उपलब्ध नहीं हुई। प्रस्तुत प्रति पांच वर्ष पूर्व कवि के वंशज श्री गोवर्द्धनसिंहजी राव द्वारा उदयपुर के प्रसिद्ध विद्वान स्वर्गीय कविराव मोहनसिंहजी को प्राप्त हुई थी। तब कविराव जी पृथ्वीराज रासो के सम्पादन का कार्य सम्पन्न कर 'पृथ्वीराज रासो शब्द-कोष' के निर्माण के कार्य में लगे हुए थे। मैं उन दिनों साहित्य संस्थान, उदयपुर में शोधपत्रिका, त्रैमासिक पत्र का सम्पादन कार्य देख रहा था। एक दिन उन्होंने 'रासो' की वह प्रति मेरे हाथ में थमाते हुए कहा—यह 'बिन्हैरासो' की प्रति है, लीजिए आपको इसका सम्पादन करना है।' मैंने उनका आग्रह

स्वीकार किया और ग्रंथ की प्रतिलिपि का कार्य प्रारंभ हुआ । तदनन्तर उसी वर्ष में उदयपुर से राजस्थानी शोधसंस्थान जोधपुर में आ गया । यहां आने पर मैंने संस्थान के संचालक डॉ० नारायणसिंहजी भाटी को मेरा वह कार्य बताया और 'रासो' के प्रकाशन की व्यवस्था के लिए उनसे आग्रह किया ।

उन्होंने ग्रन्थ की उपादेयता का अनुभव कर प्रसन्नता व्यक्त की तथा राजस्थान प्राच्य-विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर से प्रकाशित करवाने का सुझाव दिया । फिर मुझे साथ लेकर प्रतिष्ठान के उप संचालक श्रद्धेय गोपालनारायण जी बहुरा की सेवा में ले गए । श्रद्धेय बहुराजी और भाटी जी ने प्रतिष्ठान के सम्मान्य संचालक पूज्यचरण पद्म श्री मुनि जिनविजयजी महाराज, पुरातत्वाचार्य के समक्ष ग्रंथ की ऐतिहासिक और साहित्यिक उपयोगिता प्रकट की । पूज्य चरण ने मेरी प्रतिलिपि का अवलोकन कर मुझे सम्पादनार्थ आवश्यक निर्देश देते हुए कार्य सम्पन्न करने का आदेश दिया । एक वर्ष के अनवरत श्रम के पश्चात् यह कार्य सम्पन्न कर आज विद्वानों की सेवा में इसे प्रस्तुत करते हुए मैं दो कारणों से विशेष प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूं । प्रथम तो यह कि ग्रन्थ ऐतिहासिक महत्व की अज्ञात कृति है । इसके प्रकाशन से कतिपय आदर्श चरित्र योद्धाओं का परिचय प्रकाश में आएगा । द्वितीय मेरे अभिन्न मित्र स्वर्गीय कविराव मोहनसिंहजी की इस रूप में इच्छा पूरी होने से उनकी स्वर्गीय आत्मा को सन्तोष मिलेगा ।

ग्रंथ की सम्पादित प्रति की प्रतिलिपि संवत् १८७६ वैशाख शुक्ला २ सोमवार को इन्द्रगढ़ (कोटा) में महताप (सिंह) के पुत्र जोरावरसिंह के पढ़ने के लिए अगरजी के पुत्र प्रतापजी ने की थी । इन्द्रगढ़ के स्वामी महाराज शिवसिंहजी हाडा बड़े विद्यारसिक, विद्वान् और विद्वानों के गुणग्राहक थे । उनका अपना हस्तलिखित ग्रंथों का बड़ा महत्वपूर्ण पुस्तकागार था, जो अब प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर में सुरक्षित है । यद्यपि प्रतिलिपि-कर्त्ता ने रासो की इस प्रतिलिपि के विषय में, यह किस की प्रति से नकल की गई है, कोई संकेत नहीं दिया है, फिर भी इन्द्रगढ़ में महाराज शिवसिंह के शासन काल में तैयार की जाने के कारण अनुमान किया जा सकता है कि महाराज शिवसिंह के संग्रहालय की प्रति के आधार पर ही इसकी अनुकृति हुई होगी ।

प्राचीन ग्रंथों में आमतौर से छंद-संख्या उस ग्रन्थ की समाप्ति पर अन्त में एक ही स्थान पर लगाने की परम्परा-सी रही है । रासो की इस प्रति में भी छंद-संख्या का वही पुरातन क्रम था । मैंने प्रतिलिपिकार के ही

क्रम को स्वीकार कर छंद संख्या क्रम को यथावत् ही रहने दिया है। पाद टिप्पणियों के स्थान पर आवश्यक शब्दार्थ और परिशिष्ट भाग में सम्बद्ध ऐतिहासिक टिप्पणियां दी गई हैं। कवि के कृतित्व का विद्वान् सम्यक मूल्यांकन कर सकें, इस दृष्टि से उपयोगी समझ कर कवि की प्राप्त अन्य ऐतिहासिक कृतियां भी परिशिष्ट में प्रकाशित कर दी गई हैं।

इस ग्रंथ के सम्पादन में मैंने राजस्थानी शोधसंस्थान के संचालक डॉ० नारायणसिंह जी भाटी से बराबर सहायता प्राप्त की है। संस्थान के अन्य आवश्यक कार्यों में अत्यधिक व्यस्त रहते हुए भी उन्होंने मुझे जो सहयोग दिया है, वह मैं नहीं जानता कि किन शब्दों में व्यक्त करूं। ऐतिहासिक स्थलों के स्पष्टीकरण और तत्सम्बन्धी टिप्पणियों को तैयार करने में इतिहास के प्रसिद्ध विद्वान् महाराजकुमार डा० रघुबीरसिंहजी, सीतामऊ का मुझे महत्वपूर्ण सहयोग मिला है। महाराजकुमार साहब की कृपा को भी मैं धन्यवाद अर्पण करने जैसी आज की चलती परम्परा से प्रकट करना नहीं चाहता। कवि-वंश-परिचय की सामग्री कवि के वंशज गोवर्द्धनसिंहजी राव और स्वर्गीय कविराव मोहनसिंहजी की विदुषी धर्मपत्नी माजी मानकुंवरीजी के यहां से प्राप्त हुई है। कठिन शब्दों के शब्दार्थ निर्णय में राजस्थानी के विद्वान् श्री सीतारामजी लाळस का मुझे सहयोग मिला है।

पूज्यचरण पद्मश्री मुनिजी महाराज और श्रद्धेय गोपालनारायण जी बहुरा की तो कृपा का यह फल ही है कि प्रतिष्ठान से यह ग्रंथ प्रकाशित हुआ। मुझे यह कार्य सम्पन्न करने का उन्होंने जो अवसर प्रदान किया उसके लिए मैं उन दोनों विद्वानों का विनम्रतापूर्वक आभार मानता हूँ। साथ ही साधना प्रेस के साहित्यानुरागी विद्वान् व्यवस्थापक श्री हरिप्रसादजी पारीक के प्रकाशन-सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना भी मैं अपना कर्तव्य समझता हूँ।

राजस्थानी शोध संस्थान
जोधपुर
३१ दिसम्बर, १९६५

—सौभाग्यसिंह शेखावत

महेसदास राव कृत

बिन्हैरासो

(शाहजहाँ बादशाह के शाहजादों का उज्जयिनी, धौलपुर एवं पूर्व का युद्ध वर्णन)

श्री गणेशाय नमः ।। अथ महेसदासराव कृत बिन्हैरासो लिख्यते ।।

छंद साटिक

श्वेताम्रमर वैयसिता मुक्तासिरा मंगता
श्वेताम्रमर सोभ लंबज चिहुर सोभ सजिता
रुक्मासिता रामनो श्वेता हंस अरुढ़िता
जगजिता श्वेता गुना सारिनी
वीना पुस्तक धारिता सरस्वती विद्या वर कारिनी ।। १ ।।

छंद दोहा

देहु बुद्धि वर उक्तिका, रूपक जुक्ति बताय ।
पूत पिता दळ द्वै जुड़े, भिन भिन बरणौं ताय ।। २ ।।

छंद साटिक

सूंडादंड सिंदूर सोभ सिरसा देवादन अग्रिता ।
लंबोदर भुज चारि आयुध जुता पादांब लहु पीनता ।।
घूघर मेखळ घोर भौंर भमित्ता मुकटाभिर भोजिटा ।
वन्दौं श्रीनाथ सुधि बुधि करा काव्येन कारायना ।। ३ ।।

छंद दोहा

गणनायक घायक बिघन, सुधि बुधि नायक जांणि ।
मैं बंदौं सिर नाय कै, कारण सूर बखांणि ।। ४ ।।

छंद छप्पय

श्री गुरु परम दयाल, गुरु गुण सागर जांणै ।
गुरु गोविंद तैं अधिक, गुरु ऋत ईस मिलाणै ।।

---

१. छन्द संख्या एक त्रुटित है।

२. रूपक – काव्य वर्णन । जुक्ति – युक्ति । दळ द्व – बादशाह शाहजहाँ और उसके पुत्रों का दल । बरणौं – वर्णन करूँ ।

३. मेखळ – मेखला । घोर – ध्वनि । श्रीनाथ – भगवान् कृष्ण ।

४. घायक – नष्ट करने वाले । नाय कै – नमन कर के ।

गुरु देवै पद अभय, गुरु मति ज्ञान दिढ़ावै ।
गुरु करवै अप जेमि, गुरु लघु हूंत बढ़ावै ।।
गुरु हूंत मिळै जे व्है सफळ, गुरु बिन अफळ बखाणियै ।
गुरु चरण कंज वंदित कर, कारण गुरु कवि आंणियै ।। ५ ।।

छंद दोहा

गुरु दाता द्याता गुरु, गुरु ज्ञाता सब्र जांणि ।
परम गुरु दीजै ऊकति, वरणौं सूर बखांणि ।। ६ ।।

चगतां हूं चगता जुटै, खितपति हुवौ सिंघार ।
गुरु आखौ मौहूं उकति, जंपौं गल्ह बिथार ।। ७ ।।

छंद पद्धरी

'अकबर जलालदीनह' दिलीस ।
सो तपै गयौ नव खंड सीस ।।
'नूरदी साहि जहांगीर' नूर ।
प्रथमादि सिरै तिण तेजपूर ।।
'साहिजिहान' साहिब्ब दीन ।
चहुं चक्क जेर समसेर कीन ।।
सह मिळै आय दिल्ली सपांण ।
रस मिळै नहीं 'राजसीं' रांण ।। ८ ।।

छंद छप्पय

'साहिजिहां' पतिसाह, राह दहुंवै सिर रज्जै ।
बाजा पूरब दिखण, उतर पछिम दिस बज्जै ।।
पूत सपूत स च्यारि, यळा चहुंवै ज्यां अप्पि ।
ठावां ठौहड़ां ठौहड़, उथउ थांणां करि थप्पि ।।

---

५. दिढ़ावै – दृढ़ करता है । अप जेमि – आप जैसा ही । हूंत – से । अफळ – निष्फल । चरण कंज – चरण कमल ।

६. द्याता – वन्दनीय । ऊकति – काव्य रचना की सूझ ।

७. चगता – मुसलमान । खितपति – पृथ्वीपति । सिंघार – संहार । आखौ – कहो, प्रदान करो । जंपौ – कहूं । गल्ह – कथा । बिथार – विस्तार सहित ।

८. तेजपूर – पूर्ण शक्तिवान् । साहिजिहान – शाहजहां । चहुं चक्क – चारों खण्डों को । जेर – परास्त, अधीनस्थ । रस मिळै नहीं – पूर्णरूप से घुले मिले नहीं ।

९. राह दहुवै – हिन्दू और मुसलमान । यळा – पृथ्वी । ठावा – मुख्य । थांणां – सैनिक

जाजुळी तेज जग चख्खि जिम, दुनियां ऊपरि देखियै ।
नव खंड सप्त दीपह नरिंद, लोह गहै कुण लेखियै ।। ६ ।।

छंद पद्धरी

थिरं ऊतरं 'साहिदारा' स थप्पै ।
यळा पूरवं साहि 'सूजा' स अप्पै ।।
जरा दिखिणां साहि 'अवरंग' जाणौं ।
वळ पछिम साहि 'मुरियाद' बखांणी ।।
चहूं देस अच्चाळ च्यारौं चगत्ता ।
करै च्यारहु येमि चौ वेद कथ्था ।।
दिली 'साहिजिहान' बैठौ दुबाहं ।
येकं पांय सेवै जींह दोय राहं ।।
जीयप्पउ जहमत्ति जांणी जगत्तं ।
खाली हुवौ तखत्तं नै आतपत्तं ।।
मही मंडळं हूहळं कूक मांचै ।
वळां च्यारि वाका दहाका स बांचै ।। १० ।।

छंद दोहा

'सूजे' पूरब सांभळे, वाका ढ़िल्ली येह ।
प्रारंभ जुध परठ्ठियौ, आरंभ कीध स येह ।। ११ ।।

छंद त्रिभंगी

'सूजा' सुलिताणं ओह अमाणं जांणि जवाणं जमराणं ।
आरंभ उमंगे अंगसु अंगे तंग तुरंगे ताणाणं ।।

थाने । जाजुळी – ज्वाजल्यमान । जग चख्खि – सूर्य । दीपह – द्वीप । लोह – शस्त्र ।

१०. थिरं – स्थिर । थप्पै – नियुक्त किया । अप्पै – प्रदान कीं । बळ – बल, फिर । अच्चाळ – अविचल, दृढ़ । दुबाहं – श्रेष्ठ वीर । येकं पांय – एक पैर पर खड़े होकर । जीह – जिसकी । जीयप्पउ – जिन्दा ही । जहमत्ति – जहमत, कष्ट, मौत । आतपत्तं – छत्र । वळां च्यारि – चारों शाहजादों की ताकतें, चारों ओर, चारों दिशाओं में ।

११ सूजे – शाहजादा शुजा । सांभळे – सुन कर । ढिल्ली – दिल्ली । जुध – युद्ध ।

पखराळ पमंगां नाग सनग्गां बाहि बिहंगा बाणासं ।
गज झंप स जग्गां धारै धज्जां ऊड़ि सरज्जा आकासं ।।
खंड खंड स खड़िया आभि स अड़िया जोधा जड़ियां जरदाळं ।
रत्थांह उचड़िया खिझिदळ खड़िया अनड़ां नड़िया योहाळं ।।
दिल्लीसर दावं चित्त स चावं राजा रावं उमरावं ।
पुणि सैद पठांणं तांणि कमांणं गिड़िकं धाएं गुमरावं ।।
पौहमी पालट्टं थट्ट सुथट्टं बहै बिहट्टं पूरबयं ।
सूजासाहि आया असा अधाया साहिजिहांन सुणे सबयं ।। १२ ।।

छंद छप्पय

सुणियौ 'साहिजिहांन', येमि 'सूजा साहि' आया ।
पट्टण हंदा तौड़ि, पाट द्रहबट्ट लुटाया ।।
असी सहस असवार, पार पैदळ कुण पावै ।
मेक सहस मातंग, अरि गढ़ मूळ ऊचावै ।।
गज नाळि गजां सुत्रनाळि गणि, तोप जमूर जंगळा तई ।
सीसांण बांण सौरांण सजि, दीयण विधी फतै दई ।। १३ ।।

छंद दोहा

'साहिजिहां' 'दारा' सुणै, 'सूजा' आया साहि ।
कोके तोके कांमरा, दहु राह रा दुबाहि ।। १४ ।।

---

१२. पखराळ – घोड़ों के कवच । पमंगां – घोड़े । नाग – हाथी । बाहि – चलाते हैं । झंप – तीव्र चाल । जग्गां – दुनिया में, युद्ध में । खड़िया – पयान किया । आभि – आसमान । अड़िया – लग गए । जोधा – योद्धा । जरदाळं – कवच युक्त । अनड़ां नड़िया – बंधन में न आने वालों को बंधन में लिया । योहाळं – जाल (राजनीति) बिछा कर । दावं – दावा, दांव । गिड़ि – योद्धा । पौहमी – पृथ्वी । बिहट्टं – बिना राह के ही । अधाया – राज्य का भूखा, गति से ।

१३. पट्टण – शहर । पाट – कपाट । द्रहबट्ट – द्रव्य । मेक सहस – एक हजार । मूळ – जड़ से । गजनाळि – हाथियों द्वारा ढोई जाने वाली तोपें । सुत्रनाळि – ऊँटों द्वारा ढोई जाने वाली तोपें । जमूर – छोटी तोप । जंगळा तई – एक प्रकार की बड़ी तोप । सीसांण – शीशा । सौरांण – बारूद ।

१४. कोके तोके – सूचना देकर इस अवसर पर बुलाया । दुबाहि – श्रेष्ठ योद्धा, दोनों हाथों से प्रहार करने वाला ।

छंद छप्पय

दिली थंभ भड़ दूठ, कमध कूरंमं कहाणां ।
गणि हाडा बळि गौड़, मोहरै पड़ी मंडाणां ।।
'जसमंत' नै 'जैसींघ', 'सत्तौ' दखि दीड़ सोहैं ।
धींगराज 'अनुरुद्ध', लाख लाखां दळ लोहै ।।
'दल्लेलखान' जेहादुरत्त, दळ प्रणाम तांमें दुजां ।
सिरदार 'साहिसल्लेमसा', भार सार 'रासा' भुजं ।।१५।।

छंद त्रोटक

भुज भार यतां सिरदार भणैं ।
पति 'साहिजिहांन' तिता प्रभणै ।।
दिस पूरब दुंद पड़ै दहलं ।
हुय कंपिय भू द्रगपाळ हलं ।।
दर कूच खड़ें 'जैसींघ' दिली ।
मह अंमर डंमर रैण मिळी ।।
तिण ऊपरि फौज उरैस तंई ।
गलवाज दिसौ दिसी फूटि गई ।।
सरदार 'सलेमा साह' जिसा ।
उमराव 'जैसिंघ' 'रायसिंघ' असा ।।
'अनिरुद्ध' जोधार हरोळ अणी ।
धरि पांण भुजां अजमेरि धणी ।।
कविलापति जोध विदा स किया ।
गज हैंवर अंमर कोटि दिया ।। १६ ।।

छंद वेली भुजंगी

सजै साहि सल्लेम सेना सपाणं ।
प्रथमादि पूरब्ब कीधो पयाणं ।।

---

१५. भड़दूठ – प्रचण्ड योद्धा । मोहरै पड़ी – सबसे आगे होकर । सत्तौ – शत्रुशाल हाडा । दीड़ – (धीठ) योद्धा । धींग – बलवान् । राज अनुरुद्ध – राजा अनिरुद्ध गौड़ । लोहै – लोहा लेता है ।

१६. दुंद – द्वन्द्व, युद्ध । हय कंपिय – कम्पायमान हुई । उरैस – तीव्र गति से चलायमान की । गलवाज – अफवाह । हरोळअणी – फौज के आगे का हिस्सा । कविलापति – बादशाह ने ।

१७. सपाणं – दल बल सहित । कीधो पयाणं – प्रस्थान किया ।

बजै सद्द नद्दं छतीसं बिहद्दं ।
पुणै मेघ अग्राज तैं भाद्रपद्दं ।।
चढ़ै सींघ 'जैंसिघ' राजा सचाळौ ।
सदा आतपत्तं दिली रख्खवाळौ ।।
वळै चढै 'रायसिंघ' राजा बड़ेरौ ।
भुजा जेमि मौजां गजां सीस फेरौ ।।
'अनौ' चढ़ै राजा धणी अज्जमेरौ ।
सिहां पाखती झालियां संमसेरौ ।।
'जसौ' चढ़ै गिरंमेर राजा बिजाई ।
भुजां बणै 'अनुरुद्ध' रै जिसौ भाई ।।
'उदैभाण' जंमराण चढ़ियौ अकूणौ ।
दळां रीठ बागां मारुराव दूणौ ।।
'भोजौ' चढ़ै 'खंगार' रौ लोध भारां ।
लखां भांजणां जोध चढ़ै स लारां ।।
भड़ां 'भावसी' चढ़ै 'रिणछोड़' भाई ।
पमाड़ा घणा खाटणां सिद्धि पाई ।।
दळां 'खांन दल्लेल' चढ़ै दुहेला ।
रुड़ा साथि चढ़ै रुहेला रुहेला ।।
वळै सैद 'बादर' चढ़ै स बेगं ।
तिको बाहणौ मैंगळां सीस तेगं ।।
मुणै 'जाफरं मीर' चढ्ढ़ै मरद्दं ।
सत्रं कौंण चंपै जियांरी सरद्दं ।।
कड़ा-भीड़ चढ़ै घड़ा सैद 'कासूं' ।
बड़ा बाहरौ आणियो जिको बासूं ।।

नद्दं – नाद । छतीसं – छत्तीस प्रकार के वाद्य । सचाळौ – युद्ध के लिए तत्पर । आतपत्तं – छत्र । बिजाई – दूसरा । अकूणौ – पूर्ण ताकत रखने वाला । रीठ – शस्त्रों की झड़ी । बागां – वजने पर । लारां – पीछे । पमाड़ा घणा खाटणां – वीरोचित कीर्त्ति-गाथाओं का विजेता । रुहेला – मुसलमानों की जाति विशेष । सबेगं – शीघ्रता से । मैंगळां – हाथियों के । चंपै – दबा सकें । कड़ा-भीड़ – कवच आदि से पूरी तरह सज्जित । घड़ा – फौज । बाहरौ – हथवाह करने वाला, प्रहार करने वाला ।

हलक्कं दळं जमनां नीर वावं ।
सतंबीव जोधां तणां हूहरावं ।। १७ ।।

वचनिका

दिली के कासीद दक्षिण को धाये ।
जिहांनाबाद सेती रोज च्यारि में औरंगावाद आये ।
फजरि का बखत था साहि 'औरंग' मिस करते थे ।
पातिसाहों के अंदेसे दिल के बीच धरते थे ।
येते दरम्यान अरजबेगों अरज पौंहोचाई ।
साहिब आलम हजरति की खबरि आई ।
कासीदों है अंदरि बुलावो ये फुरमाया ।
तबै कासीद हज़ूरि आया ।
सरजा करि ऊकील नै निबस्ता गुदराया ।
तिस निस्ते मे ये ये खबरि आई ।
'साहिजिहां' पातिसाहि बफाति पाई।। १८ ।।

छंद दंडमाळी

'अवरंग' साहस ऊससै ।
केवाण दिल्ली सिर कसै ।।
जमराण जेहा जग्गिया ।
लख दळां मेळण लग्गिया ।।
फुरमाण बळ बळ फट्टिया ।
थिर थाट येहा थट्टिया ।।
किरनाट बीजापुर कहै ।
यळ गोळकुंडा उल्लहै ।।

बासूं – पीछे। दळं – सैन्य दल से। वावं – हवा से। सतंबीव – चौदह प्रमुख योद्धा। हूहरावं – कोलाहल।

१८. कासीद – कासिद, हरकारा। धाये – शीघ्रता से चले। मिस – दत्तौन, प्रातःकर्म। सरजाकरि – सिज्दः, विशेष प्रकार से सलाम कर। निबस्ता – नविश्तः, लेखपत्र। गुदराया – निवेदन किया। निस्ते – नविश्तः। बफ़ाति – मौत। ऊससं – अत्यधिक जोश में आया। केवाण – तलवार। थाट – समूह। उल्लहै – उल्लसित होकर।

दिखणीस दिखण देसरा ।
नर मेळि नेस स नेसरा ।।
सामान कीधौ समर रौ ।
चित चाव छत्र चमर रौ ।।
भरि सोर बाण भराविया ।
केइ लक्षि लक्षि कराविया ।।
हथनाळि तोपां रत्थयं ।
सुत्रनाळि नाळि समथ्थयं ।।
जंबूर तोपां जेतली ।
यळ मधि भेळी येतली ।।
गोळीयं गोळा गंज्जियं ।
भरि लोह सीसा भंज्जियं ।।
मसहद्द बळी मुलतानये।
केई कौटि मेळि कबानये ।।
तीरां स बीरा ते हुवा ।
जे रिण सवारि गजे हुवा ।।
सिरोहियं समसेरयं ।
ऊना जनब्बी वेरयं ।।
असल्ली असल्ली आणिये ।
खग चाढ़ि जे खुरसाणिये ।।
जमदाढ़ जिमा जम्म री ।
सार मे सार स संभरी ।।
साबळां कीजै सांतरा ।
भूथाण भांतिस भांति रा ।।
चाठां बगतर चाढ़िजै ।
केइ रांग घूघी काढ़िजै ।।

मेळि – शामिल कर नेसरा – देश देश के, गाँव गाँव के। जेतली – जितनी। भेळी – शामिल कीं। येतली – इतनी। मसहद्द – ईरान देश के निवासी, ईरान के तूस नामक नगर वाले। सिरोहियं समसेरयं – सिरोही की (प्रसिद्ध) तलवारें। ऊना – तलवार। जनब्बी – जेनब, विशेष प्रकार की तलवार। जमदाढ़ – कटारी। सार में सार – श्रेष्ठ लोहे। संभरी – सांभर की। साबळां – भाला विशेष। कीजं सांतरा– धार लगवा कर तैयार किये हुए। भूथाण – भाथा। चाठां – (?) राग – जंघाओं का कवच। घूघी – सिर के कवच के लिए पहिना जाने वाला टोप विशेष।

पाखरां अबरा दीजिये ।
केकाण गज्जां कीजिये ।।
वडफर अपारण वंधिये ।
सुचिते अपारण संचिये ।।
सरियाह ओप सुधारिजे ।
धू काज सार उधारिजे ।।
मनसूब वांधे ऊमरा ।
खित मुगल हिंदू खूमरा ।।
सह वधै आघ सिपाहियां ।
अदभूत मन ऊमाहियां ।।
बोहो मोल चढ़ियौ हैंमरां ।
गिणजे समंव्वड़ गैमरां ।।
पीलांह मोल अपारये ।
हद बीस तीस हजारये ।।
यम साहि 'औरंग' सज्जवे ।
बीरांण नौवति वज्जवे ।।१६।।

छंद नीसांणी

यण समय 'औरंग' साहि ये मता ऊपाये ।
जके विचक्षण जांणिया जासूस वुलाये ।।
मह दिल्ली गुजरात री मह खबरि मंगाये ।
केइ अहमंदाबाद दिस केइ दिल्ली आये ।।
जासूसी लगा लियण ठीक ठौहड़ा ठाये ।
वैरागी जोगी तणा घण संप बणाये ।।
जिम लगा खबरे लियण तिम तिम फुरमाये ।।२०।।

अबरा – पाखरों के ऊपर का कपड़ा । केकाण – घोड़े । वड़फर – ढ़ाल । सरियाह – तीर, श्री । ओप सुधारिजे – नुकीले व चमकदार किये जा रहे हैं । ऊमरा – उमराव । खूमरा – शाही सेवक । ऊमाहिया – उत्साह । बोहो – अत्यधिक । हैमरां – घोड़ों का । समव्वड़ – समान । गैमरां – हाथियों के । पीलांह – हाथियों ।

२०. मता ऊपाये – विचार किया । ठोहड़ा – स्थान । ठाये – टिक कर । संप – मेल-जोल ।

छंद कवित्त

'औरंग' रा जासूस लीय, जासूसी दिल्लो ।
यते खबरि गुजरात, तणी जोगणिपुर हल्ली ।।
सुणं बिलंद ये बात, साहि 'दारा' ये बत्तं ।
मुरड़े साहि 'मुराद', सीस धारे आतपत्तं ।।
जिण सीस बिरसि दिल्ली धणी, येहा मता उपाइया ।
मन सूध तोकि भड़ कामरा, 'जसमंतसिंघ' बुलाइया ।।२१।।

दोहा

येहा मता उपाइया, साहि 'दारा' सिरताज ।
दळांनाथ करिबा बिदा, जिण कोके 'जसराज' ।।२२।।

छंद नीसांणी

महाराजा 'जसमंतसिंघ' यण काज बुलाये ।
धजावंध जोधा धणी ऊससता आये ।।
करि सलाम ऊभा, कमंध तेहा अद तावे ।
यम 'साहिदारा' ऊचरै हजरति फुरमाये ।।
तेंज भुजां दिल्ली तखत 'गजपत्ती' जाये ।
पंच हजारी हूंता पहलि मनसूभ बधाये ।।
सपत हजारी करी सही तिण कीध सवाये ।
सौ बाजिद गज पंच गणि सिरपाव मंगाये ।।
दिस उजेणि कीधा बिदा पोहो यौं पहराये ।
भारथ मूळ स भारथां यण बिधि ऊपाये ।।२३।।

छंद दोहा

किया बिदा राजा कमध, अनि कोके उमराव ।
महि 'अरजण' 'मुकंदेस' सा, भारथ पारथ भाव ।।२४।।

---

२१. जोगणिपुर – दिल्ली । मुरड़े – जबरदस्ती करके लौटे । बिरसि – नाराज होकर ।
२२. कोके – बुलाया । जसराज – यशवन्तसिंह ।
२३. धजाबंध – अपना ध्वज रखने वाला । जोधा धणी – जोधपुर का स्वामी । ऊससता – उद्यत होकर । कमंध – राठौड़ । गजपत्ती जाये – गजसिंह का पुत्र । बाजिंद – घोड़े । सिरपाव – सिरोपाव । पोहो – राजा ।
२४. अरजण – अर्जुन गौड़ । मुकंदेस – मुकन्दसिंह हाडा कोटा का स्वामी । पारथ – अर्जुन ।

छंद नीसांणी

बिदा किया उमराव बळि असुरेस अपारं ।
'मुकंदसिंह' 'अजमाल' मुणि सारा सिरदारं ।।
'वीरभद्र' भद्रबीर सा येही अवतारं ।
'मोहण सिंघ' अरोड़ महि 'जूझार' जूझारं ।।
सूर 'किसोवरसिंघ' सा रिणधींग मंडारं ।
'कन्हीराम' वरियाम कहि बढ़ि वार उबारं ।।
'रतनागर' राठौड़ सा भुवडंडा भारं ।
राजा 'रायासिघ' सा जोधां जोधारं ।।
'दलथंभ' झालो जेहवा धज थंभ धरारं ।
सीसोदीयो 'सूजाण सिंघ' जमरूप जसारं ।।
'बैरीसिघ' सेखा धणी येख अधियारं ।
'गोवरधन' 'चंद्रह' तणौ अणियां भमरारं ।।
सगतावत 'केहरि' जिसा गज फौज प्रहारं ।
बळि 'रुकमांगद' बेखिये आरण अहंकारं ।।
'राघवदे' जाहर गजां नाहर निहारं ।
चंद्रावत 'अमरेस' सा आमंद उधारं ।।
बळि 'अमरेस' नरेस सा कूरम करारं ।
जुध 'वेळू' 'परसु' जिसा दक्षिण दुरतारं ।।
'देबीसिंघ' 'सूजांणसिंघ' बुंदेल वडारं ।
बळि राजा 'छत्रमणि' बणै जादम जीं वारं ।।
बळि हाडा 'बळिराम' सा आडा जुध बारं ।
भड़ मारू 'पातल' भुजां आकास अधारं ।।
'सबळसिंघ' बाघाहरौ दीपै उदियारं ।

---

२५. मुणि – कहे जाने वाले । अरौड़ – न रुकने वाला । जूझार – जूझारसिंह हाडा । किसोवरसिंघ – किशोरसिंह हाडा । धींग – जबरदस्त । वरियाम – श्रेष्ठ वीर । वार – प्रहार । रतनागर – रत्नसिंह । भुवडंडा – भुजदंडों पर । रायासिंघ – रायसिंह । जेहवा – जैसे । धज – वीर । थंभ – स्तम्भ । अधियारं – वीर । अणिया भमरारं – सेना की शोभा बढाने वाले । केहरि – केशरीसिंह शक्तावत । बळि – फिर । बेखिये – देखिये । आरण – युद्ध में । जाहर – प्रकट । कूरम – कछवाहा वंशीय । करारं – बलवान् । बेळू परसु – दो मरहठा सरदार । बाघाहरौ – बाघा का वंशज ।

वळि जखमी उजबकं जिसा ग्रणखामि ग्रथारं ।।
कवला मांझी कांमरा तवि 'खां ग्रफितारं' ।
'कासिम खांन' ग्रमान सा मुणि फौज मदारं ।।
ग्रनि उमराव ग्रपार सो बरणंता वारं ।।२५।।

छंद दोहा

यों दिल्ली दळ उल्लहे, ग्राया खड़े उजेणि ।
कुर खेतर करु पंडवां, जुध रचसी विध्वि जेणि ।।२६।।
जो राजा 'सिवपति' जिसा, मंडिया मांडौ मंड ।
धर दखिण गुजरात धर, भड़ ग्रागळि भुव डंड ।।२७।।
मांडौ गढ़ 'सिवपति' जिसा, येमि 'मान' ग्रासेर ।
गाज करैं बेऊ गवड़, ग्राज लाज ग्रजमेर ।।२८।।

छंद छप्पय

महाराजा 'सिवपति', मंड मांडो गढ़ मंडं ।
बाबाड़े ग्रणबीह, खाग धूणें नव खंडं ।
थट्ट जेणि 'गोपाळ', ग्रनै 'वळिराम' सुथट्टं ।
सूर धीर सामंत, बिरद लग्गा कुळ बट्टं ।।
ग्रजमेर नाथ पारथ्थ यम, महि स भारथ मंडसी ।
छंडसी माण बीजा सपौ, छळगढ़ गौड़ न छंडसी ।।२९।।

वचनिका

ग्रहमदाबाद के जासूस जासूसी लाये ।
साह 'मुराद' की खबरि ले साह 'ग्रौरंग' पासि ग्राये ।।
जिण जासूसे ये खबरि कही ।

---

२५. ग्रणखामि – वंधन में न ग्राने वाले । मांझी – मुखिया ।

२७. सिवपति – शिवराम गौड़ । मंडिया – युद्ध प्रारंभ किया । मांडौ – मांडू का दुर्ग। ग्रागळि – ग्रर्गल।।

२८. मान – मानसिंह गौड़ । ग्रासेर – ग्रासेर का किला । बेऊ – दोनों ।

२९. बाबाड़े – ललकारते हैं । ग्रणबीह – निर्भय । खाग धूणें – तलवार तोल कर । गोपाळ – गोपालदास गौड़ । बळिराम – वलिराम गौड़ । कुळबट्टं – कुल की परम्परा के ग्रनुकूल । माण – मान । सपौ – योद्धा । छळ – युद्ध ।

साहि 'मुराद' पातिसाही बैठा सही ।।
तिस ऊपरि दिल्ली की फौजे उजेणि आई ।
हाथ जोड़ि ये खबरि कहाई ।।३०।।

छंद त्रोटक

कुलि साह सुणे 'अवरंग' कथं ।
मंडिया दळ खेति उजेणी मथं ।।
बद कोकिय साह 'मुराद' गजे ।
सह झूझ तणौ तिण साज सजे ।।
सुरत्ति खमावच कच्छ सहं ।
महि सौरठ ईडर मेळि महं ।।
असवार हजार पचास पुणै ।
सिरदार मंही अणपार सुणै ।।
गिरराज बिराज स राज गिरं ।
थपि दीयण राज 'मुराद' थिरं ।।
कुतवं 'समसंवे खांन' कहै ।
मुणियै बळि 'खां मनसूर' मुहै ।।
हथनाळि पचास उभै हथियं ।
दुयसै दहनाळि रथां कथियं ।।
पंचसै सुत्रनाळि सुत्रा परठै ।
करबा यम जूध महा कठठै ।।
तुपकं पंचसै सह दोय तवै ।
भर वाण कबाण अपार भवै ।।
अणपार स आउध उधरियं ।
बरनीन नवीन्ह बथरियं ।।
गयंदं मदमत्त असी गरजै ।
भड़ फौज गढ़ां अनड़ां समजै ।।

---

३१. कुलि – सभी । खेति – रणक्षेत्र । पुणै – चले, कहे । पचास उभै – एक सौ । दुयसै – दो सौ । दहनाळि – दस नालों वाली तोपें । सुत्रा – ऊँटों पर । परठे – रख कर । कठठे – जोश के साथ चले । तुपकं – तोपें । आउध – आयुध । विथरियं – (?) । असी – इस प्रकार । अनड़ां – अजयी, पर्वतों ।

तिण ऊपर पाखर ढाल दिपै ।
जुधवार प्रथीतळि कौण जिपै ।।
चगथां चतुरंगिय सेन चली ।
हलहल्ल नदी गिरमेर हलो ।।
अवघट्ट घट्टां सिर बट्ट हुयं ।
धरपत्ति तियां नह मेळ धुयं ।।
पर बाज जिसा अवगाज पड़ै ।
जुध रावळ संमरसेनि जुड़ै ।।
यण रूपं साह 'मुराद' अयं ।
भणिये 'अवरंग' उछाह हुयं ।।३१।।

छंद दोहा

दळ मिळिया साहां दहूं, कळमळिया कूरम्म ।
सळसळिया बळ सेस रा, रळमळिया मन रम्भ ।।३२।

छंद छप्पय

मिळिया साह 'मुराद', साह 'अवरंग' सपाणे ।
कोधा कौल करार, बीच दीधा रहिमाणे ।।
दहुं साहा चित येक, करै मसलति दुबाहं ।
दिली सीस दौड़िया, धरा चहुवै पड़ि धाहं ।।
मरिजाद लोपि सातों महण, बारै इन्द्र महाबळी ।
तवि येमि दहु साहां तणी, चमू येहि विधि ऊ चली ।।३३।।

जिपै – जीतें । चगथां – मुगलों की । गिरमेर – सुमेरु पर्वत । अवघट्ट – दुर्गम । बट्ट – राह । परबाज – बाज पक्षी के पंखों के समान । रावल संमरसेनि – रावल समरसिंह के समान । भणिये – कहने पर ।

३२. कळमळिया – विचलित हुआ । कूरम्म – कच्छप । सळसळिया – व्याकुल हो गया । सेस रा – शेषनाग का । रळमळिया – रागानुरंजित हुए । रंभ – रम्भा, अप्सरा ।

३३. मसलति – सलाह । धाहं – हाहाकार । मरिजाद – मर्यादा । लोपि – छोड़ कर । महण – समुद्र ।

चमू साहि चल्लाय, येमि मसलत्ति उपाये ।
राण पांण राखिया, कत्थ हिंदवाण कहाये ।।
आजि ऊह ऊरड़ै, सुजड़ गहि समा विसंमा ।
साहिजादा साहि रा, दिली बैठमा दुगंमा ।।
लखि येह खास कलमो लखो, पेखि खत्रवट पांण नै ।
जवहार बाज करि जरजरी, दीधौ पेस दिवांण नै ।।३४।।

वचनिका

'औरंगसाह' 'मुरादसाह' ये लिक्षा किया ।
दिली का तखत पातिसाहों कौ राणों का दिया ।।
साह दिली वैठे तिसें राणा बिठलावै ।
सोही दिली का पातिसाह कहावै ।।
जिस रवेस आगै राणा 'करण' 'साहिजिहा' कौ पातिसाही लै दीनी
सो साहिनामौं में दाखलि कीनी ।
अब दिवान की टुकेक यमदादि पावें ।।
तो दिली कों फौजे सौं लड़ने कौ आवें ।
यस बात का अदेसा कीजो ।।
उदियापुर 'औरंगसाह' 'मुरादसाह' की मदति कीजो ।।३५।।

छंद झमाळि

हय गय रथ पैदल हले, सहस फटै फण सेस ।
उड़ि गिरद मंडल अड़ो, भाण थयौ सम भेस ।।
भाण थयौ सम भेस, असा दळ ऊलटै ।
प्रळैकार रा पूर, पुहमी पालटै ।।
लगथा जूथ बिरूथ, लडंगा चल्लये ।
कसमस पीठि कमठ, हेमगिर हल्लये ।।३६।।

---

३४. ऊपाये – उपाय निकाला । ऊह – वह । ऊरड़ै – शीघ्रता से आये । सुजड़ – तलवार । समाविसंमा – विषम परिस्थति में । दुगंमा – कठिन । खास कलमो – खासा रुक्का । दिवांण नै – उदयपुर के महाराणा राजसिंह को ।

३५. रवेस – रीति से । टुकेक – थोड़ी भी । यमदाद्रि – मदद । अंदेसा – अन्देशः, विचार ।

३६. हले – चले । गरद – गर्द । भाण – सूर्य । पुहमी – पृथ्वी । जूथ बिरूथ – समूह के समूह । लड़ंगा – पंक्तियाँ । हेमगिर – हिमालय, सुमेरु पहाड़ ।

हेमगिरी सा हल्लये, ग्रनड़ बळी कहि ग्रोर ।
दह द्रिगपाल दहकिया, ठंभै न दिग्गज ठोर ।।
ठंभै न दिग्गज ठौड़, तटाका तूटिया ।
पट्टण हट्ट पह, छंछाळा छूटिया ।।
गज......... हरवल्ल, लगै पै लंगरां ।
पुळतां जाणि पहाड़, समंद संगरां ।।३७।।

ग्रैराखी ग्ररबियां, तवी ताता तोखारां ।
कई तुरकी ताजी कच्छि, सेराजी सिरदारां ।।
सेराजी सिरदार, परट्ठै पाखरां ।
बळि सिरया सिर वंद्धि, लहै सोइ लाखरां ।।
घूघर चंमर घोर, मजीठां मंडिये ।
तबल बंध तोखार, तिके बैतंडये ।।३८।।

पायक बरकंदार पुणि, बांणदार बेपार ।
कमणैता मांझी किता, हेक लख्ख ग्रसवार ।।
हेक लख्ख ग्रसवार, बगतर बांधियां ।
जिरहा जूसण जेमि, सिलांरा सांधियां ।।
मुणि चिलखंतो मंडि, हजारां मेखिये ।
घण घूघी सिर घंति, दुगम्मो देखिये ।।३९।।

रांगां दसतां मोरचे, नख सिक ढकि निराट ।
काळाकीट स कांमरा, घड़्या येरसै घाट ।।

---

३७. ग्रनड़ – पहाड़ । द्रिगपाल – दिक्पाल । दहकिया – दहल गए । तटाका – तड़क कर । छंछाळा – हाथी । लंगरां – कतारें । पुळतां – चलते हुए । समंद संगरां – समुद्र (सैन्य) को साथ लिए हुए ।

३८. ताता – चंचल, तेज चाल वाले । तोखारां – घोड़े । परट्ठै पाखरां – जिरहबख्तरों से सजे हुए । सिरया – श्री, जालीदार ग्राभूषण । घोर – ध्वनि । मंजीठां मंडिये – मजिष्ठ से चर्चित । तबल बंध – पायगाहों में बंधे रहने वाले । बैतंडये – बलवान् ।

३९. पायक – पैदल । बरकंदार – बरकंदाज, वन्दूकधारी सैनिक । बांणदार – तीरन्दाज । कमणैता – कमानधारी । जिरहा जूसण – जिरहबख्तर । सिलांरा – सिलह । सांधियां – बांधे हुए । चिलखंतो – चिल्कत कवच विशेष । मंडि – मंडित । घंति – पहनाई हुई । दुगम्मा – भयानक ।

४०. रांगां – जंघाग्रों के कवच । दसतां – दस्ताने । निराट – पूर्णतया । काळाकीट – काले नाग के बच्चे के समान । येरसै – ऐसे ।

घडचा येरसै घाट रवद्दां रूपयं ।
रातंबर मुख रंग जंम बड़ी जू पयं ।।
चाचर थूर स्कंध तुच्छि चसम्मयं ।
भाभड़ भूत भराड़ि अगमांगम्मयं ।।४०।।

बहौ काळा कज्जळवणै निरखंता नैण ।
बाहूदंड प्रचंडउ जे बोल अबूझै बैण ।।
बोल अबूझै बैण अरब्बी ऊचरै ।
पस्तो जंपि पठाण कई तुरकी करै ।।
कोलाहळ बहौ कथ्थि तेणि बिधि तक्किये ।
बहौ पंथां बहौ बोल सुणै तर पक्खिये ।।४१।।

सौ सौ तीर तरकसा करड़ी कट्ठ कबांण ।
दोड़ै यक दोय दोय दुमौ जेहा सेर जवांण ।।
जेहा सेर जवांण चगत्ता चावरा ।
पुणियै संद पठाण दुबाहा दावरा ।।
खोखर भख्खर नख्खि खरै खुरसांणियां ।
कक्कड़ लक्कड़ कथ्थि पुणै पीरांणियां ।।४२।।

कट्ठ भट्टी करगची कायमखांनी केह ।
गूंग अतगी बलितंगा साहि कदम्मा सेह ।।
साहि कदम्मा सेह मिराणी मांमरा ।
कंबोणी उजबक्क निहाणी नांमरा ।।

घाट – शरीर । रवद्दां – मुसलमान योद्धा । जंम बड़ी जू – जंबुक के मुख की आकृति जैसे । चाचर – मस्तक । थूर – स्थूल । तुच्छ चसम्मयं – छोटी आँखों वाले । भाभड़ भूत – विकराल भूत । भराड़ि – भरे हुए । अगमा गम्मयं –अगम्य स्थान पर भी जाने वाले ।

४१. बहौ – अत्यधिक । कज्जळ – काजल । अबूझै – समझ में न आने वाले । बैण – वचन । अरब्बी – अरबी भाषा । ऊचरै – बोलते हैं । पस्तो – पश्तो भाषा । तुरकी – तुर्किस्तान की भाषा । बहौ पंथां – विभिन्न प्रकार के पंथों वाले । तर – तरफ । पक्खिये – पक्षों के ।

४२. करड़ी कट्ठ – अत्यधिक कठोर । दोय दुमौ – दो कमानों को एक साथ मोड़ने वाले । दुबाहा – दोनों हाथों से प्रहार करने वाले । नख्खि – शाखा के ।

४३. केह – कितने ही । साहि कदम्मा सेह – बादशाह की सेवा में रहने वाले । मांमरा – सेवक ।

गुररानी तुकमान गिणै फिरंगियां ।
चचवांणी चहुंवाण चसती चंगियां ।।४३।।
बंग तिलंगी हबसियां मखमलि मखियांण ।
मुलतानी कसमेर का बैतंडी बाखांण ।।
बैतंडी बाखांण कुलची कनंड़ा ।
उलचो जुलची अक्खि अैराकी अनंड़ा ।।
जकबा चकबा जूथ भयाणां मारका ।
बूखारी अणबीह खंधारी खारका ।।४४।।
लहूवांणी ऊबिलंग ऊमर खूमर अपार ।
गूझांनी पैनी मुगल सिरजानी सिरदार ।।
सिरजांनी सिरदार बलेचो बलखियां ।
गख्खड़ बंबी गथ्थि रुहेला रक्खियां ।।
मसहद्दी मसहद्दी बदकरी बावळा ।
खूरेसी खीरेभ इसपई आवळा ।।४५।।
समरकंदि गोरी सही बांणै कज्जळ बास ।
हजारौं हुसन्निया कहि मसदलि कलांस ।।
कहि मसदलि कलांस मकी बहौ रूमिया ।
ऊरकजई अमौड़ बिहुरवे हूमियां ।।
जोया मिरजा जंपि बळि वे बंचियां ।
तेहा सेर तीन स हूनी संचियां ।।४६।।
बगदादी पंजाबियां दखिणी टकड्या दक्खि ।
कीधा येता वरनि कवि और हजारे दक्खि ।।४७।।

चसती – चिश्ती खानदान वाले । चंगियां – जोरावर ।

४४. बंग – बंगाल के । मखियांण – मकवाना गोत्र के । बैतंडी – बलवान । कनंड़ा – क़नयान नगर के निवासी । अैराकी – ईराक के । अनंड़ा – अनम्र ।

४५. बलेचो – बलुचिस्तान के । बलखियां – बल्ख देश के । बावळा – वीर । खूरेसी – कुरेशी । आवळा – बांकुरे, टेढ़े कार्य करने वाले ।

४६. मकी – मक्का के निवासी । बहौ – बहुत से । अमौड़ – पीछे न मुड़ने वाले । जोया – जोहिया वंश के । जंपि – कहे । तेहा – प्रचण्ड, ऐसे । हूनी – कुशल ।

४७. दखिणी – दक्षिण के । येता – इतने । और – और भी । दक्खि – इसके स्थान पर अक्खि पाठ होना चाहिए ।

छंद दोहा

येहा दळ आलोमलां, आय लगा आसेर।
मांन न छंडै 'मांनड़ो', उजवाळै अजमेर ।।४८।।

छंद छप्पय

'औरंगसाहि' अबीह, कोप करि येमि कहाये।
गढ़ छंडौ भड़ गौड़, मिळो बोहळा मौ आये ।।
बहौ देसां मनसूभ, बिन मिळया गढ़चढ़िमारां।
आज न ल्या आसेर, धरा दिली किम धारां ।।
असुरेस बिसेठी उल्लहे, हठी साहि 'अकबर' हरो।
'गिरमेर' तणौ गाढ़ौ गुरु, मान नही........हमरो ।।४६।।

मुणै येमि भड़ 'मांन', सुणौ 'अवरंग' सुलिताणं।
'साहिजिहां' पतिसाह, जांणि राखै जमिराणं ।।
दूठ जेणि मौ दियौ, दुरंग जिण रीतिस देस्यां।
दूजां सो गहि दुजड़, येमि खळखट्ट रचेस्यां ।।
जिण बात फेरि जाणौ रखे, जुद्ध बळाबळ जूटसी।
तूटिसी सीस असुरां तणा, तवि आसेर न तूटसी ।।५०।।

छंद चौपाई

गौड़ अरौड़ देखि गढ़ गाढ़ौ।
ठंभे असुर मेळियौ ठाढ़ौ।

---

४८. **आलोमलां** – चारों ओर। **आसेर** – आसेर नाम का दुर्ग। **मानड़ो** – मानसिंह गौड़। **उजवाळै** – उज्वल करे।

४६. **अबीह** – निर्भीकता से। **येमि** – इस प्रकार। **बोहळा** – बहुत से। **मनसूभ** – मनसबदारी। **मिळ्या** – मिले। **गढ़ चढ़ि मारां** – उनके गढ़ों को घेर कर मार दिये, अधिकार में ले लिए। **ल्या** – लें। **किम धारा** – किस प्रकार अधिकार में लें। **बिसेठी** – मध्यस्थ, बीच-बचाव करने वाला। **गिरमेर तणो** – गोपालदास का वंशज। **गाढ़ौ गुरु** – दृढ़ वीर, श्रेष्ठ वीर।

५०. **जांणि** – जान कर। **दूठ** – वीर। **जेणि** – जिसने। **देस्यां** – देंगे। **दूजां** – अन्यथा। **दुजड़** – तलवार। **खळ खट्ट रचेस्या** – युद्ध लड़ेंगे। **रखे** – निश्चय। **बळाबळ** – भयानक। **तवि** – तब भी।

५१. **ठंभे** – ठहर गए, छोड़ दिये। **मेळियौ ठाढ़ौ** – यों खड़ा छोड़ कर।

दावा पहली दिल्ली देस्यां ।
लड़ि पाछै ग्रासेर स लेस्यां ।।५१।।

छंद दोहा

उलट्टि दळ ग्रासेर हूं, सपता मांड़ी सार ।
गढ़ ऊपरि राजा गवड़, जूंझारां जूंझार ।।५२।।

छंद छप्पय

'ग्रवरंग' साहि 'मुराद', येखि मांडौ गढ़ येहौ ।
करि बीजौ कयळास, जकौ हेमाचळ जेहौ ।।
रुद्र रूप 'सिवराम', रुद्र जेहौ रीसांणौ ।
नेत्र-डाळ किरमाळ, प्रळै कारण पहिचांणौ ।।
ग्रसुरेस क्रोध करि ऊचरै, मौ सों हठ न मंडिये ।
लुळि ग्राय वेगि पावां लगौ, छंछाळा गढ़ छंडिये ।।५३।।

छंद रसावळा

ग्रसपत्ति उच्चरै, मत्ति हिंदू मरै ।
काय जौहर करैं, सौ कहूं संभरै ।।
मिळौ मौ मभ्भरै, करै सौह तैं सिरै ।
तिम करूं तुभ्भिरै, भिलौ ति भूभरै ।।
साहि जंपै यरै, धजवंध गौड़ मांडौ धरै ।
बिसटाळी······ कहब करै ।।

---

५२. उलट्टि – लौट कर, उमड़ कर । सपता (सं. सपत् = सपदि) – शीघ्रता से । गवड़ – गौड़ ।

५३. येखि – देखा, जान कर । येहौ – ऐसा । करि – मानों । बीजौ – दूसरा । जकौ – जो, ज्यों । जेहौ – जैसा । सिवराम – शिवराम गौड़ । रीसाणौ – कुपित हुग्रा । नेत्र-डाळ किरमाळ – शिव के नेत्र के समान तलवार की धार । लुळि – नम्र बन कर । पावां लगौ – सेवा स्वीकार करो, ग्रधीन बनो । छंछाळा – हाथी, दीर्घकाय योद्धा ।

५४. काय – क्यों । संभरै – सुन । मौ मझ्झरै – मेरे शामिल । सौह – सब । सिरै – सिरह, ऊपर । तिम – उसी प्रकार । भिलौ – मरने को तैयार । यरै – ग्ररे । धजबंध – ध्वजधारी । बिसटाळी – मध्यस्थ, दूत । कहब – कहना ।

पाण झल्लै पथं, कहै राजा कथं।
मंडि मांडौ मथं, साहि सेना सथं।।
आय लागा अथं, हथ्थ तेगं हथं।
रच्चसी भारथं, रंभ खड़िया रथं।।
बीर लौथि बथं, तेणि आजै तथं।।५४।।

छंद दोहा

जो राजा 'सिवपति' जिसा, मंडिया मांडौ मंड।
धर दखिण गुजरात धर, भड़ आगळि भुवडंड।।५५।।

छंद छप्पय

महाराजा 'सिवपति', मंड मांडौ गढ़ मंडं।
बाबाड़ै अणबीह, खाग धूणै नवखंडं।।
थट्ट जेमि 'गोपाळ', अनै 'बळिराम' सुथट्टं।
सूर धीर सामंत, विरद लग्गै कुळवट्टं।।
अजमेरि नाथ पाराथ जिम, महाभारथ सम मंडसी।
छंडसी मांण वीजा सपोह, छळ गढ़ गोड़ न छंडसी।।५६।।

छंद दोहा

विसटाळी सुरताण हूं, आय कही आरोड़।
सो देखौ राजा 'सिवौ', गाढै मतै स गोड़।।५७।।

---

५५. पाण – तलवार। झल्लै – पकड़े हुए। पथं – मार्ग में। मथं – पर, सिर पर। सथं – साथ में। अथं – यहाँ। तेग – तलवार। हथं – हाथ में। भारथं – युद्ध। रंभ – अप्सराएँ। खड़िया – चलाए। लौथि-बथं – गुत्थमगुत्थ। तथं – वहाँ, उसी प्रकार।

५६. जिसा – जैसा। आगळि – अर्गला। भुवडंड – भुजदण्ड।

५७. मंड – युद्ध। मंडं – लड़ने को उद्यत हुआ। बाबाड़ै – ललकारे। खाग धूणै – तलवार तोले हुए। थट्ट – समूह, दल। जेमि – जैसा। सुथट्टं – श्रेष्ठ समूह, प्रबल दल। कुळवट्टं – कुल की परम्परा, कुल मार्ग। पाराथ अर्जुन। बीजा – दूसरे। सपोह – राजा, योद्धा। छळ – युद्ध से।

५८. विसटाळी – बीच-बचाव करने वाला, दूत। आय – आकर के। सिवौ – शिवराम गोड़। गाढ़ै मतै – दृढ़ निश्चयी। स – वह।

तातो ठंढी सब कही, लगी न चित्त लगार ।
सो दीठो 'बळिराम' सुत, सारधार सिरदार ।।५८।।

छंद बेअखरी

साह कहै 'अवरंग' सपाणौ ।
काळजवन जेहौ कोपाणौ ।।
कितौ गौड़ मांडौ गढ़ केतौ ।
अम्हां हूंत कहियो बळ येतौ ।।
आजि दुरंग द्रहबट्ट उड़ाड़ौं ।
प्रात सूध जड़ हूंता पाड़ौं ।।
करै कोप साहि हला कीधा ।
दावा भड़ां सूं अग्या दीधा ।।
सुलिताणं 'महमूद' सिंघाळौ ।
लाख फौज लीधां लंकाळौ ।।
'खांन निजाबति' हरवल खड़िया ।
येण रूप आय मांडौ अड़िया ।।
गढ़े राजा 'सिवपतो' गाढ़ौ ।
ठौर दिया त्रामांगळा ठाढ़ौ ।।
दरवाजां मंडिया आय दावा ।
चावा नृपति भड़ां अनचावा ।।
'पोहकरदास' जिसा बंध पासै ।
तिण री धाक खळां उर त्रासै ।।

---

५९. ताती ठंढ़ी – गर्म-नर्म । लगार – तनिक प्रभाव नहीं हुआ ।

(१७) देवीसिंह — ओरछा का शासक राजा देवीसिंह बुंदेला। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में महाराजा जसवंतसिंह की नायकता में भेजी गई सेना में नियुक्त था। परन्तु युद्ध की भयंकरता से विचलित होकर वह विद्रोही शाहजादों से मिल गया था। उस समय उसका मनसब अढ़ाई हजारी जात, दो हजार सवार का था। वह बादशाह औरंगजेब के शासन के तेरहवें वर्ष में काबुल के सूबेदार मुहम्मद अमीनखां के साथ नियुक्त हुआ था। खैबर दर्रे में मुहम्मद अमीनखां के पराजित होने के बाद का उसका कोई उल्लेख प्राप्य नहीं है। इसलिए संभवतः खैबर में ही वह मारा गया हो।

— वीरविनोद द्वि. भा. पृ. ३६७, मा. उ. भा. १, पृ. २२०-२३।

(१८) सुजाणसिंघ — बुन्देलखण्ड के राजा पहाड़सिंह का पुत्र राजा सुजानसिंह बुंदेला। राजा सुजानसिंह भी धरमतपुरा के युद्ध में शाही सेना में नियुक्त हुआ था। वह भी युद्ध की भयानकता से भयभीत होकर मैदान से दूर हो गया था। उस समय उसका मनसब दो हजारी जात, दो हजार सवार का था। तदनन्तर वह औरंगजेब की सेवा में रह कर शाहजादा शुजा के विरुद्ध भेजी गई सेना के सहायकों में नियुक्त हुआ और कूच-विहार, आसाम, पुरन्दर दुर्ग, और बरार के युद्धों में भी शामिल हुआ। उन युद्धों में वीरता दिखला कर प्रशंसा प्राप्त की। बादशाह औरंगजेब के शासन के ११ वें वर्ष में दक्षिण में उसका देहान्त हो गया।

— मा. उ. भा. १, पृ ४३५-३६, वीरविनोद द्वि. भा. पृ. ३६८, मा. ख्यात. क।

(१९) राजा छत्रमणि — डीग (भरतपुर) राज्य के शासक राजा छत्रमणि यादव। वह यादवों के करौली राज्य के नजदीकी भाइयों में था। राजा छत्रमणि भी धरमतपुरा के युद्ध में महाराजा जसवंतसिंह राठौड़ के साथ नियुक्त शाही सेना में सम्मिलित था। महा-

राजा जसवंतसिंह का पाणिग्रहण उसकी राजकुमारी के साथ हुआ था। महाराजा अजितसिंह उसका भानजा था। युद्ध की स्थिति बिगड़ने पर वह भी मैदान से हट गया था।

— राठौड़ां री ख्यात, मा. ख्यात. ख, नैणसी भा. ३ पृ. २१३।

(२०) बलिराम — बलिराम हाडा के वतन और शाही मनसब की जानकारी उपलब्ध नहीं है। संभवतः वह कोटा तथा बूंदी के हाडा राजवंश के भाइयों में हाडौती के किसी ठिकाने का जागीरदार था। धरमतपुरा में वह भी शाही सेना में था।

(२१) पातळ — प्रतापसिंह मारू राठौड़ कहां का था, ख्यातों तथा इतिहास से प्रमाणित नहीं होता। संभवतः वह मालवा के झाबुआ राज्य के संस्थापक अकबर-कालीन राजा केशवदास मारू राठौड़ के वंशक्रम में हो।

(२२) सबळसिंह — राणा अमरसिंह (उदयपुर) के पांचवें पुत्र बाघसिंह सीसोदिया के पुत्र सुरताण का पुत्र सबलसिंह राणावत सीसोदिया। धरमतपुरा के युद्ध में वह घायल होकर बच गया था। बादशाह शाहजहां के शासन के २२ वें वर्ष में उसका मनसब दो हजारी जात, एक हजार सवार का था। — मा. ख्यात. ख, म. उ. भा. १ पृ ४०६।

पृ. १२ (१) **जखमी उजबक** — कवि ने यहां उजबक जाति के किस मुस्लिम योद्धा का उल्लेख किया है, ख्यातों आदि से स्पष्ट नहीं होता है। संभवतः यहां सैयद कुली उजबेक से अभिप्राय होगा। तब उसका मनसब आठ सौ जात चार सौ सवार का था।

(२) खां अफितार — अब्दुलाखां फीरोज जंग का भतीजा इफ्तखारखां ख्वाजा अबुलबका। वह बादशाह शाहजहां के १८ वें वर्ष में इफ्तखारखां की उपाधि प्राप्त कर सम्मानित हुआ। तदनन्तर अकबर नगर की फौजदारी पर नियुक्त होते समय उसका मनसब डेढ़ हजारी पांच सौ सवार का हो गया। वह कंधार में कजिलबाशों के युद्ध में बड़ी बहादुरी से लड़ा। तब पुरस्कार रूप में दरबार से उसका मनसब बढ़ा कर दो हजारी सवार का किया तथा झण्डा भी प्रदान हुआ। बादशाह शाहजहां के ३८ वें वर्ष में वह तीन हजारी मनसबदार बनाया गया और तब ही मालवा में चौरागढ़ की फौजदारी तथा जागीरदारी प्राप्त हुई। बादशाह के शासन के अन्तिम वर्ष में धरमतपुरा के युद्ध में महाराजा जसवन्तसिंह की सेना में वह शामिल हुआ और मुरादबख्श की सेना से युद्ध करता हुआ मारा गया।

— मु. द. भा. २ पृ. ४४८-५१।

(३) कासिमखांन — महाराजा जसवंतसिंह जोधपुर को सहयोग देने के लिए कासिमखांन को एक स्वतंत्र शाही सेना का प्रधान बनाकर बागी शाहजादा मुराद का मार्गविरोध करने के लिए भेजा गया था। परन्तु उसने शाही सेना और विद्रोही शाहजादों की सेना का मुकाबिला होने पर मैदान छोड़ दिया। कासिमखांन का धरमतपुरा के युद्ध के समय चार हजारी जात, चार हजार का मनसब था।

— मा. ख्यात, ख, रा. ख्यात. दाराशिकोह पृ. ११७-१८।

(४) सिवपति — राजा गोपालदास गौड़ के जेष्ठ पुत्र राजा बलिराम गौड़ का पुत्र राजा शिवराम गौड़। उस समय वह मालवा प्रान्त के प्रसिद्ध दुर्ग मांडू का दुर्गपाल

था। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में शाही पक्ष में लड़ कर घायल हुआ था। तदनन्तर धौलपुर के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुआ। एक समय उसके वतन में मालवा का धंधेरा भूभाग भी रहा था। राजस्थान में सरवाड़ (किशनगढ़ राज्यान्तर्गत) ठिकाना उसकी जागीर में था। तब उसका मनसब अढ़ाई हजारी जात, अढ़ाई हजार सवार का था।

— मा. उ. भा. १ पृ. ४३०-३१, मा. ख्यात ग, मा. प. विगत।

(५) **मांन** — सुमेरसिंह गौड़ का पुत्र मानसिंह गौड़। वह तब मालवा के आसेर (आसिर) गढ़ का किलेदार था। उसी ने सर्व प्रथम दोनों विद्रोही शाहजादों की सेनाओं के शामिल होकर आगरे की ओर बढ़ने की सूचना उज्जैन में महाराजा जसवंतसिंह के पास भेजी थी। धरमतपुरा के युद्ध में वह भी शामिल था। मानसिंह के मनसब और जागीरी व ठिकाने की जानकारी प्राप्य नहीं है।

(६) **गोपाळ** — राजा विट्ठलदास गौड़ का पिता राजा गोपालदास गौड़। वह शाहजादा खुर्रम (शाहजहां) का अत्यधिक विश्वासपात्र सरदार था। एक समय उस के अधिकार में बूंदी राज्य की ओर से प्रदत्त लाखेरी परगना था। रणथंभोर के युद्ध में उसने वहां के किलेदार बांकीवेग को बन्दी बना लिया था और सहायक किलेदार बीजल कछवाहा को मार कर किले पर अधिकार कर लिया था। अन्त में वह शाहजादे पर्वेज के विरुद्ध झूसी की रणभूमि में लड़ता हुआ वीर गति को प्राप्त हुआ।

— गोपालदास गौड़री बात, गौड़ों के वीरगीत।

(७) **बळिराम** — राजा गोपालदास गौड़ का जेष्ठ पुत्र और राजा शिवराम गौड़ का पिता राजा बलिराम गौड़। राजा बलिराम गौड़ भी शाहजादा खुर्रम के पक्ष में था। पर्वेज और खुर्रम के झूसी के युद्ध में अपने पिता के साथ वह भी मारा गया था।

— गौड़ों के वीरगीत, मा. उ. पृ. ४३०-३१।

पृ. १३ खां मनसूर — सैयद खानजहां शाहजहानी का पुत्र सैयद मंसूरखां बारहः। उसे बादशाह के ३० वें वर्ष में एक हजारी, चार सौ सवार का मनसब प्रदान हुआ। धरमतपुरा के युद्ध में वह शाहजादा औरंगजेब के साथ था। जब औरंगजेब ने धरमतपुरा और धौलपुर के युद्ध में विजय प्राप्त कर शाहजादा मुराद को गिरफ्तार किया, तब मंसूरखां को तीन हजारी जात पन्द्रह सौ सवार का मनसब मिला और दाराशिकोह का पीछा करने के लिए खलीलुल्लाखां के साथ भेजा गया था।

— मु. द. भा. ४ पृ. १८७-९०।

पृ. १४ रावळ समरसेनि — दिल्ली मण्डल के अन्तिम और प्रसिद्ध हिन्दू सम्राट् पृथ्वीराज चौहान के समकालीन और उसके बहनोई चित्तौड़ के स्वतंत्र शासक रावल समरसिंह सीसोदिया। वह पृथ्वीराज के पक्ष में महम्मद गौरी के विरुद्ध लड़ता हुआ मारा गयो था।

पृ. १५ वचनिका राणा करण — मेवाड़ के शासक राणा कर्णसिंह सीसोदिया। संवत् १६८१ में बनारस के पास टौंस नदी के युद्ध में शाहजादा खुर्रम शाहजादा पर्वेज की

सेना से पराजित होने पर एक अर्से तक उदयपुर (मेवाड़) में वहाँ के शासक की शरण में रहा था। उसी प्रसंग में यहाँ राणा कर्णसिंह का उल्लेख हुआ है।

— वीरविनोद द्वि. भा. पृ. २८६।

पृ. २२ (१) सूलितांण महमूद — शाहजादा औरंगजेब का पुत्र और बादशाह शाहजहाँ का पौत्र मुहम्मद सुल्तान। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में अपने पिता के साथ था। तब उसका मनसब सात हजारी जात, दो हजार सवार का था।

— वीरविनोद द्वि. भा. पृ. ३४६।

(२) खांन निजाबति — शाहजादा औरंगजेब का पक्षधर निजाबत खांन। वह धरमतपुरा के युद्ध में अपने पुत्र शुजाअतखाँ सहित औरंगजेब के समर्थन में लड़ा था। मांडू के किले को अपने अधिकार में लेकर शाहजादा औरंगजेब के सुपुर्द करने के लिए भी वह प्रयत्नशील हुआ था। किन्तु तब वहाँ के दुर्गाध्यक्ष राजा शिवराम गौड़ की सतर्कता एवं दृढ़ता के कारण वह सफल नहीं हो सका। बादशाह शाहजहाँ के शासन समय में उसका मनसब चार हजारी जात, चार हजार सवार का था। — मा. उ. (हिन्दीं) भा. ३. पृ. ४९२-९८।

(३) पोहकरदास — पृ. १२ छं. सं २७ की टिप्पणी के राजा शिवराम गौड़ बलिरामोत का छोटा भाई पोखरदास (पुष्कर दास) गौड़। वह विद्रोही शाहजादों की सेना से मांडू के किले में भी लड़ चुका था। धरमतपुरा के युद्ध में घायल होकर बच गया था। धौलपुर के युद्ध में वीरतापूर्वक लड़ता हुआ रणशायी हुआ।

पृ. २७, खाचरौंद — उज्जैन के समीपस्थ मालवा प्रान्त का गाँव खाचरोद। महाराजा जसवंतसिंह ने पहिले खाचरोद स्थान के पास ही शाहजादा मुराद की सेना से सामना करने का निश्चिय किया था। पर शाहजादा को अपनी अकेली सेना से मुकाबिला करने का साहस नहीं हुआ। तब अपना मार्ग महाराजा की सेना के सामने से बदल कर उज्जैन के पास अपना मुकाम किया। — मा. इ. प्र. भा. पृ. २२१।

पृ. २८ (१) चौरनरायणो — उज्जैन से ४ कोस दूर नरायना चोर नाम का नाला। महाराजा जसवंतसिंह ने इसी स्थान पर अपना सैनिक शिविर बनाया था।

— रा. ख्यात।

पृ. २८ (२) अस्टम तिथि — वैसाख कृष्णा ८, गुरुवार संवत् १७१५ धरमतपुरा के युद्ध का प्रथम दिन। इसी तिथि को उभय-पक्षीय सेनाओं ने अपने अपने मोरचे तैयार किये थे।

पृ. ३१ सतरा सै संमत्त -- धरमतपुरा के युद्ध की तिथि संवत् १७१५, वैसाख कृष्णा ९ शुक्रवार।

पृ. ३५ श्रोमनि — गौड़ वीर अर्जुन के सिलहखाने का अधिकारी शिवमणि जोशी (ब्राह्मण)। शिवमणि खेमराज जोशी का पुत्र था। वह भी अपने स्वामी अर्जुन गौड़ के साथ धरमतपुरा में विपक्षी सेना का संहार करता हुआ खेत रहा था।

पृ. ३६ बीरभद्र — राजा गोपालदास गौड़ का छोटा पुत्र और राजा विट्ठलदास गौड़ का छोटा भाई वीरभद्र गौड़। वीरभद्र भी धरमतपुरा के युद्ध में भेजी गई शाही पक्षीय सेना में सम्मिलित था। अपने वीर नायक अर्जुन गौड़ और अन्य अनेक गौड़ योद्धाओं एवं मनसबदारों सहित वह भी धरमतपुरा की रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुआ। उसके मनसब और जागीरी स्थान की जानकारी प्राप्त नहीं है।

पृ. ३७ मुरारि — राव मुरारिदास सोलंकी। तब उसके वतन में मेवाड़ प्रदेश के मांडल परगने का खैराड़ भूभाग था। खैराड़ पर अधिकार रहने के कारण सोलंकी खैराड़े (खैराड़ के स्वामी) कहलाते हैं। तब खैराड़ भूभाग की राजधानी जहाजपुर थी। मुरारिदास सोलंकी भी अपने नौ सेना नायकों सहित अर्जुन गौड़ के साथ की सेना में लड़ता हुआ धराशायी हुआ। मुरारिदास के मनसब की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

पृ. ३८ (१) प्रथीराज — रावत लक्ष्मीदास का पुत्र रावत पृथ्वीराज किस स्थान का स्वामी था, ख्यातों से कोई प्रमाण नहीं मिलता। वह अपने भाई आशकर्ण सहित धरमतपुरा के युद्ध में शाही पक्ष की ओर से लड़ता हुआ खेत रहा था।

(२) आसकरण — रावत लक्ष्मीदास का पुत्र और रावत पृथ्वीराज का लघु भ्राता आशकर्ण। आशकर्ण के विषय में भी तत्कालीन ख्यात ग्रंथों में कोई आधार नहीं मिलता। वह अपने भाई रावत पृथ्वीराज के साथ ही धरमतपुरा के रणक्षेत्र में काम आया था।

पृ. ३९ (१) राजसिंघ — गौड़ों की केहलनोत शाखा के प्रतापसिंह गौड़ का पुत्र राजसिंह गौड़। राजसिंह के विषय में भी सम्बन्धित इतिहास ग्रंथों में कोई सामग्री प्राप्त नहीं है। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में अर्जुन गौड़ के नेतृत्व में लड़ता हुआ खेत रहा था।

(२) मानसिंघ — संभवत: पृ. १२ छं. सं. २८ टिप्पणी का मालवा के आसेरगढ़ का दुर्गपाल मानसिंह गौड़। उसके पिता का नाम सुमेरसिंह था। वह भी धरमतपुरा में वीरगति को प्राप्त हुआ था।

(३) सांईदास — गौड़ जसराज भाखरोत (भाखरसिंह का वंशज) का पुत्र सांईदास गौड़। सांईदास का परिचय ख्यातों आदि में प्राप्त नहीं है। वह भी इस युद्ध में अन्य गौड़ योद्धाओं के साथ शाही सेना के पक्ष में लड़ कर खेत रहा था।

पृ. ४० (१) कुसळसिंघ — गौड़ क्षत्रियों की भाखरसिहोत शाखा का योद्धा कुशलसिंह गौड़। कुशलसिंह भी अपने अनेक सजातीय वीरों के साथ धरमतपुरा के रणक्षेत्र में शाही पक्ष के समर्थन में लड़ता हुआ खेत रहा था। उसके भी निवास स्थान, जागीरी भूभाग और मनसब आदि की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

पृ. ४० (२) इंद्रभांण — प्रसिद्ध गौड़ नेता राजा गोपालदास गौड़ के छोटे भाई सुन्दरदास गौड़ का पुत्र इन्द्रभानु गौड़। यद्यपि सम्बद्ध ख्यात-ग्रंथों में इन्द्रभानु का उल्लेख प्राप्त नहीं है। किन्तु राजा शिवराम गौड़ के साथ की सेना में उदयभानु गौड़ योद्धा का होना ख्यातों में प्राप्त है। उदयभानु का मनसब चार सदी दो सौ सवार का था।

संभवतः इन्द्रभानु और उदयभानु एक ही योद्धा का नाम है। वह भी धरमतपुरा में वीरगति को प्राप्त हुआ। — मा. प. वि., रा. ख्यात. ग।

पृ. ४१ (१) **किसनदास** — गौड़ों की पातळोत (प्रतापसिंहोत) शाखा के राघवदास गौड़ का पुत्र किशनदास गौड़। किशनदास अर्जुन गौड़ के सेनानायकों में से था। वह भी अपने स्वामी अर्जुन गौड़ के साथ धरमतपुरा में लड़ता हुआ मारा गया था।

(२) **नरहरदास** — जसवन्तसिंह गौड़ का पुत्र नरहरिदास गौड़। नरहरिदास मारवाड़ की नागौर सरकार के परगने मारोठ (गौड़ावाटी) के घाटवा, झूंथर, खोरण्डी आदि में से किसी एक ठिकाने का स्वामी था। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में लड़ कर खेत रहा था।

(३) **नरसींघ** — टिप्पणी पृ. संख्या १२ छं. सं. २८ के मानसिंह गौड़ का पुत्र नृसिंहदास गौड़। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में सम्मिलित था। इसके अतिरिक्त कृपाराम गौड़ का चचेरा भाई हीरामणि गौड़, मनसब दो सदी चालीस सवार; हरिभानु गौड़ मनसब तीन सदी, एक सौ सवार; सदाराम गौड़ मनसब चार सदी, डेढ सौ सवार; राजा शिवराम का पुत्र सूरजमल गौड़ मनसब तीन सदी, एक सौ सवार और शूरसिंह गौड़ मनसब दो सदी, बीस सवार आदि कई मनसबदार भी धरमतपुरा के युद्ध में शामिल थे। — मा. प. वि., रा. ख्यात ग।

(४) **जगभांण**—खैराड़ (परगना जहाजपुर) के किसी ठिकाने के दीपचन्द सौलंकी का पुत्र जगभानु सौलंकी। वह अर्जुन गौड़ की सेना में नियुक्त था। जगभानु भी धरमतपुरा के युद्ध में वीर गति को प्राप्त हुआ।

पृ० ४२ (१) **किसोर**—कर्मसिंह का पुत्र राव किशोरसिंह राजावत कछवाहा। वह आमेर (जयपुर राज्य) के राजावाटी भूभाग के किस ठिकाने का स्वामी था, स्पष्ट नहीं होता। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में अर्जुन गौड़ की सेना में था। किशोरसिंह राजावत के मनसब की परिचिति भी प्राप्त नहीं है।

(२) **बैरियसाल** — खैराड़ प्रान्त के स्वामी मुरारिदास सौलंकी का सेनानायक बैरीशाल खीची (चौहान)। बैरीशाल खीची के ठिकाने आदि की निश्चित जानकारी प्राप्त नहीं है। सम्भवतः वह मालवा के खीचीवाड़े के राज्य राघोगढ़, गढ़ा, खिलचीपुर आदि में से किसी ठिकाने का रहा हो। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में सम्मिलित था।

(३) **कुम्भक्रन्न**—खीचीवाड़े (मालवान्तर्गत) के भगवानदास खीची का वंशधर कुम्भकर्ण खीची (चौहान)। कुम्भकर्ण के वतन और मनसब की जानकारी प्राप्त नहीं है। वह मुरारिदास सौलंकी के साथ की सेना में था। वह भी धरमतपुरा में शाही पक्ष की तरफ से लड़ता हुआ काम आया था।

(४) **मोहणदास**—जहाजपुर (रामपुरा वालों के पूर्वज) दुर्गभानु चन्द्रावत सीसोदिया के वंशज केशरीसिंह का पुत्र मोहनदास चन्द्रावत सीसोदिया। वह भी धरमतपुरा में लड़ता हुआ मारा गया था।

(५) जयरांम—भैरवदास का पौत्र और कल्याणदास का पुत्र जयरामदास पंवार क्षत्रिय। जयरामदास के निवास स्थान और शाही सेना के पद की जानकारी प्राप्त नहीं है। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में शाही पक्ष की ओर से लड़ता हुआ काम आया।

पृ० ४३ (१) राघवदास—खैराड़ प्रान्त के सौलंकी क्षत्रिय कल्याणदास का पौत्र और खेतसिंह का पुत्र राघवदास सौलंकी। राघवदास भी धरमतपुरा के युद्ध में शाही सेना की ओर से लड़ कर काम आया था।

(२) मनरांम—मालव प्रदेश के पंवारों के प्रसिद्ध राज्य धार का स्वामी मनराम पंवार क्षत्रिय। उसके पिता का नाम बुद्धिसेन था। वह भी विद्रोही शाहजादों के विरुद्ध धरमतपुरा में लड़ता हुआ वीरगति को प्राप्त हुआ था। उसके मनसब आदि की परिचिति नहीं है।

(३) भीमेणि—अजमेर प्रान्त के गौड़ों की खोखर शाखा के ताजखांन गौड़ का पौत्र भीमसिंह गौड़। वह भी अपने पिता सहित धरमतपुरा के युद्ध में सम्मिलित हुआ और उसी युद्ध में वीरता पूर्वक लड़ कर मारा गया।

(४) कुम्भक्रन—चूंडा खवास का पुत्र कुम्भकर्ण खवास। वह राव मुरारिदास सौलंकी का सेवक था। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में अपने स्वामी राव मुरारिदास के साथ ही लड़ता हुआ काम आया।

(५) महेस—प्रस्तुत बिन्है रासौ का कर्त्ता कवि महेशदास राव।

पृ० ४८ स्याम—पुष्कर (अजमेर) के पास खोहरी ग्राम के दसोन्धी केशवदास राव का पुत्र श्यामदास दसोन्धी। श्यामदास स्वयं अच्छा कवि, वक्ता और योद्धा था। वह भी अपने आश्रयदाता अर्जुन गौड़ के साथ ही लड़ता हुआ धरमतपुरा के युद्ध-स्थल में धराशायी हुआ था।

पृ० ५० (१) सोमदत्त—सोमदत्त द्विज (ब्राह्मण) किस स्थान का था, ख्यातों से स्पष्ट नहीं होता है। सम्भवतः वह अर्जुन गौड़ का सेवक था और अपने स्वामी के साथ ही धरमतपुरा में मारा गया था। उसके पितामह का नाम जैसा (जसराज) था।

(२) तेजसी—भाट (राव) जाति का दसोन्धी तेजसी। वह गौड़ों का आश्रित था। धरमतपुरा के युद्ध में उसने भी भाग लेकर वीरता प्रदर्शित की थी। उसका छोटा भाई हरजी भी उसके साथ इस युद्ध में शामिल था।

(३) हरजी—तेजसी भाट (राव) का छोटा भाई हरजी भाट। हरजी गौड़ों का आश्रित था। धरमतपुरा के युद्ध में वह भी गौड़ वीरों की सेना के साथ था।

(४) मेघौ—अर्जुन गौड़ के भोजनालय का दारोगा (अधिकारी) बारी जाति का मेघराज। वह अर्जुन गौड़ का विश्वस्त सेवक था। धरमतपुरा के युद्ध में वह भी अपने स्वामी के सामने वीरता प्रकट कर काम आया।

(५) नरो—अर्जुन गौड़ का सेवक नाई जाति का नरा। वह भी अपने स्वामी के साथ रणभूमि में अश्वारूढ़ होकर शत्रुओं से लड़ने गया और धरमतपुरा की रणभूमि में ही काम आया था।

पृ० ५२ (१) सूर—जोधपुर के राजा शूरसिंह राठौड़। राजा शूरसिंह राजा गजसिंह के पिता और महाराजा जसवन्तसिंह राठौड़ जोधपुर के पितामह थे। यहाँ सूरहर शब्द महाराजा जसवन्तसिंह के लिए प्रयुक्त हुआ है।

—मा० ई० प्रथम भाग पृ० १८१।

(२) मधुकरी—बूंदी के राव सरबुलंद राय रतनसिंह हाडा का छोटा पुत्र राव माधवसिंह हाडा। राव माधोसिंह ने अपने पिता के जीवन काल में ही उल्लेखनीय शाही सेवाएं कर कोटा का स्वतन्त्र राज्य प्राप्त किया था। धरमतपुरा के वीर योद्धा राजा मुकन्द सिंह, कन्हीराम, मोहनसिंह, जूझारसिंह और किशोरसिंह.राव माधवसिंह के पुत्र थे।

—रा० ई० द्वि० भा० पृ० ४०-३७.

(३) खुरम्म—बादशाह अकबर का पौत्र और जहांगीर का पुत्र शाहजादा खुरंम। वह दिल्ली के सिंहासन पर बैठने पर बादशाह शाहजहाँ के नाम से इतिहास में प्रसिद्ध हुआ। वह ६ फरवरी १६२८ ई० में आगरे में सिंहासनारूढ़ हुआ था। धरमतपुरा और धौलपुर के युद्धों में विजय प्राप्त करने के बाद औरंगजेब ने उसे आगरा के किले में कैद कर दिया था। अन्त में २२ जनवरी, १६६६ ई० में बन्दी अवस्था में ही उसका देहावसान हुआ।

(४) रतनं—बूंदी रियासत का स्वामी सरबुलन्दराय राव रतनसिंह हाडा। राव रतनसिंह हाड़ा अपने समय का प्रसिद्ध योद्धा और कुशल शासक था। उसने शाही सेवा में रहकर अनेक युद्धों में भाग लिया था। दक्षिण में बुरहानपुर पर विजय प्राप्त कर उसने यश कमाया था। बादशाह शाहजहां के चौथे वर्ष में बालाघाट के पड़ाव पर उसकी मृत्यु हो गई। उस समय उसका पाँच हजारी, पाँच हजार सवार का मनसब था। राव रतनरी वेलि, मु० द० भाग १ पृ० ३१७-२०

(५) भोज—बूंदी के राव सुर्जन का छोटा पुत्र राव भोज हाड़ा। राव भोज बड़ा स्वाभिमानी और जातीय गौरव का रक्षक तथा मर्यादा-पालक राजा था। उसे बादशाह अकबर के २२ वें वर्ष में बूंदी का अधिकार मिला था। उसने शाही सेवा में रहकर अनेक युद्धों में भाग लिया था। सन् १६०८ ई० में उसकी मृत्यु हो गई।

—मु० द० भाग १-पृ० २७३-७४

पृ० ५३ दूदरज—बूंदी के शासक राव सुर्जन हाड़ा का जेष्ठ पुत्र राव दूदा हाडा। वह अपने पिता के शासनकाल में उसकी अनुपस्थिति में बूंदी का राज्य-कार्य सम्हालता था। पर राव सुर्जन उस पर नाराज रहता था। सुर्जन की इच्छानुसार उसकी मृत्यु के बाद उसके छोटे भाई भोज ने उससे बूंदी छीन ली, तब वह बागी हो गया और मेवाड़ की सहायता से लूट-मार करता रहा। अन्त में सन् १६४२ ई० में मालवा में मर गया।

—रा० ई० द्वि० भा० पृ० ६२-६३

पृ० ६० (१) बीठल—राजा गोपालदास जोगीदासोत गौड का द्वितीय पुत्र राजा विट्ठलदास गौड़। राजा विट्ठलदास गौड़ बादशाह शाहजहाँ का विश्वस्त और प्रिय सेनानायक था। एक समय उसके वतन में मालपुरा का परगना था। फिर उसे रणथंभौर की

फौजदारी और प्रान्त शाहजहाँ ने प्रदान किया था। उसने बुन्देलखण्ड के राजा जूझारसिंह बुन्देला, खानेजहाँ लोदी, परेन्दा दुर्ग का युद्ध, शाहजी भोंसला के विरुद्ध युद्ध, बदख्शां की चढ़ाई आदि युद्ध में बड़ी वीरता एवं साहस का परिचय दिया था। बादशाह शाहजहाँ उसकी सैनिक सेवाएं और स्वामि-धर्म पर उससे बड़ा खुश रहा। वह सन् १६५१ ई० में मृत्यु को प्राप्त हुआ।—मु० द० भाग १ पृ० २३८–४१।

(२) **बीठल**—पाली के स्वामी ठाकुर गोपालदास चाँपावत का पुत्र विट्ठलदास चाँपावत। विट्ठलदास चाँपावत कुल आठ भाई थे, जो आठों ही विभिन्न आठ युद्धों में लड़ कर मारे गये थे। विट्ठलदास महाराजा जसवन्तसिंह की सेना में था। धरमतपुरा के युद्ध के समय उसके पट्टे में बिलाड़ा तहसील का रणसी गाँव था। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुआ।—वचनिका र० म० टि० पृ० १३६।

पृ० ६६ (१) **अम्मेरस**—धरमतपुरा के युद्ध में नियत अमरसिंह नामक दो कछवाहा नरेशों का कवि ने नामोल्लेख किया है, जिनमें एक तो पृ० १० टिप्पणी सं० १४ का राजा अमरसिंह कछवाहा नरवर का शासक था। दूसरे अमरसिंह को कवि ने रामगढ़ का बतलाया। जयपुर-राज्य में रामगढ़ नाम के दो तीन ठिकाने थे, जिनके इतिहास के अभाव में यह स्पष्ट नहीं होता कि दूसरा अमरसिंह कहाँ का था। महाराजा जसवन्तसिंह जोधपुर की सेवा में एक समय अलबत्ता दांता-रामगढ़ परगने का ठाकुर अमरसिंह शेखावत कछवाहा दाँता का रहा था। वह महाराजा जसवन्तसिंह का साला और राजा वैरीसिंह खण्डेला का द्वितीय पुत्र था। किन्तु निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि वह धरमतपुरा के युद्ध में उपस्थित था। जोधपुर हकूमत की बही, नैणसी री ख्यात भा० १ पृ० ३२२

(२) **फतो**—शाहपुरा के शासक सुजानसिंह सीसोदिया का जेष्ठ राजकुमार फतहसिंह सीसोदिया। फतहसिंह अपने पिता और अपने दो छोटे भाई दौलतसिंह मन्सब तीन सदी और रामचंद्र सहित धरमतपुरा के युद्ध में सम्मिलित था। फतहसिंह अपने पिता सुजानसिंह और भाई रामचंद्र सहित इस युद्ध में मारा गया और दौलतसिंह घायल होकर बच गया। इस युद्ध में शाहपुरा की सेना के ५३३ सैनिक मारे गए थे। फतहसिंह तब पाँच सदी सवार का मन्सबदार था। उस का चाचा वीरमदेव सीसोदिया भी शाही सेवा में था। वीरमदेव धोलपुर के युद्ध में दाराशिकोह के पक्ष में लड़ा था। तदनन्तर वह औरंगजेब की सेवा में रहा। वह महाराजा जसवंतसिंह जोधपुर का ससुर था। वीरमदेव तीन हजारी जात एक हजार सवार का मन्सबदार था। उसका संवत् १७२५ के आस-पास देहान्त हुआ।

—उदयपुर का इतिहास २ जिल्द पृ. ९३७, शाहपुरा की ख्यात भाग १

पृ. ७३ **भगवंतसींग**—बून्दी के राव शत्रुशाल हाडा का पुत्र राजकुमार भगवन्तसिंह हाडा। वह शाहजादा औरंगजेब की सेना में था। उज्जैन और धोलपुर के दोनों युद्धों में उसने औरंगजेब के पक्ष में युद्ध किया था। जब औरंगजेब सिंहासनारूढ़ हुआ तब उसने भगवन्तसिंह को राजा की पदवी और मालवा का मऊ का परगना प्रदान कर सम्मानित किया था। —रा. इ. द्वि० भा० पृ. ७२–७३

पृ. ७४ (१) **केसरीसिंघ**—बीकानेर के राजा कर्णसिंह का द्वितीय पुत्र राजकुमार

केसरीसिंह राठौड़ । वह खण्डेला के राजा द्वारिकादास शेखावत का दौहित्र था । उज्जैन और धौलपुर के युद्धों में राजकुमार केशरीसिंह शाहजादा औरंगजेब की सेना में रह कर लड़ा था। बादशाह औरगजेब उसकी वीरता और निर्भीकता का बड़ा सम्मान करता था। वह जैसा वीर था वैसा ही उदार भी था । तब वह अढ़ाई हजारी मन्सबदार था।

—राजस्थानी बात संग्रह पृ. १७०–१७५

(२) चिकनखान—सफशिकनखां का असली नाम मुहम्मद ताहिर था। शाहजहाँ के शासन काल के अन्तिम वर्षों में वह दक्षिणी सूबे में तोपखाने का दारोगा नियुक्त किया गया था। जब शाहजादा औरंगजेब ससैन्य दिल्ली पर अधिकार करने के लिए रवाना हुआ तब नर्मदा नदी पार करने पर मुहम्मद ताहिर को सफशिकन खां का खिताब दिया गया था। तब उसका मनसब अढ़ाई हजारी जात, दो हजार सवार का था। —आ. ना. पृ. ५३

(३) बहादरखाँ—बहादुरखाँ का असली नाम मीर मलिक हुसैन था । वह प्रारंभ से ही शाहजादा औरंगजेब के साथ में रहा था। शाहजहाँ के जुलूस सन् २७ में उसे हण्डिया होशंगाबाद की फौजदारी दी गई थी । कल्याण के घेरे के समय उसने नैलंग के किले पर अधिकार कर लिया था । सन् १६५८ ई. में उसे बहादुरखां का खिताब दिया गया । धरमत-पुरा के युद्ध में वह औरंगजेब की सेना के हरावल में नियुक्त हुआ था ।

—आ. ना. (अंग्रेजी) भा. १ पृ. ७८३–८४

(४) अलयाखांन—मीर तुजुक अल्लाहयार खाँ । वह औरंगजेब का उसकी शाहजादगी के समय से ही सेवक था। धरमतपुरा के युद्ध में वह भी सेना के हरावल भाग में शामिल था। औरंगजेब के शासन के पांचवे वर्ष में वह उन्नति को प्राप्त होकर डेढ़ हजारी जात पन्द्रह सौ सवार का मनसबदार बनाया गया था । छठे वर्ष में सन् १६६३ ई० में मर गया।

—मु. द. भा. २. पृ. ३२५

(५) हमीर—सीसोदिया हम्मीरसिंह राणावत। कविराजा श्यामलदास ने वीर विनोद द्वि. भा. पृ. ३४१ पर हम्मीरसिंह को देवगढ़ वालों का बड़ा (पूर्वज) लिखा है, जो ठीक नहीं है । देवगढ़ वाले तो चूण्डावत सीसोदिया हैं और यह राणावत सीसोदिया था। वह भी धरमतपुरा में औरंगजेब की सेना में था । उस समय उसका मनसब पांच सौ जात, तीन सौ सवार का था। —वीर विनोद द्वि. भा. पृ. ३७८

(६) सेख मीरक—काजी असलम का भतीजा मीरक शेख हरवी। वह जहाँगीर के शासन-समय में खुरासान से भारत आया था । वह बड़ा विद्वान् और सुशिक्षित था । बादशाह शाहजहां के शाहजादों की शिक्षा का भार उसे सौंपा गया था। शाहजहां के शासनकाल में उसे अर्ज मुकर्रर और बेगम साहिबा का दीवान का पद मिला था। औरंगजेब ने बादशाह बनने पर उसे तीन हजारी के मनसब पर नियुक्त किया था । धरमतपुरा के युद्ध में वह औरंगजेब की सेना में था । सन् १६६१ ई. में उसकी मृत्यु हो गई।

—मु. द. भाग ४, पृ. २६५–६६ ।

पृ. ८२ खांनजिहां—दौलतखाँ लोदी शाहू खेल का पुत्र खानजहाँ लोदी । उसका जन्म-नाम पीरखाँ था । अपनी जवानी के प्रारंभ में शाहजादा सुलतान दानियाल का अन्तरंग

मित्र बन गया था। उसकी मृत्यु के बाद जहाँगीर के दरबार का खास दरबारी बना। तब उसे तीन हजारी मनसब और सलावतखाँ की पदवी मिली। तदनन्तर खानजहां की बड़ी पदवी प्राप्त हुई। बादशाह उस पर अधिक भरोसा करता था। उसे बादशाह ने अनेक जिम्मेदारी के कार्यों और युद्धों में भेजा था, जहाँ उसने बड़ी योग्यता और बहादुरी का परिचय दिया था। जहांगीर के समय में वह बारह हजारी के मनसब तक आसानी से पहुँच गया था। शाहजहाँ के बादशाह बनने पर वह उससे शंकावश बागी हो गया। तदनन्तर अनेक स्थानों पर शाही सेना से मुकाबला करता हुआ वह लड़ता रहा। अन्त में कालिंजर के युद्ध में माधवसिंह हाडा के बाण से घायल होकर गिर गया। अब्दुल्लाखां जख्मी ने उस का सिर काट कर दरबार में भेजा। उसका बड़प्पन बादशाह शाहजहां द्वारा सैयद खानजहाँ को कहे गए इस वाक्य से प्रकट हो जाता है—यह पदवी उस आदमी की है, जिसकी हम और सभी शाहजादे कृपादृष्टि चाहते थे और वह बेपरवाही से किसी से नहीं बोलता था।

—मु. द. भाग ३, पृ. १३७-५२, रा. इ. द्वि. भा. पृ. १११।

पृ. ८४ (१) **कलियांण**—पंवार शाखा का क्षत्रिय कल्याणसिंह। उसके वतन तथा जागीर की जानकारी प्राप्त नहीं है। संभवतया वह राव मुकन्दसिंह हाडा का सामन्त था। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुआ।

(२) **दळथंभ**—यहाँ राव-पदधारी किस दलथंभ राठौड़ का उल्लेख कवि ने किया है, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। वह औरंगजेब के विरुद्ध शाहजादा दाराशिकोह के पक्ष की सेना का योद्धा था।

(३) **हरियंद**—भाट (राव) जाति का हरिदास कौन था, स्पष्ट नहीं होता है। संभवतः पृ ५० टिप्पणी २ का हरजी भाट ही हरियंद भाट होगा। वह भी हाडा वीर मुकन्दसिंह कोटा के साथ में युद्ध में मारा गया था।

पृ. ९५. **जगभांण**—मारवाड़ के मारोठ परगने के गौड़ों के ठिकाने पांचवो, पांचोतो, लूणवो, मीठड़ी और सरगोठ आदि में से किसी एक स्थान का स्वामी जगभानु गौड़। वह धरमतपुरा में विद्रोही शाहजादे औरंगजेब और मुराद की सेना से युद्ध करके मारा गया था।

—मा. ख्यात, रा. ख्यात ग.

पृ. १०० (१) **स्यांमदास**—भाट-जाति का श्यामदास राव। वह अजमेर-प्रान्त के गौड़ों का आश्रित और वहाँ के भाटों (रावों) का मुखिया था। वह भी धरमतपुरा के युद्ध में जूझता हुआ काम आया।

(२) **मलो**—बाघावत भाटों (रावों) का वंशज मालीराम राव। मालीराम स्वयं अच्छा कवि था। राजसिंह गौड़ पर रचित उसकी एक दवावैत प्राप्त है। वह भी धरमतपुरा में लड़ता हुआ मारा गया।

धौलपुर-युद्ध

पृ. १०८ **भाराथ सिंघ**—बून्दी के स्वामी और धौलपुर-युद्ध के प्रमुख हिन्दू-सेना-नायक राव छत्रसाल हाडा का सबसे छोटा पुत्र राजकुमार भारतसिंह हाडा। उस समय

उसकी पन्द्रह वर्ष की आयु थी। वह भी अपने पिता सहित धौलपुर के रणांगण में वीरगति को प्राप्त हुआ। रा. इ. द्वि. भा. पृ. ७२. बांकीदास री ख्यात पृ. १४६।

पृ १०९ (१) **महौक्कमं**—बूंदी के राव शत्रुशाल का छोटा भाई महाराज महोकम-सिंह हाडा। वह राजकुमार गोपीनाथ का पुत्र और राव रतनसिंह का पौत्र था। महोकम-सिंह भी अपने दोनों कुमारों जोरावर सिंह और नाहर सिंह सहित धौलपुर में शाही पक्ष की ओर से लड़ता हुआ वीरगति को प्राप्त हुआ। वह कोटड़ियाद के आंतरदाह ठिकाने का स्वामी था।—रा. ई. द्वि. भा. पृ. ७२

(२) **गुमांन**—बून्दी के शासक राव रतन सिंह हाडा के द्वितीय राजकुमार इन्द्रशाल का पुत्र गुमान सिंह हाडा। कोटा का इन्द्रगढ़ ठिकाना उसका वतन था। इन्द्रशाल आठ सौ जात, चार सौ सवार का मनसबदार था। उसका उत्तराधिकारी गुमानसिंह हाडा धौलपुर के युद्ध में शाही पक्ष में लड़ कर खेत रहा था। मा. ख्यात.।

(३) **जोरार नाहर**—बून्दीनरेश राव शत्रुशाल के भाई महाराज महोकम सिंह हाडा के पुत्र जोरावर सिंह और नाहर सिंह। वे दोनों भाई भी धौलपुर के मैदान में शाहजादा दाराशिकोह के पक्ष में लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। मा. ख्यात.

(४) **जगपत्ति**—गोविन्ददास गौड़ का पुत्र जगन्नाथसिंह गौड़। वह राव शत्रुशाल हाडा का सामन्त था। वह भी धौलपुर के युद्ध में मारा गया था।

(५) **सिवरांम**—खैराड़-प्रान्त के शिवराम सौलंकी का परिचय प्राप्त नहीं है। संभवतः वह राव शत्रुशाल हाडा का सेवक और सेना-नायक था। धौलपुर के युद्ध-वृत्तान्त की किसी भी ख्यात में उसका उल्लेख उपलब्ध नहीं है। एक अन्य शिवराम का वर्णन अवश्य मिलता है जो राजा बलिराम गौड़ गोपालदासोत का पुत्र था। वह उज्जैन के युद्ध में घायल होकर बच गया था। धौलपुर में वह भी अपने भाई पोखर दास सहित लड़ कर मारा गया था। वह अढ़ाई हजार जात, अढ़ाई हजार सवार का मनसबदार था। उसके साथ में उसका पुत्र सूरजमल तीन सदी एक सौ सवार और सदाराम गौड़ चार सदी डेढ़ सौ सवार के मनसबदार भी वीरगति को प्राप्त हुए थे। मा. प. विगत.

पृ ११० **खांन रुसतम**—रुस्तमखाँ बहादुर फिरोज जंग। वह बादशाह शाहजहाँ के शासनकाल के बड़े सेना-नायकों में था। शाही सेवा में रह कर उसने अनेक युद्धों में भाग लिया था। शाहजादों के विद्रोह के समय वह काबुल के सैनिक शासक के पद पर नियुक्त था। शाहजादा दाराशिकोह के बुलावे पर वह द्रुतगति से काबुल से आगरा आकर पहुँचा और धौलपुर के युद्ध में शाहजादा सिपहर शिकोह के साथ शाही सेना के हरावल के वाम भाग में नियुक्त हुआ। वहाँ वह बड़ी दिलेरी के साथ लड़ता हुआ मारा गया। तब उसका मनसब सात हजारी जात, छह हजार सवार का था।

—मु.द. भा. ४, पृ. १२१, वि. विनोद द्वि. भा. पृ. ३५६, ३६३.

पृ. ११४ **रांमसी**—जोधपुर के राव चन्द्रसेन का पौत्र और राव कर्मसेन का पुत्र राव रामसिंह राठौड़ वह महाराणा उदयपुर का भांनजा था। महाराणा की सेवा में रह कर

उसने गुजरात के राज्य ईडर के शासक को हराया था और प्रतापगढ़ के रावत जसवन्तसिंह को भी युद्ध में पराजित कर मार दिया था। वह बड़ा वीर और उदार था। उदारता के कारण वह इतिहास में रामसिंह रोटला के नाम से विख्यात रहा है। धौलपुर के युद्ध में वह भी दाराशिकोह के प्रतिद्वंद्वियों से लड़ कर मारा गया।

—मु. द. भाग १ पृ. ३४६–४७. वां. ख्यात. पृ. ८५।

पृ. ११५ रूपसिंह—राजस्थान के किशनगढ़ राज्य का स्वामी राजा रूपसिंह राठौड़। वह बादशाह शाहजहां के शासनकाल में बल्ख, कंधार और चित्तौड़ के घेरे तथा युद्धों में वीरता प्रकट कर प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका था। राजा रूपसिंह भी धौलपुर के युद्ध में अपरिमित पराक्रम प्रकट कर वीरगति को प्राप्त हुआ। उस समय उसका चार हजारी जात, अढ़ाई हजार सवार का मनसब था। मु. द भाग १, पृ. ३६८-७०, वां. ख्यात पृ. ८१.

पृ. ११६ भीमाळ—राजा विट्ठलदास गौड़ का तीसरा पुत्र भीमसिंह गौड। वह धरमतपुरा के युद्ध में घायल होकर बच गया था। वह भी धौलपुर के युद्ध में लड़ कर शाही पक्ष की ओर से वीरगति को प्राप्त हुआ। तब उसकी जागीर में रणथंभोर सरकार का बोंळी ठिकाना था।—मा. प. विगत, मु. द. भाग १ पृ. २४२।

पृ. ११९ (१) केसरीसींघ—मोटे राजा उदयसिंह जोधपुर के तृतीय पुत्र भगवानदास राठौड़ का पुत्र केसरीसिंह राठौड़। वह धौलपुर के युद्ध में शाहजादा दाराशिकोह की निजी सेना में नियुक्त था। वह भी धौलपुर के युद्ध में खेत रहा था। मा. ई. प्रथम भाग पृ. १७८।

(२) नाहर—यहां कवि ने नाहरखांन सैयद नाम के किस योद्धा का उल्लेख किया है, निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता है। वह दाराशिकोह की सेना का योद्धा था।

पृ. १२० (१) अलियार खांन—यहां अल्लाहयार खाँ मीरतुजुक जो धरमतपुरा में औरंगजेब के साथ था, से भिन्न किस अल्लाहयार खाँ से कवि का प्रयोजन है, निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता।

(२) रहमतुला—रहमतुला के विषय में भी कोई निश्चित जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। वह धौलपुर के युद्ध में शाही सेना में सम्मिलित था।

(३) सत्रसाल—कछवाहों की नरूका-खांप का शत्रुशाल। वह अक्षयराज का पुत्र और चन्द्रभानु का पौत्र था। कछवाहों की ख्यात से स्पष्ट नहीं होता कि वह कहां का था। शत्रुशाल भी अपने भाई महासिंह सहित धौलपुर के युद्ध में शाही पक्ष में था।

(४) महासिंघ—कछवाहों की नरूका-शाखा के अक्षयराज का पुत्र और चन्द्रभानु का पौत्र महासिंह। उसके स्थान आदि की जानकारी उपलब्ध नहीं है। वह भी अपने भाई शत्रुशाल के साथ धौलपुर-युद्ध में नियुक्त शाही सेना में था।

(५) नरपाल—चौहानों की सांचोरा-शाखा के बल्लू का पुत्र नरहरदास चौहान। नरहरदास के वतन में जोधपुर का सांचोर परगना था। वह भी धौलपुर के युद्ध में शाही सेना में था और युद्ध में मारा गया था। नरपाल के पिता बल्लू का मनसब सात सौ जात, चार सौ सवार का था।—वी. विनोद द्वि. भा. पृ. २०६, नै. ख्यात. भा. १ पृ. २३४

(६) रणछोड़ि—मानसिंह राठौड़ का पुत्र रणछोड़दास राठौड़। वह किशनगढ़ के राजा रूपसिंह राठौड़ का सेना-नायक था। रणछोड़दास भी अपने स्वामी राजा रूपसिंह के साथ युद्ध क्षेत्र में वीरगति को प्राप्त हुआ। ख्यात. ग.

(७) सूजाणसींघ—सुजानसिंह राठौड़ किस स्थान का निवासी था, स्पष्ट नहीं होता। वह भी धौलपुर के युद्ध में शाही सेना में रह कर लड़ा था।

(८) रांम—आमेर (जयपुर) के प्रसिद्ध कछवाहा-नरेश मिर्जा राजा जयसिंह के जेष्ठ पुत्र राजकुमार रामसिंह कछवाहा। रामसिंह अपने भाई कीर्त्तिसिंह सहित धौलपुर के युद्ध में शाही सेना में नियुक्त था। तब उसका मनसब तीन हजारी जात. दो हजार सवार का था। मिर्जा राजा जयसिंह के देहावसान के बाद वह आमेर के सिंहासन पर बैठा था। छत्रपति शिवाजी मरहठा को औरंगजेब की कैद से निकल जाने का अवसर प्रदान करने का श्रेय राजकुमार रामसिंह को ही है। वीर विनोद द्वि. भा. पृ. ३६६, कछवाहों के वीरगीत।

(९) कीरत्तीसींघ—आमेर के कछवाहा-नरेश मिर्जा राजा जयसिंह का कनिष्ठ राजकुमार कीर्त्तिसिंह कछवाहा। वह भी धौलपुर के युद्ध में नियुक्त शाही सेना में था। तब उसकी जागीर में मेवात (अलवर) का इलाका और कांमां खोहरी का परगना था। वह एक हजारी जात, नौ सौ सवार का मनसबदार था। कछवाहों की ख्यात.

(१०) कुसळौ—राजकुमार रामसिंह कछवाहा आमेर का सेनानायक कुशलसिंह कछवाहा। वह अपने पुत्र कनकसिंह सहित धौलपुर के युद्ध में नियुक्त था। कुशलसिंह धौलपुर में घायल होकर बच गया था। तदनन्तर वह बीकानेर के राजा अनूपसिंह के भाई पदमसिंह राठौड़ के साथ दक्षिण में संवत् १६४० में सांवतराम जादवराय दक्षिणी के मुकाबले में युद्ध करता हुआ वीरगति को प्राप्त हुआ। —रा. बात संग्रह पृ. १८६–८७

(११) कनको--कुशलसिंह कछवाहा का पुत्र कुंवर कनकसिंह कछवाहा। वह भी धौलपुर के युद्ध में नियुक्त राजकुमार रामसिंह आमेर की सेना में सम्मिलित था।

(१२) दाऊदखांन — दाऊदखाँ कुरेशी का पुत्र शेख दाऊद। वह शाहजादा दाराशिकोह की सेवा में रहकर उन्नति को प्राप्त हुआ था। शाहजहाँ के शासन के ३० वें वर्ष में मथुरा, महावन, जलेसर तथा अन्य महालों का फौजदार नियुक्त हुआ था। धौलपुर के युद्ध में वह राव शत्रुशाल हाडा बूंदी के साथ शाही सेना के हरावल में नियत हुआ था। औरंगजेब के बादशाह बनने पर भी वह दाराशिकोह के साथ बना रहा। अन्त में भक्खर के पास से वह अलग होकर अपने देश हिसार फीरोजा चला गया। तदनन्तर औरंगजेब के दरबार में उपस्थित होने पर उसे चार हजारी जात, तीन हजार सवार का मनसब मिला। वह औरंगजेब की सेवा में रहकर अनेक युद्धों में शामिल हुआ तथा खानदेश, बरार और इलाहाबाद का प्रान्ताध्यक्ष भी रहा। आलमगीरी के २५ वें वर्ष में उसकी मृत्यु हुई।

—मु. द. भा. ३ पृ. ४०९–१२

(१३) नरपाल—मारवाड़ के गोड़ावाटी-प्रदेश के किसी ठिकाने का स्वामी नरपाल गोड़। वह राजा शिवराम गोड़ की सेना में था। धौलपुर में वह भी राजा शिवराम गोड़ के साथ खेत रहा था।

पृ. १३८ (१) खंगार—खंगार का नाम धौलपुर के युद्ध-वृत्तान्त की किसी भी ख्यात में नहीं मिला। संभवतया वह राजा रूपसिंह राठौड़ किशनगढ़ की सेना का योद्धा था।

(२) कम्म—जैतसिंह का पुत्र भाखरोत कर्मसिंह का परिचय भी उपलब्ध नहीं है।

पूर्व (बहादुरपुर) का युद्ध

पृ. १४३ राजसिंघ हाडा—बूंदी के स्वामी सरबुलंदराय राव रतनसिंह हाडा का छोटा द्वितीय पुत्र राजसिंह हाडा। वह बंगाल के सूबेदार शाहजादा शुजा की सेना में नियुक्त था और पूर्व (बहादुरपुर) के युद्ध में शुजा के साथ रह कर राजा जयसिंह कछवाहा और शाहजादे सुलेमानशिकोह के नेतृत्व में भेजी गई शाही सेना से लड़ा था। बां. ख्यात पृ १४६

पृ. १५१ (१) जसपत्ती—राजा अनिरुद्धसिंह गौड़ का भाई जसवन्तसिंह गौड़। वह भी अपने भाई राजा अनिरुद्धसिंह के साथ शाहजादा शुजा के विरुद्ध भेजी गई सेना में शामिल था।

(२) भाऊ—रतनसिंह का वंशज भावसिंह कहां का था, स्पष्ट नहीं होता। अनुमानतः वह बून्दी के राव शत्रुशाल हाडा का जेष्ठ राजकुमार भावसिंह हाडा था। भावसिंह राव रतनसिंह का प्रपौत्र था। वह बहादुरपुर के युद्ध में शाही सेना में सम्मिलित था।

(३) तेजा—जयपुर के बलभद्रोत कछवाहों के ठिकाने अचरोल का ठाकुर तेजसिंह बलभद्रोत कछवाहा। वह बहादुरपुर के युद्ध में मिर्जा राजा जयसिंह की सेना में नियुक्त था। वह भी शाहजादा शुजा के विरुद्ध शाही पक्ष की ओर से लड़ा था। उसके पिता का नाम कान्ह सह था।

(४) जोरावर—मिर्जा राजा जयसिंह कछवाहा का सेनानायक शिवब्रह्मपोता कछवाहा राव जोरावरसिंह। वह जयपुर के नींदड़ ठिकाने का स्वामी था। राव जोरावरसिंह भी बहादुरपुर में शादजादा शुजा के विरुद्ध लड़ा था।

(५) नवला—शक्तिसिंह का पुत्र नवलसिंह किस स्थान का स्वामी था, कोई स्पष्ट प्रमाण प्राप्त नहीं है। वह भी बहादुरपुर में भेजी गई शाही सेना में था।

(६) सकता—शक्तिसिंह का स्थान और जातीय परिचय अज्ञात है। वह भी शाही सेना में रहकर बहादुरपुर के युद्ध में शाहजादा शुजा के विरुद्ध लड़ा था।

(७) रुकमांगद—कुंवर रुक्मांगद गौड़ का परिचय भी उपलब्ध नहीं है। अनुमातः वह राजा अनिरुद्धसिंह गौड़ की सेना में था। उसने भी बहादुरपुर में शाहजादा शुजा के विरुद्ध भाग लिया था।

(८) अचला—अचलदास गौड़ के भी वतन और मनसब-प्रभृति की जानकारी प्राप्त नहीं है। संभवतया वह राजा अनिरुद्धसिंह की सेना में था। उसने भी बहादुरपुर के युद्ध में शाहजादा शुजा के विपक्ष में युद्ध किया था।

(९) किसोवर—किशोरसिंह के स्थान, जाति और मनसब आदि का परिचय अप्राप्त है।

पृ. १५२ (१) किसोर—उदयपुर से तीन मील दूर चिकलवास ग्राम का दसोंधी किशोर-दास राव। वह दासाजी राव (भाट) का पुत्र था। किशोरदास स्वयं डिंगल-साहित्य का

अच्छा विद्वान् कवि था। उसने राणा राजसिंह पर 'राजप्रकास' नामक एक खण्डकाव्य लिखा है। बहादुरपुर के युद्ध में वह राजा अनिरुद्धसिंह की सेवा में था। किशोरदास के तोप का एक गोला और तीन तीर लगे थे। —वरदा त्रैमासिक वर्ष ७ अंक २ पृ. ५७

(२) **सांवळदास**—भाट-जाति का श्यामलदास किस राजा के साथ की सेना में था और कहां का निवासी था आदि का कोई आधार नहीं मिलता। अनुमानतः वह किशोरदास राव का सम्बन्धी था।

पृ. १५३ (१) **हरदा**—जोगीदास गौड़ के छोटे पुत्र सुन्दरदास गौड़ का पुत्र हृदयराम गौड़। वह राजा अनिरुद्धसिंह गौड़ का निकटस्थ सम्बन्धी और उमराव था। वह भी बहादुरपुर के युद्ध में शाही पक्ष की सेना में था। —गौड़ों के वीरगीत, मा. प. विगत

(२) **सिवा**—शिवा अथवा शिवराम का परिचय प्राप्त नहीं हुआ। अनुमानतः वह राजा अनिरुद्धसिंह गौड़ की सेना का योद्धा था।

(३) **महेस**—महेशदास कहाँ का था, उसका भी कोई वृत्तान्त उपलब्ध नहीं हुआ। संभवतया वह गौड़-क्षत्रिय था और राजा अनिरुद्धसिंह की सेना में था।

(४) **रांम**—रामसिंह का भी सम्बन्धित ख्यात ग्रंथों में कोई उल्लेख प्राप्त नहीं है। अनुमानतः वह-नाथावत कछवाहा था और तब राजा जयसिंह की सेना में था।

—नै. ख्यात, भा. १ पृ. ३१०

(५) **डूंगरसींह**—डूंगरसिंह नामक योद्धा का नाम बहादुरपुर के युद्ध के योद्धाओं की किसी नाम-सूची में नहीं मिलता है।

(६) **केसवदास**—राजा शूरसिंह के पुत्र केशवदास का परिचय भी स्पष्ट नहीं है।

(७) **दवारा**—पातळ (प्रतापसिंह) का वंशज द्वारिकादास कहां का था, कोई आधार प्राप्त नहीं हुआ।

पृ. १५४ (१) जूझार—मालवा के धार-राज्य के परमारों के वंशज जूझारसिंह का भी बहादुरपुर के युद्ध में सम्मिलित शाही सेना के योद्धाओं की किसी सूची में नाम नहीं मिलता है।

(२) **जसौ**—यह जसवन्तसिंह राजा अनिरुद्धसिंह गौड़ के भाई पृ. १५१ छं. सं २९ टिप्पणी (१) का जसवन्तसिंह गौड़ ही है अथवा उससे भिन्न जसवन्तसिंह है, स्पष्ट नहीं होता है।

(३) **मोहकम्म**—मोहकमसिंह के भी वतन और मनसब आदि की कोई जानकारी ख्यातों से प्राप्त नहीं है।

(४) **क्रन**—यह कर्णसिंह भी किस स्थान का था, कोई संकेत ख्यातों में नहीं मिलता है।

(५) **क्रमसेनि**—कर्मसेन का भी वंश-परिचय और शाही वतन आदि की कोई जानकारी प्राप्त नहीं है।

(६) सुजांणहसिंघ—सुजानसिंह के भी वंश, स्थान और शाही मनसब आदि की कोई स्पष्ट जानकारी ख्यातों के आधार पर प्राप्त नहीं है ।

(७) डूंगर—डूंगरसिंह पृ. १५३ छं. सं. ३१ टि. (५) वाला ही डूंगरसिंह है अथवा कोई अन्य है , स्पष्ट नहीं होता है ।

पृ. १५५ (१) सूरसिंघ—शूरसिंह जयपुर-राज्य के कछवाहों के किस ठिकाने का स्वामी था, स्पष्ट नहीं होता । वह मिर्जा राजा जयसिंह का सामन्त और सेना-नायक था । वह भी बहादुरपुर के युद्ध में शामिल था ।

(२) महासिंघ—जयपुर-राज्य के प्रमुख ठिकाने मनोहरपुर शाहपुरा के राव लूणकर्ण शेखावत कछवाहा के पौत्र उग्रसेन का पुत्र महासिंह शेखावत । महासिंह अमरसर-वाटी परगने के दौराला ठिकाने का स्वामी और मिर्जा राजा जयसिंह कछवाहा का सेना-नायक था । वह भी बहादुरपुर के युद्ध में शाही पक्ष की सेना में सम्मिलित था । रा. ज. सरोज.

(३) फतैसिंघ—जयपुर राज्य के उनियारा संस्थान का स्वामी राव फतहसिंह नरूका कछवाहा । वह राव चन्द्रभानु का पुत्र था । बादशाह शाहजहा ने चन्द्रभानु को चार हजारी मनसब और शाही मुरातब प्रदान किया था । राव फतहसिंह मिर्जा राजा जयसिंह के साथ बहादुरपुर भेजी गई शाही सेना में सम्मिलित था । तब उसका मनसब सात सौ जात, तीन सौ सवार का था । ला. रा. भूमिका पृ. ३३, वीर विनोद द्वि. भा. पृ ३७६.

पृ. १५६ (१) मथुरो—मथुरादास कछवाहा मिर्जा राजा जयसिंह कछवाहा की सेना में था । वह बहादुरपुर के युद्ध में कछवाहों की सेना में रह कर लड़ा था । तदनन्तर वह कंधार की तरफ के किसी युद्ध में मारा गया था । नै. ख्या. भा. १ पृ. ३१०–११ ।

(२) मधकर—मथुरादास का भाई और हृदमाल का पुत्र माधोदास कछवाहा । वह भी बहादुरपुर के युद्ध में मिर्जा राजा जयसिंह की सेना में शामिल था ।

पृ. १५८ (१) प्रथीयराज—आमेर का प्रसिद्ध राजा पृथ्वीराज कछवाहा । वह बड़ा विवेकशील, धार्मिक और भगवद्भक्त था । कछवाहों की बारह कोटड़ियां खंगारोत, बलभद्रोत, नाथावत आदि राजा पृथ्वीराज के बारह पुत्रों से ही अलग-अलग प्रचलित हुई हैं । (शासनकाल वि.सं. १५५६-१५८४ तक) ना. इ. पृ. ३६-४१.

(२) कुंतिल—आमेर के राजा कछवाहा किल्हणदेव के पुत्र राजा कुंतिल । राजा कुंतिल वि. सं. १३३३ में आमेर के सिंहासन पर आसीन हुए थे । ना. इ. पृ. ३०

(३) पज्जून—सम्राट् पृथ्वीराज चौहान के समकालीन और सम्बन्धी राजा पज्जवन राय कछवाहा । राजा पज्जवनराय सम्राट् पृथ्वीराज और राजा जयचन्द राठौड़ के युद्ध में लड़ता हुआ काम आया था । कछवाहां री ख्यात

(४) मलेसी—राजा पज्जवनराय का ज्येष्ठ राजकुमार मलयसिंह कछवाहा । मलयसिंह भी सम्राट् पृथ्वीराज के पक्ष में राजा जयचन्द राठौड़ की सेना से लड़ता हुआ काम आया था । कछवाहां री ख्यात

पृ. १५६ अमर—जोधपुर के राजा गजसिंह का जेष्ठ राजकुमार और राव रायसिंह नागौर का पिता राव अमरसिंह राठौड़ । उसका जन्म वि.सं. १६७० पौष शुक्ला ११

को हुआ था। वह बड़ा वीर, हठी और निर्भीक योद्धा था। राजा गजसिंह अपने छोटे राजकुमार जसवन्तसिंह को अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहते थे। इसलिए राजा गजसिंह ने बादशाह शाहजहां को कह कर अमरसिंह को अपने जीवनकाल में ही नागौर का राज्य और राव की उपाधि प्रदान करवा कर जोधपुर के अधिकार से वंचित कर दिया था। वह वि. सं. १७०१ में शाहजादा दाराशिकोह की हवेली में बादशाह शाहजहां के सरह दरबार में फौज बक्षी सलावत खां को मारने के बाद अर्जुन गौड़ और खलीलुल्ला खां आदि छह योद्धाओं के सामूहिक प्रहारों से मारा गया था।

—म. उ. भा. १ पृ. ६७-७३ सू. प्र. भा. ३ भूमिका. पृ. ४७.

पृ. १६६ (१) **सांगो**--हदमाल का पुत्र संग्रामसिंह कछवाहा। वह भी अपने भाई मथुरादास और माधोदास सहित बहादुरपुर के युद्ध में शाही पक्षीय सेना में शामिल था।

(२) **कलियांण**—अलवर-राज्य के स्वामी नरूका कछवाहों का पूर्वज राव कल्याणसिंह फतहसिंहोत नरूका। तब वह मिर्जा राजा जयसिंह के द्वितीय राजकुमार कीर्तिसिंह की सेवा में था। बहादुरपुर के युद्ध में वह भी मिर्जा राजा जयसिंह की सेना में शामिल था।

—ला. रा. भूमिका पृ. ३४-३५.

(३) **कुसळेस**—कुशलसिंह नाथावत कछवाहा। जयपुर में नाथावत कछवाहों के चौमू और सामोद दो बड़े ठिकाने थे, परन्तु उनके इतिहास में कुशलसिंह नाम के किसी नाथावत का कोई नाम-संकेत नहीं मिलता। बहादुरपुर के युद्ध में वह भी कछवाहों की सेना में था।

(४) **गिरवर**—कछवाहों का पोलपात्र राव गिरवर भाट। उसके पिता का नाम परशुराम था। वह रावों की टाक-शाखा का था। अनुमानतः वह भट्टों की गली के रावों का पूर्वज हो। गिरवर भी बहादुरपुर के युद्ध में कछवाहों की सेना के साथ में था।

(५) **अखौ**—गिरवर का भाई और परशुराम का पुत्र अक्षयराज राव। वह भी अपने भाई के साथ बहादुरपुर के युद्ध में कछवाहों की सेना में था।

(६) **हरी**—गोयंददास ऊहड़ का पुत्र हरिसिंह ऊहड़। वह भी अपने पिता सहित बहादुरपुर के युद्ध में सम्मिलित था।

(७) **गोयंद**—हरिसिंह ऊहड़ का पिता गोयंददास ऊहड़। वह भी अपने पुत्र सहित बहादुरपुर के युद्ध में शाहजादा शुजा के विरुद्ध शाही सेना में शामिल हुआ था।

पृ. १६७ **रघुनाथ**—चंद का वंशज रघुनाथ कौन और कहाँ का था, कोई आधार-स्रोत प्राप्त नहीं है।

पृ. १७० **जैत**—कर्ण के पुत्र जैतसिंह की जानकारी भी प्राप्त नहीं है।

पृ. १७१ **सांवर**—सांवरदास भाट (राव) का भी स्थान और अन्य परिचय उपलब्ध नहीं है।

परिशिष्ट ३

नामानुक्रमणिका

इ

ई

उ

ऊ

ऐ

ओ

क

ख

च

छ

ज

य

र

परिशिष्ट (४)

छन्दानुक्रमणिका

उज्जयिनी युद्ध

छन्द नाम	प्रथम पंक्ति	पृ०	पद्यांक
अलिला	जिण वेळां अजमाल ज जग्गं	३३	७६
ऊधोर	गैमर जिसै हैमरगात	४५	१०७
किलकिला	सजै यम मारुव सेन्नि सपांण	६२	१३१
गाथा	उलटि दळ अणभंगो	२७	६२
चोपई	प्रथियराज सांमंत सिंघाळी	३९	८९
चोपाई	गोड़ अमर देखि गढ़ गाढ़ौ	१९	५१
छप्पय (कवित्त)	अध फौंज मुंह अग्गै पड़ि अध फौज स पूठी	८७	१७७
	अबरी वर अजमाल चढ़ै नरइंद स चावौ	४८	१०९
	अवरंग साहि मुराद पेखि मांडौ गढ़ये हौ	२०	५३
	अष्टम तिथि गुरुवार पुणै वयसाख कृष्ण पक्षि	२८	६६
	आलै येमि नकीब सिलहबंदो सांमंतां	३५	८२
	आजि छत्र ओरठो साहि ओरठी स जाणो	९७	१९१
	इंद्रभांण जमरांण किसूं वाखांण कहीजै	४०	९४
	इतें गल महि उल्लही उभै साहां दळ आया	२७	६३
	उरड़ि उरड़ि अजमाल फौज सुलतांणी फाड़ै	९६	१८७
	ओरंग रा जासूस लीय जासूसी दिल्ली	१०	२१
	ओरंग साहि अवीह कोप करि येमि कहाये	१९	४९
	कहीस हाडा कथ्थ सुणे बाहुड्यो बसीठी	६०	१२७
	कितां घाव सेंकोजै कितां घाव बांधीजै	१०२	२०२
	कुसळसिंघ रणधींग अक्खि अक्खो अणबीहं	४०	९३
	खग बाहौ अफितारखांन मुगलांण स मांझी	६४	१३६
	गज केसरि व्रद गौड़ अहल व्रद गौड़ बखांणै	८२	१६०
	गज फौजां बेहंडी हठी हरवळ बंगाळां	९७	१८९
	घाव कियो गज घटे असुर ऊलटे अपारां	९९	१९६
	चढ़ै रतन कमधज्ज जतन जीव री न जांणै	६२	१३२
	चवि हजारे [illegible]	७४	१४८

छन्द नाम	प्रथम पंक्ति	पृ०	पद्यांक
	कहुं परै बीर खंडह बिहंड	१०१	१९९
	थिरं ऊतरं साहिवारास थप्पै	३	१०
	दळथंभ चढै झालो वुझल्ल	६३	१३३
	यत करही सूर संनांन दान	३१	७५
	सजि सूर अनै सांमंत सारं	४३	१०२
	सुरितांण बिन्है चढ़िया सपांण	७२	१४७
बिराज (बीराज)	घसै सार धारं	८८	१७८
	वणै वीरभद्दं	३६	८४
वेअक्खरी	बाजा बरण बरण बणावं	६८	१४१
	साह कहै अवरंग स पांणी	२२	५९
बेलीभुजंगी	रचै सिलह येम जोधा मुरारी	३७	८७
	सजै साहि सलेम सेनां सपांणं	५	१७
भाखड़ी	अरजन उरड़ैजीक औरंग आहुड़ै	९१	१८६
भुजंगी	कछे काछ जोधार मेवास वाछं	४४	१०४
	चढै गौड़ पीड़ी तणा चावा	४८	११०
	जितं साह सन्नाह सूर सज्जे	९८	१९३
	धरा गाहि ऊजेणि अवरंग धायौ	१०३	२०३
	पड़ै खेत वीरभद्र झूझि पड़ै	१००	१९८
	रटं हिंदवां नाम सिव रांम रांम	७७	१५४
भुजंगीप्रियात	पळं बीर वैताळ भाराथ पूक्षे	२७	६४
रसावळा (रसावळो)	असपत्ति उच्चरै मत्ति हिंदू मरै	२०	५४
	रांम रांम रटे अजणं उव्लटे	९९.	१९५
रोमकंध	सजि सूर सुभट्टं थूरण थट्टं थट्ट गरट्टं तेथइया	६७	१४०
लघुनिराज	कमधं ये सुणी कथं	२४	६१
वचनिका	अहमदाबाद के जासूस जासूसी लाये	१२	३०
	औरंगसाह मुरादसाह ये लिक्षा किया	१५	३५
	औरंगसाहि मुरादसाहिये सौं फुरमाया	७६	१५१
	दिली के कासीद दक्षिण की धाये	७	१८
सागर	मोहणसिंघ हाडौ अमोडं	५४	११५
साटिक	सूंडाडंउ सिंदूर सोभसिरसा देवादन अप्रिता	१	३
	श्वेता अमर वैयसिता मुक्तासिरा मंगता	१	१
सोरठा	आखाड़ै अवनाड़	८१	१५७
	रायसिंघ जसराज	८१	१५६

धौलपुर युद्ध

पूर्व (बहादुरपुर)–युद्ध

सहायक ग्रन्थ-सूची

आलमगीर नामा	मुहम्मद काजिम कृत (बिबलोथिक इण्डिका संस्करण)
उदयपुर राज्य का इतिहास	डा० गौरीशंकर हीराचंद ओझा कृत, जिल्द २
कछवाहों के वीर गीत	सौभाग्यसिंह शेखावत, भगतपुरा का हस्तलिखित संग्रह
कछवाहां री ख्यात	राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर का संग्रह
कोटा राज्य का इतिहास	डा० मथुरालाल शर्मा कृत, प्रथम भाग
खण्डेला का इतिहास	पं० सूर्यनारायण
मारवाड़ री ख्यात ग.	सीताराम लाळस, जोधपुर का संग्रह
गौड़ों के वीर गीत	सौभाग्यसिंह शेखावत, भगतपुरा का संग्रह
गोपाळदास गौड़ री बात	कुंवर देवीसिंह मंडावा का संग्रह
दाराशिकोह	डा० कालिकारंजन कानूगो
नाथावतों का इतिहास	हनुमान शर्मा कृत
मआसिरुल उमरा	ब्रजरत्नदास, बी० ए० एल० बी० द्वारा अनुवादित, भाग १
मारवाड़ का इतिहास	पं० विश्वेश्वरनाथ रेऊ कृत, भाग १
मारवाड़ री ख्यात ख	राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर का संग्रह
मारवाड़ री ख्यात क	राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर संग्रह
मारवाड़ के परगनों की विगत	मुंहता नैणसी लिखित, राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर संग्रह
मुगलकालीन भारत	डा० आशीर्वादीलाल कृत, भाग २
मुगल-दरबार	अनुवादक ब्रजरत्नदास, बी. ए. एल. एल. बी., भाग १, २, ३, ४
मुंहता नैणसी री ख्यात	सं० बद्रीप्रसाद साकरिया, भाग १, २, ३, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर
राजपूताने का इतिहास	जगदीशसिंह गहलोत कृत, भाग २
राजपूताने का इतिहास	डा० गौरीशंकर हीराचंद ओझा कृत, भाग २
राजस्थानी बात संग्रह	सं० नारायणसिंह भाटी, राजस्थानी शोध-संस्थान, जोधपुर
राठौड़ां री ख्यात	राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर का संग्रह
वचनिका राठौड़ रतनसिंध महेसदासोत री	सं० काशीराम शर्मा, डा० रघुबीरसिंह, सीतामऊ
राठौड़ों के वीर गीत	राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर का संग्रह
रायसल जस सरोज, रामदयाल कविया कृत	सौभाग्यसिंह शेखावत का संग्रह
वरदा, त्रैमासिक पत्रिका,	राजस्थान साहित्य समिति. बिसाऊ

बांकीदास री ख्यात,	सं० नरोत्तमदास स्वामी, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर
वीरविनोद	महामहोपाध्याय कविराजा श्यामलदास कृत, भाग २
सूरज प्रकास	कविया करणीदान कृत, सं० सीताराम लाळस, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, भाग ३
हाडों के वीर गीत	बंगाल हिन्दी मण्डल, कलकत्ता का संग्रह

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर द्वा

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला में प्रकाशित

राजस्थानी–हिन्दी-ग्रन्थ

१. कान्हड़दे प्रबन्ध, (ग्र. ११), महाकवि पद्मनाभ विरचित; सम्पादक - प्रो. के. बी. व्यास । मू. १२.२५

२. क्यामखां रासा, (ग्र. १३), कवि जान कृत; सम्पादक - डॉ. दशरथ शर्मा और अगरचन्द भंवरलाल नाहटा । मू. ४.७५

३. लावा रासा, (ग्र. १४) अपर नाम कूर्मवंशयशप्रकाश, गोपालदान कविया कृत; सम्पादक - श्रीमहताबचन्द खारेड़ । मू. ३.७५

४. बांकीदास री ख्यात, (ग्र. २१), बांकीदास कृत; सम्पादक - श्रीनरोत्तमदास स्वामी । मू. ५.५०

५. राजस्थानी साहित्य संग्रह भाग १, (ग्र. २७), सम्पादक - श्रीनरोत्तमदास स्वामी । मू. २.२५

६. राजस्थानी साहित्य संग्रह भाग २, (ग्र. ५२) तीन ऐतिहासिक वार्ताएं—बगड़ावत, प्रतापसिंह म्होकमसिंह और वीरमदे सोनगिरा; सम्पादक - पुरुषोत्तमलाल मेनारिया । मू. २.७५

७. कवीन्द्र-कल्पलता, (ग्र. ३४), कवीन्द्राचार्य सरस्वती कृत; सम्पादिका - रानी लक्ष्मीकुमारी चूण्डावत । मू. २.००

८. जुगलविलास, (ग्र. ३२), कुशलगढ़ के महाराजा पृथ्वीसिंहजी अपरनाम कवि पीथल कृत; सम्पादिका - रानी लक्ष्मीकुमारी चूण्डावत । मू. १.७५

९. भगतमाळ, (ग्र. ४३), चारण ब्रह्मदास दादूपंथी कृत; सम्पादक - श्रीउदयराज उज्ज्वल । मू. १.७५

१०. राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची भाग १, (ग्र. ४२), ई. स. १९५६ तक संगृहीत ४००० ग्रंथों का वर्गीकृत सूचीपत्र; सम्पादक - मुनि जिनविजय, पुरातत्त्वाचार्य । मू. ७.५०

११. राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची, भाग २, (ग्र. ५१), ७८५५ तक के ग्रन्थों का सूची-पत्र; सम्पादक - श्रीगोपालनारायण बहुरा । मू. १२.००

१२. राजस्थानी हस्तलिखित-ग्रन्थसूची भाग १, (ग्र. ४४), मार्च १९५८ तक के ग्रंथों का विवरण; सम्पादक - मुनि जिनविजय, पुरातत्त्वाचार्य । मू. ४.५०

१३. राजस्थानी हस्तलिखित ग्रन्थसूची भाग २, (ग्र. ५८), १९५८-५९ के संगृहीत ग्रंथों का विवरण; सम्पादक - पुरुषोत्तमलाल मेनारिया । मू. २.७५

१४. स्व. पुरोहित हरिनारायणजी विद्याभूषण-ग्रंथ-संग्रह, (ग्र. ५५), सम्पादक - श्री गोपालनारायण बहुरा और श्रीलक्ष्मीनारायण गोस्वामी । मू. ६.२५

१५. मुंहता नैणसी री ख्यात भाग १, (ग्र.४८), मुंहता नैणसी कृत; सम्पादक - श्री० श्रीबदरीप्रसाद साकरिया । मू. ८.५०

...सी री ख्यात भाग २, (ग्र. ४९), संपा०-प्रा० श्रीबदरीप्रसाद साकरिया।
मू. ९.५०

...नं० री ख्यात भाग ३, ((ग्र. ७२), ,, मू. ८.००

सूरजप्रकास भाग १, (ग्र. ५६), चारण करणीदान कविया कृत; सम्पादक—श्रीसीताराम लाळस। मू. ८.००

१९. सूरजप्रकास भाग २, (ग्र. ५७); सम्पादक - श्रीसीताराम लाळस। मू. ९.५०

२०. ,, भाग ३, (ग्र. ५८); ,, ,, ,, मू. ९.७५

२१. नेहतरंग, (ग्र. ६३), बूंदी नरेश राव बुधसिंह हाड़ा कृत; सम्पादक - श्री रामप्रसाद दाधीच। मू. ४.००

२२. मत्स्य-प्रदेश की हिन्दी-साहित्य को देन, (ग्र. ६६), लेखक डॉ. मोतीलाल गुप्त; मू. ७.००

२३. राजस्थान में संस्कृत साहित्य की खोज, (ग्र.३१), अनु० श्रीब्रह्मदत्त त्रिवेदी, प्रोफ़ेसर एस.आर. भाण्डारकर द्वारा हस्तलिखित संस्कृत-ग्रंथों की खोज में मध्यप्रदेश व राजस्थान में (१९०५-६ ई०) में की गई खोज की रिपोर्ट का हिन्दी अनुवाद। मू. ३.००

२४. समदर्शी आचार्य हरिभद्र, (ग्र. ६८), लेखक—पं० सुखलालजी, हिन्दी अनुवादक—शान्तिलाल म. जैन। मू. ३.००

२५. वीरवांण, (ग्र. ३३), ढाढी बादर कृत; सम्पादिका—रानी लक्ष्मीकुमारी चूंडावत। मू. ४.५०

२६. वसन्त-विलास फागु, (ग्र. ३६); सम्पादक - एम. सी. मोदी। मू. ५.५०

२७. रुघमणीहरण, (ग्र. ७४), महाकवि सांयाजी झूला कृत; सम्पादक—पुरुषोत्तमलाल मेनारिया। मू. ३.५०

२८. बुद्धि-विलास, (ग्र. ७३), बखतराम साह कृत; सम्पादक—श्री पद्मधर पाठक। मू. ३.७५

२९. रघुवरजसप्रकास, (ग्र. ५०), चारण कवि किसनाजी आढ़ा कृत; सम्पादक—श्री सीताराम लाळस। मू. ८.२५

३०. संस्कृत व प्राकृत ग्रन्थों का सूचीपत्र भाग १ (ग्र. ७१), राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर संग्रह का स्वरित रोमन-लिपि में ४००० ग्रन्थों का सूचीपत्र, अंत में विशिष्ट ग्रन्थों के उद्धरण; सम्पादक—पद्मश्री मुनि जिनविजय पुरातत्त्वाचार्य। मू. ३७.५०

३१. संस्कृत व प्राकृत ग्रन्थों का सूचीपत्र भाग २ अ. (ग्र. ७७), सम्पादक—पद्मश्री मुनि जिनविजय पुरातत्त्वाचार्य। मू. ३४.५०

३२. सन्त कवि रज्जब—सम्प्रदाय और साहित्य (ग्र. ७६), लेखक—डॉ. व्रजलाल वर्मा। मू. ७.२५

३३. प्रतापरासो, (ग्र. ७५), जाचिक जीवण कृत, सम्पादक—डॉ. मोतीलाल गुप्त। मू. ६.७५

३४. भक्तमाल, (ग्र. ७८) राघोदास कृत, चतुरदास कृत टीका; सम्पादक—श्री अगरचन्द नाहटा। मू. ६.७५

३५. पश्चिमी भारत की यात्रा, (ग्र. ८०) कर्नल जेम्स टॉड कृत, अनु० श्री गोपालनारायण बहुरा, एम.ए. मू. २१.००

बांकीदास री ख्या
(सी री ख्यात भाग २, (ग्र. ४६), संपा०-आ० श्रीबदरीप्रसाद

वीरविनोद - '(ग्र. ७२), ''

सूरज सूर ` चारण करणीदान कवि

श्री

१६. स क - श्रीसीताराम

२० ''

र हाड़ा